जन-जन की वाणी...
हिन्दी दैनिक
# सोन वर्षा वाणी
रांची, औरंगाबाद एवं आरा से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
www.sonvarshavani.com
● रांची ● वर्ष -03 ● अंक - 94 ● शुक्रवार 17 मई 2024 ● रजि नं. - JHAHIN/2022/82776 ● पृष्ठ -12 ● मूल्य : 2 रुपये

## चाबहार पर अमेरिकी चेतावनी के बाद अलर्ट हुआ भारत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और ईरान के बीच चाबहार पोर्ट को लेकर डील हो गई है। इसके तहत पोर्ट का मैनेजमेंट अगले 10 साल तक संभालेगा। वहीं इस डील के बाद अमेरिका ने चेतावनी दी है कि ईरान के साथ कारोबार करते समय यह ध्यान रखना चाहिए कि प्रतिबंध भी लग सकते हैं। इसके साथ ही



अमेरिका ने संकेत दिया है कि 2018 में उसने भारत को ईरान से डील पर जो छूटें दी थीं, उन्हें वापस लिया जा सकता है। इसके तहत अमेरिका ने भारत को छूट दी थी कि वह चाबहार पोर्ट को तैयार कर सकता है और अफगानिस्तान तक रेलवे लाइन भी बना सकता है। सूत्रों के अनुसार अमेरिकी रुख को देखते हुए भारत अब संभलकर चल रहा है। भारत की कोशिश है कि प्रोर्ट के प्रोजेक्ट में कोई विवादित कंपनी शामिल न हो।

## अदालत में हो केस तो नहीं कर सकते अरेस्ट

● ईडी को सुप्रीम कोर्ट की नसीहत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यदि मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट के तहत दायर केस स्पेशल कोर्ट में विचाराधीन हो तो फिर ईडी बीच में किसी को गिरफ्तार नहीं कर सकती। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को यह अहम व्यवस्था दी। शीर्ष अदालत ने कहा कि यदि किसी पर मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगे हों और वह शख्स अदालत में पेश हुआ हो तो फिर केस चलने



के दौरान उसे अरेस्ट नहीं किया जा सकता। इस तरह शीर्ष अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तारी को लेकर एक नियमावली तय कर दी। इसे आगे के केसों के लिए नजीर माना जा सकता है। अदालत ने कहा कि यह जरूरी नहीं है कि पीएमएलए के तहत सेक्शन 45 के तहत सख्त दोहरे टेस्ट में खुद को सही साबित किया जाए। मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट के सेक्शन 45 का कहना है कि इस ऐक्ट के तहत सरकारी वकील को अधिकार है कि वह आरोपी की बेल अर्जी का विरोध कर सके। इसके लिए उसे एक मौका मिलता है।

## स्वाति से मारपीट के सवाल पर केजरीवाल ने साधी चुप्पी

● लखनऊ प्रेस कॉन्फ्रेंस में हुआ सवाल तो संजय सिंह ने दिया जवाब

**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने अखिलेश के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की। राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से बदलसूकी के सवाल पर उन्होंने जवाब नहीं दिया। मीडियाकर्मियों ने कई बार पूछा, लेकिन केजरीवाल चुप ही रहे। इस बीच, अखिलेश यादव ने माइक



अपनी ओर ले लिया। कहा- इस सवाल से भी ज्यादा जरूरी और बड़े मुद्दे हैं। वहीं, आप सांसद संजय सिंह ने कहा- पार्टी ने इस मामले पर रुख साफ कर दिया है। इस पर राजनीतिक खेल न खेला जाए।
गुरुवार को सपा कार्यालय में जब केजरीवाल प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे, उस वक्त उनकी कार में बिभव कुमार बैठे थे। स्वाति मालीवाल से मारपीट में बिभव का नाम चर्चा में आया था।

# एएपी के खिलाफ ईडी लेगी अब तक का सबसे बड़ा ऐक्शन

### सुप्रीम कोर्ट को बताया, केजरीवाल और पार्टी के खिलाफ दायर करेगी आरोप पत्र

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वह कथित उत्पाद शुल्क नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जल्द ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (एएपी) के खिलाफ अभियोजन शिकायत यानी आरोप पत्र दायर करेगा। ईडी की ओर से पेश होते हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ को बताया, हम अरविंद केजरीवाल और एएपी के खिलाफ चार्जशीट दायर करने जा रहे हैं। हम इसे जल्द ही दाखिल करेंगे। यह फिलहाल पाइपलाइन में है। केजरीवाल द्वारा अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान ईडी ने कोर्ट को इस बारे में जानकारी दी। वित्त वर्ष




2021-22 में दिल्ली सरकार की ओर से बनाई गई आबकारी नीति को लेकर ईडी और सीबीआई का दावा है कि इसमें भ्रष्टाचार हुआ। आरोप है कि विवादित नीति में शराब कारोबारियों को गलत तरीके से फायदा पहुंचाया गया और बदले में रिश्वत ली गई। ईडी का कहना है कि रिश्वत की रकम का सबसे ज्यादा फायदा आम आदमी पार्टी को मिला। आरोप है कि गोवा विधानसभा चुनाव में रिश्वत से मिली रकम का इस्तेमाल किया गया। यही वजह है कि ईडी आम आदमी पार्टी को भी आरोपी बनाने जा रही है।

# इंडिया गठबंधन की बनी सरकार तो टीएमसी बाहर से करेगी सपोर्ट

### लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले ममता बनर्जी ने खोले पत्ते

**कोलकाता (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव अभी चल रहे हैं। देश में किसकी सरकार बनेगी यह चार जून को नतीजे आने के बाद ही पता चलेगा। इससे पहले विपक्षी गठबंधन ने सरकार बनाने की योजनाओं पर बयान देना शुरू कर दिया है। टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो वह इस सरकार में शामिल नहीं होंगी बल्कि बाहर से उनकी पार्टी समर्थन करेगी। उल्लेखनीय है कि चौथे चरण के चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने कहा कि यदि इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो उनका पूरा सपोर्ट रहेगा। अब बुधवार को एक चुनावी रैली के दौरान ममता ने कहा कि उनकी पार्टी इंडिया गठबंधन के नेतृत्व को बाहर से पूरा समर्थन देगी ताकि बंगाल के लोगों को कोई परेशानी न आए। ममता बनर्जी ने कहा, हम इंडिया



गठबंधन को नेतृत्व प्रदान करेंगे और उन्हें बाहर से हर तरह से मदद करेंगे। हम ऐसी सरकार बनाएंगे ताकि बंगाल में हमारी मां-बहनों को कभी परेशानी न हो। जो लोग 100 दिन-रोजगार योजना में काम करते हैं, उन्हें दिक्कत ना हो और उनको समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। अपने बयान में उन्होंने टीएमसी के लिए इंडिया गठबंधन की अपनी परिभाषा साफ कर दी।

## पटना में लालू परिवार के पास 486 करोड़ की 43 बीघा जमीन!

### नीरज कुमार बोले-लैंड जब्त कर अनाथालय और वृद्धाश्रम बनाएंगे

**नालंदा (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के 'रण' में हर दिन नेताओं के बीच जुबानी जंग देखने को मिल रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने तेजस्वी यादव के 'जॉब शो' वाले बयान पर पलटवार करते हुए हमला बोला। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव को अपना 'लैंड शो' चलाना चाहिए। सिर्फ तेजस्वी ही नहीं बल्कि तरुण यादव के नाम पर भी जमीन है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि तरुण, धन्नू, दुर्गा और गौरी भारती कौन हैं। पटना में 43 बीघा जमीन होना कोई साधारण बात नहीं है, जिसकी कीमत 486 करोड़ रुपये है। नीरज कुमार कहा कि 2024 में जदयू की सरकार बनने के बाद इस जमीन को जब्त कर अनाथालय और वृद्धाश्रम बनाया जाएगा। लालू यादव का परिवार मौका मिलने पर कहीं से भी पैसे वसूल करते हैं। उनके पास दस्तावेज हैं और अगर तेजस्वी हिम्मत रखते हैं तो मानहानि का मुकदमा कर सकते हैं।

# एलएसी पर भारत के एक 'कदम' से थर्रा उठेगा चीन

14500 फीट की ऊंचाई पर दुश्मन को मिलेगा करारा जवाब

### माइनस 40 डिग्री तापमान में भी कायम रहेगी भारत की ताकत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर नजरें गड़ाए चीन की मंशा को नाकाम करने के लिए भारत ने अहम कदम उठाया है।

भारत ने दुनिया की दो सबसे ऊंची टैंक मरम्मत केंद्र को स्थापित किया है। भारत ने पूर्वी लद्दाख में 500 से अधिक टैंकों और पैदल सेना के लिए लड़ाकू वाहनों को भी तैनात किया है। भारतीय सेना ने चीन सीमा के पास न्योमा और डीबीओ सेक्टर में 14,500 फीट से अधिक की ऊंचाई पर दो बख्तरबंद वाहन रखरखाव और मरम्मत सुविधाएं स्थापित की है।

उल्लेखनीय है कि अप्रैल-मई 2020 में भारत और चीन के बीच गतिरोध शुरू होने के बाद पूर्वी लद्दाख में बड़ी संख्या में टैंक और बीएमपी लड़ाकू वाहनों के साथ-



साथ क्विक रिएक्शन फाइटिंग व्हीकल जैसे भारतीय निर्मित बख्तरबंद वाहनों को तैनात किया गया है। टैंक और पैदल सेना के लड़ाकू वाहनों को इन अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तैनात किया गया है।

## दुर्गम रास्तों पर भी नहीं रुकेगी भारतीय सेना

हाल ही में, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने बख्तरबंद लड़ाकू वाहनों (एएफवी) के लिए मध्यम रखरखाव (रीसेट) सुविधा का दौरा किया, जहां उन्होंने अद्वितीय रखरखाव सुविधा देखी। सेना के अधिकारियों ने कहा कि नई सुविधाएं टैंकों और पैदल सेना के लड़ाकू वाहनों की बेहतर सेवा क्षमता और मिशन विश्वसनीयता को बढ़ावा देती हैं। अधिकारियों ने कहा कि ये सुविधाएं ऊबड़-खाबड़ इलाकों और शून्य से 40 डिग्री नीचे तापमान वाले चुनौतीपूर्ण मौसम में भी लड़ाकू बेड़े को परिचालन के लिए तैयार रखती हैं। एएफवी के लिए विशेषज्ञ तकनीकी सहायता बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाने से परिचालन दक्षता और युद्ध की तैयारी के उच्च मानक प्राप्त हुए हैं। भारत और चीन पिछले चार वर्षों से पूर्वी लाख क्षेत्र में गतिरोध में लगे हुए हैं और उन्होंने क्षेत्र में सीमाओं के पास लगभग 50,000 सैनिकों को तैनात किया है। आक्रामकता के समय, चीन ने एलएसी पर बड़ी संख्या में पैदल सेना, लड़ाकू वाहन और टैंक तैनात किए हैं। भारतीय सेना ने बहुत तेजी से जवाब दिया और कुछ ही समय में, प्रतिद्वंद्वी का मुकाबला करने के लिए सी-17 परिवहन विमान में रेगिस्तान और विमानों से बख्तरबंद तत्वों का तैनात किया है।

# कोवीशील्ड के बाद अब कोवैक्सीन से भी खतरा!

● बीएचयू की रिसर्च में साइड इफेक्ट्स का किया जा रहा दावा ● स्टडी में सांस का इन्फेक्शन, ब्लड क्लॉटिंग के मामले दिखे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत बायोटेक की कोरोना वैक्सीन- कोवैक्सीन के भी साइड इफेक्ट्स हैं। यह बात इकोनॉमिक टाइम्स ने साइंस जर्नल स्प्रिंगरलिंक में पब्लिश हुई एक रिसर्च के हवाले से लिखी है। रिसर्च के मुताबिक, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (बीएचयू) में हुई स्टडी में हिस्सा लेने वाले लगभग एक तिहाई लोगों में कोवैक्सीन के साइड इफेक्ट्स देखे गए हैं। इन लोगों में सांस संबंधी इन्फेक्शन, ब्लड क्लॉटिंग और स्किन से जुड़ी बीमारियां देखी गईं। शोधकर्ताओं ने पाया कि टीनएजर्स, खास तौर पर किशोरियों और किसी भी एलर्जी का सामना कर रहे लोगों को कोवैक्सीन से खतरा है। हालांकि, कुछ दिन पहले कोवैक्सीन बनाने वाली कंपनी भारत बायोटेक ने कहा था कि उनकी बनाई




हुई वैक्सीन सुरक्षित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कोवैक्सीन के दो डोज लगवाए थे। स्टडी करने वाले शंख शुभ्रा चक्रवर्ती ने कहा, हमने उन लोगों का डेटा कलेक्ट किया जिन्हें वैक्सीन लगे एक साल हो गया था। 1,024 लोगों पर स्टडी हुई। इनमें से 635 किशोर और 291 वयस्क शामिल थे। स्टडी के मुताबिक, 304 (47.9 फीसदी) किशोरों और 124 (42.6 फीसदी) वयस्कों में सांस संबंधी इन्फेक्शन हो रहा है।

## रिसर्च में दावा-एस्ट्राजेनेका वैक्सीन से अब ब्लड क्लॉटिंग का खतरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ब्रिटिश-स्वीडिश फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका की कोविड-19 वैक्सीन से एक और गंभीर बीमारी के खतरे का पता चला है। रिसर्च में दावा किया गया है कि वैक्सीन के चलते थ्रॉम्बोसाइटोपेनिया और थ्रॉम्बोसिस हो सकते हैं। हालांकि, खून का थक्का जमाने वाला ये रेयर डिसऑर्डर (किसी-किसी में होने वाले) है, लेकिन खतरनाक हैं। रिसर्चर्स का ये भी कहना है कि यह कोई नया डिसऑर्डर नहीं है। एडेनोवायरस वेक्टर-आधारित ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका वैक्सीन लगाए जाने




के बाद एक नई बीमारी के रूप में उभरा। 2021 में कोरोना काल में एस्ट्राजेनेका के फॉर्मूले पर भारत में कोवीशील्ड और यूरोप में वैक्सजेवरिया वैक्सीन बनाई गई। रिसर्च में पाया गया कि खतरनाक ब्लड एंटीबॉडी प्लेटलेट फैक्टर 4 फीसदी खतरे के लिए जिम्मेदार है।

## विपक्ष ने हिंदुओं और मुसलमानों को लड़ाया, मैंने उनकी सच्चाई उजागर की

**लालगंज (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को विपक्ष पर नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया और कहा कि वह वोट बैंक की राजनीति करके हिंदुओं और मुसलमानों को लड़वा रहा है÷। पीएम मोदी ने उत्तर प्रदेश के लालगंज में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए कहा, देश के लोग अब जानते हैं कि वोट बैंक की राजनीति करके और हिंदुओं और मुसलमानों को लड़वाकर, आपने देश को 60 वर्षों से अधिक समय तक सांप्रदायिक आग में जलने दिया। आपने धर्मनिरपेक्षता का मुखौटा पहना था, लेकिन मोदी ने आपकी सच्चाई उजागर कर दी है। विपक्ष के



खिलाफ तीखा हमला बोलते हुए उन्होंने कहा, इंडिया गठबंधन पूरी तरह से तुष्टीकरण के दलदल में डूब गया है। समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेता हर दिन राम मंदिर को लेकर ओछी टिप्पणी कर रहे हैं। उन्होंने सीएए की सराहना करते हुए शरणार्थियों के लिए अच्छा बताया।

# दिल्ली, यूपी और बिहार में और प्रचंड होगी गर्मी!

### अब होगा 45 डिग्री वाला टॉर्चर, मौसम विभाग ने बताया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश और बिहार समेत पूरे उत्तर भारत में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। मई के 15 दिन गुजर चुके हैं और अब गर्मी अपने प्रचंड रूप में है। ज्यादातर इलाकों में लू भी चलने लगी है। खासतौर पर पूर्वी यूपी, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश जैसे इलाकों में गर्मी काफी ज्यादा है। कई इलाकों में तो तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंचने लगा है। गुरुवार को हरियाणा, राजस्थान, यूपी, दिल्ली समेत ज्यादातर राज्यों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के करीब है या उसके पार है लेकिन अभी राहत की भी कोई उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग ने गुरुवार को अपने अनुमान में बताया है कि अगले 3 दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस का इजाफा होगा। इसका अर्थ है कि कुछ ही दिनों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के करीब होगा। मौसम विभाग का कहना है कि महाराष्ट्र के विदर्भ, मध्य प्रदेश, राजस्थान, यूपी, बिहार जैसे इलाकों में तापमान 42 से 44 डिग्री सेल्सियस तक रहेगा। इसके अलावा गुजरात में भी तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होगी। यही नहीं इसमें जल्दी कोई बदलाव भी नहीं




आना है। साफ है कि मई महीने के दौरान छिटपुट बारिश भले हो जाए, लेकिन तापमान में ज्यादा गिरावट नहीं होगी और अगले कुछ दिनों तक लू और गर्मी की मार झेलनी ही होगी। अनुमान है कि अगले तीन दिनों में उत्तर पश्चिम भारत और गुजरात में 2 से 3 डिग्री तापमान बढ़ जाएगा। इसके अलावा मध्य भारत, पूर्वी भारत यानी ओडिशा, झारखंड और बंगाल जैसे राज्यों में तापमान 4 डिग्री तक बढ़ सकता है। महाराष्ट्र की भी कमोबेश ऐसी ही स्थिति होगी। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 5 दिनों तक इन इलाकों में लू चलेगी और गर्मी बनी रहेगी। बता दें कि मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि 31 मई तक मॉनसून केरल के तट पर पहुंच सकता है।

## रेप पीड़िताओं के 'टू फिंगर टेस्ट' पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यौन उत्पीड़न की शिकार महिलाओं के 'टू फिंगर टेस्ट' को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने मेघालय सरकार को इस पर पूरी तरह रोक लगाने के आदेश दिए हैं। कोर्ट में एक मामले की सुनवाई के दौरान इस बात पर निराशा व्यक्त की कि सुप्रीम कोर्ट की रोक के बाद भी बलात्कार के मामले में 'टू फिंगर टेस्ट' किया जा रहा है। कोर्ट ने इसे महिलाओं की निजता का हनन माना है।
'टू फिंगर टेस्ट' में बलात्कार पीड़िताओं के प्राइवेट पार्ट में दो उंगलियां डाली जाती हैं। इस प्रक्रिया से डॉक्टर यह पता लगाने की कोशिश करते हैं कि पीड़िता पहले से सेक्सुअली ऐक्टिव है या नहीं। इस टेस्ट के दौरान प्राइवेट पार्ट के बाहर एक पतली हाइमन की झिल्ली को जांचा जाता है, अगर हाइमन होता है तो माना जाता है कि है कि महिला सेक्सुअली ऐक्टिव नहीं है। अगर हाइमन में पहले से नुकसान पाया गया तो इससे महिला के सेक्सुअली ऐक्टिव होने की बात मानी जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने टू फिंगर टेस्ट पर 2013 में रोक लगाई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल और परसों झारखंड के चुनावी दौरे पर रहेंगे



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता, केंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह कल और परसों झारखंड के चुनावी दौरे पर रहेंगे। शाह 17 मई को सांसद और भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में रांची के चुटिया में रोड शो करेंगे। साथ ही लोगों से भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ के पक्ष में वोट देने की अपील करेंगे। वो 18 मई को बोकारो में जनसभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले शाह ने झारखंड में पहले और चौथे चरण के चुनाव से पहले खूंटी में जनसभा की थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व गृहमंत्री के झारखंड दौरे को लेकर प्रदेश भाजपा ने तैयारी शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री मोदी 19 मई को फिर झारखंड आएंगे। वह जमशेदपुर से भाजपा उम्मीदवार विद्युत वरण महतो के समर्थन में घाटशिला में जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री अब तक झारखंड में पांच चुनावी सभा व राजधानी रांची में रोड शो कर चुके हैं। उनकी चाईबासा, पलामू, गुमला, चतरा व गिरिडीह में चुनावी सभा हो चुकी है।

### झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता काम पर लौटे




**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता गुरुवार से अपने काम पर लौट आये हैं। यह जानकारी हाई कोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि बुधवार को जिस अधिवक्ता के खिलाफ कार्रवाई की गई थी, उसे डबल बेंच से राहत मिलने के बाद गुरुवार को हाई कोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन की बैठक हई। बैठक में निर्णय लिया गया कि पहले की तरह सभी अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित होंगे। हाई कोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन की अध्यक्ष ऋतु कुमार और महासचिव नवीन कुमार के संयुक्त हस्ताक्षर से पत्र जारी कर बैठक में लिये निर्णय की जानकारी हाई कोर्ट के अधिवक्ताओं को भी दे दी गयी है।

### मंत्री आलमगीर आलम को ईडी ने कोर्ट में किया पेश

**रांची।** टेंडर कमीशन घोटाले में गिरफ्तार ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को मेडिकल जांच के बाद गुरुवार को ईडी कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। पेशी के दौरान आलमगीर आलम जिंदाबाद के जमकर नारे लगे। कोर्ट में पेश करने के बाद ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने आलमगीर आलम को दस दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की अनुमति मांगी। इसका आलमगीर आलम के अधिवक्ता ने विरोध किया। इससे पूर्व ईडी ने दो दिनों की पूछताछ के बाद मंत्री आलमगीर आलम को बुधवार को गिरफ्तार किया था। उल्लेखनीय है कि ईडी ने बीते पांच मई को टेंडर कमीशन घोटाले में मंत्री आलमगीर के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर सहित अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने संजीव लाल के नौकर जहांगीर और बिल्डर मुन्ना सिंह के ठिकानों से कुल 35.23 करोड़ रुपये नकदी बरामद किये थे। इस मामले में ईडी ने कार्रवाई करते हुए पांच मई की देर रात को आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया था।

### हाई कोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब : महिला अपराध व रंगदारी के आरोपितों की जमानत रद्द करने को लेकर क्या हुई कार्रवाई



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में दुमका में स्पेनिश महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म एवं सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्ति जज (स्वर्गीय) एमवाई इकबाल के रांची स्थित जमीन की बाउंड्री वॉल तोड़कर जमीन पर कब्जे की कोशिश मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान लेकर गुरुवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार से पूछा है कि राज्य में जमीन कब्जा, महिला अपराध एवं रंगदारी के मामलों में लगातार लिप्त रहने वाले आरोपितों की जमानत रद्द करने को लेकर क्या कार्रवाई हुई है। इस संबंध में कोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने सरकार को एक चार्ट तैयार करने को कहा है, जिसमें आरोपितों की पहचान से संबंधित डाटा रहे, ताकि वह अगर दूसरी बार भी वे अपराध करते हुए पकड़े जाएं तो उनकी पहचान आसानी से हो सके। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि पिछले छह माह से झारखंड में भू माफियाओं के जमीन कब्जे, महिलाओं के खिलाफ अपराध एवं रंगदारी मांगने की घटना को लेकर दर्ज मामले में का डाटा एक होने का कारण यह है कि वही अपराधी बार-बार ऐसी घटनाओं को अंजाम देते हैं। सरकार का डाटा गलत नहीं है। सरकार की ओर से रांची में पिछले छह माह में उक्त तीनों मामलों में क्राइम का डाटा कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। वही बताया कि राज्य के अन्य जिलों के भू माफियाओ द्वारा जमीन कब्जे, महिलाओं के खिलाफ अपराध एवं रंगदारी मांगने की अपराध का डाटा अभी नही आ पाया है, जिस पर कोर्ट ने अगली सुनवाई में सभी जिलों में पिछले छह माह में भू माफियाओं द्वारा जमीन कब्जे, महिलाओं के खिलाफ अपराध एवं रंगदारी मांगने की घटना को लेकर दर्ज केस के बारे में जानकारी मांगी है।

### आयुक्त ने पोस्टल बैलेट से किया मतदान

**रांची।** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा एवं आयुक्त के सचिव बासुदेव प्रसाद ने प्रमंडलीय प्रशिक्षण संस्थान जबरा हजारीबाग में गुरुवार को पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना मतदान किया। आयुक्त ने कहा कि पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान प्रक्रिया में जुड़े मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने का एक और सरल और सुरक्षित तरीका प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि इस अद्भुत पहल के माध्यम से नागरिकों को उनके मताधिकार का प्रयोग करने में सामर्थ्य प्राप्त होती है और लोकतंत्र को मजबूती से गति मिलती है। आयुक्त ने कहा कि पोस्टल बैलेट नागरिकों के मताधिकारों को संरक्षित करने और उनके सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि चुनाव आयोग ने सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर पाए इसलिए हर उचित व्यवस्थाएं की है। अतः हजारीबाग, कोडरमा एवं चतरा के सभी मतदाता अपने घरों से निकलें और 20 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

# झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम छह दिनों के लिए ईडी की रिमांड पर



**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय( ईडी) ने टेंडर कमीशन घोटाले में गिरफ्तार ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को मेडिकल जांच के बाद गुरुवार को कोर्ट में पेश किया । ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में पेश करने के बाद ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने आलमगीर आलम को दस दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की कोर्ट से अनुमति मांगी। इसका आलमगीर आलम के अधिवक्ता ने विरोध किया। इसके बाद अदालत ने छह दिनों की रिमांड की मंजूरी दी। अदालत ने मंत्री आलमगीर आलम को गुरुवार को न्यायिक हिरासत में होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार ( जेल) भेज दिया । ईडी आलमगीर आलम को शुक्रवार से रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरु करेगी। यह जानकारी ईडी के अधिवक्ता ने दी। पेशी के दौरान कोर्ट परिसर में कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। काफी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी । पेशी के दौरान कोर्ट परिसर में आलमगीर आलम जिंदाबाद के जमकर नारे लगे। इससे पूर्व ईडी ने दो दिनों की पूछताछ के बाद मंत्री आलमगीर आलम को बुधवार को गिरफ्तार किया था। उल्लेखनीय है कि ईडी ने बीते पांच मई को टेंडर कमीशन घोटाले में मंत्री आलमगीर के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर सहित अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने संजीव लाल के नौकर जहांगीर और बिल्डर मुन्ना सिंह के ठिकानों से कुल 35.23 करोड़ रुपये नकदी बरामद किये थे। इस मामले में ईडी ने कार्रवाई करते हुए पांच मई की देर रात को आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर आलम को गिरफ्तार किया था।

### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज और कल झारखंड के चुनावी दौरे पर रहेंगे



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता, केंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह आज और कल झारखंड के चुनावी दौरे पर रहेंगे। शाह 17 मई को सांसद और भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में रांची के चुटिया में रोड शो करेंगे। साथ ही लोगों से भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ के पक्ष में वोट देने की अपील करेंगे। वो 18 मई को बोकारो में जनसभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले शाह ने झारखंड में पहले और चौथे चरण के चुनाव से पहले खूंटी में जनसभा की थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व गृहमंत्री के झारखंड दौरे को लेकर प्रदेश भाजपा ने तैयारी शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री मोदी 19 मई को फिर झारखंड आएंगे। वह जमशेदपुर से भाजपा उम्मीदवार विद्युत वरण महतो के समर्थन में घाटशिला में जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री अब तक झारखंड में पांच चुनावी सभा व राजधानी रांची में रोड शो कर चुके हैं। उनकी चाईबासा, पलामू, गुमला, चतरा व गिरिडीह में चुनावी सभा हो चुकी है।

## देश में लैंड जिहाद का सबसे बड़ा केंद्र है झारखंड : अरुण सिंह




**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद अरुण सिंह ने कहा कि झारखंड में तुष्टीकरण का खेल चल रहा है। संताल परगना मैं लैंड जिहाद चल रहा है। बांग्लादेशी आते हैं और आदिवासी लड़कियों से शादी करते हैं। शादी करने के बाद उनकी जमीन हड़पते हैं। जमीन हड़पने के बाद लड़की की हत्या कर देते हैं, लेकिन सरकार उन पर कार्रवाई नहीं करती क्योंकि तुष्टिकरण के मार्ग पर सरकार चल रही है। लैंड जिहाद का सबसे बड़ा उदाहरण देश में झारखंड में देखने को मिल रहा है। अरुण सिंह गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड में इंडी गठबंधन की सरकार है। यहां भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण चरम पर है। भ्रष्टाचार में मंत्री आलमगीर को गिरफ्तार किया गया है। पूरे देशवासियों ने देखा कि उनके सहयोगी और नौकर के पास 38 करोड़ रुपये मिले हैं तो कल्पना कीजिए कि उनके पास कितने सौ करोड़ होंगे। इसके बाद भी अभी तक आलमगीर आलम ने इस्तीफा नहीं दिया है। तुष्टीकरण के कारण इनसे अभी तक इस्तीफा नहीं लिया गया है, जो कठोर कार्रवाई राज्य सरकार को करनी चाहिए, वह अभी तक नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि ये वही आलमगीर आलम है, जिन्होंने कोविड के समय लॉकडाउन में तब्लीग़ी जमात के लोगों को जमा करके कोविड के नियमों को तोड़ते हुए अलग-अलग स्थान और बंगाल भेजने का काम किया था। सिंह ने कहा कि लैंड माफिया, सेंड माफिया, स्टोन माफिया, लीकर माफिया झारखंड सरकार को चला रहे हैं। सरकार अनाप-शनाप पैसा इनसे ले रही है। इसी का नतीजा है कि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अभी जेल में है। मंत्री जेल में है। दो दो आईएएस अधिकारी भी जेल में है। उन्होंने जेएमएम, कांग्रेस, राजद गठबंधन की सरकार हमेशा लूटने का काम करती है। इसलिए झारखंड पीछे जा चुका है। उन्होंने कहा कि जब यूपीए की सरकार थी, तब 12 लाख करोड़ रुपये का घोटाला हुआ था। उन्होंने कहा कि भाजपा ने घोषणा की है कि सरकार आने के बाद यूसीसी को लागू करेंगे। वन नेशन-वन इलेक्शन की ओर भी बढ़ेंगे। सीएए को पूरे देश में लागू करेंगे। गरीबों के लिए तीन करोड़ और मकान बनेगा।

## आलमगीर आलम ने विधानसभा में सैकड़ों कर्मियों को अवैध रूप से नियुक्त किया : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को कहा कि राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने विधानसभा में सैकड़ों कर्मियों को अवैध रूप से नियुक्त किया। गरीब युवाओं के हक की नौकरी नेताओं की पैरवी पर बांटी गयी। पैसे के लेनदेन की सीडी सामने आयी है। बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है कि मामला प्रकाश में आने पर विक्रमादित्य आयोग का गठन कर जांच की गयी, जिसमें आलमगीर आलम पर लगे आरोप प्रमाणित भी हुए। इसके बाद जो हुआ वह युवाओं को जानना और समझना बेहद जरूरी है। उन्होंने हेमंत सरकार के कामकाज पर सवाल उठाते हुए लिखा है कि मुख्यमंत्री बनने के बाद युवा विरोधी हेमंत सोरेन ने विक्रमादित्य आयोग की रिपोर्ट पर कार्रवाई करने की बजाय उसकी समीक्षा के लिए एक और आयोग का गठन कर दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने लिखा कि दरअसल, कांग्रेस झामुमो वाले नहीं चाहते कि नियुक्ति घोटाला की सच्चाई सामने आये और झारखंड के युवाओं को न्याय मिले। बाबूलाल ने आगे लिखा कि राजशाही खानदान में पैदा हुए और ऐशो-आराम में पले बढ़े हेमंत सोरेन झारखंड के गरीब युवाओं का संघर्ष कभी नहीं समझ पायेंगे। इन्होंने युवाओं का इस्तेमाल सिर्फ सत्ता हासिल करने के लिए किया है। अब युवाओं के पास मौका है। इन भ्रष्टाचारियों को सत्ता से बेदखल कर अपने साथ हुए विश्वासघात का बदला जरूर लें। उल्लेखनीय है कि ईडी ने झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को बुधवार को छह घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले भी ईडी ने आलमगीर आलम से नौ घंटे तक पूछताछ की थी। इस दौरान ईडी ने मंत्री से उनके पीएस संजीव लाल के नौकर जहांगीर के घर से बरामद 35.32 करोड़ कैश के बारे में पूछताछ की। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने के बाद ईडी ने दूसरे दिन यानी बुधवार को पूछताछ के लिए बुलाया। पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। आलमगीर आलम की गिरफ्तारी टेंडर कमीशन घोटाला मामले में की गयी है।

## हाई कोर्ट में विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले में राज्य सरकार और विधानसभा ने सौंपी सीलबंद रिपोर्ट




**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में विधानसभा में नियुक्ति में गड़बड़ी मामले में शिव शंकर शर्मा जनहित याचिका पर सुनवाई गुरुवार को हुई। मामले में राज्य सरकार और विधानसभा की ओर से सीलबंद रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की गई, जिस पर सुनवाई के लिए कोर्ट ने 11 जून की तिथि निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार और झारखंड विधानसभा से पूछा था कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट में क्या त्रुटियां थीं, जिसके कारण दूसरा आयोग बनानी पड़ा था। सुनवाई के दौरान गवर्नर की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि चूंकि इस मामले में विधानसभा कार्यालय की संलिप्तता थी। इसलिए हाई कोर्ट को पत्र लिखा गया था। इसके बाद लोकनाथ प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमेटी बनी थी, उनके इस्तीफा के बाद जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमेटी बनी थी। इस कमेटी के बाद एसजे मुखोपाध्याय आयोग बनाने के संबंध में गवर्नर को कोई जानकारी नहीं दी गई थी और न ही इस आयोग को बनाने में राज्यपाल का अप्रूवल था। राज्य सरकार की ओर से कोर्ट में जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद एवं एसजे मुखोपाध्याय आयोग रिपोर्ट सीलबंद प्रस्तुत किया जा चुका है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की ओर से पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया था कि मामले की जांच को लेकर पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमीशन बनी थी, जिसने मामले की जांच कर राज्यपाल को वर्ष 2018 में रिपोर्ट सौंपी गई थी, जिसके आधार पर राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को एक्शन लेने का निर्देश दिया था, लेकिन वर्ष 2021 के बाद से अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है। राज्यपाल के दिशा-निर्देश के बावजूद भी विधानसभा अध्यक्ष की ओर से इस मामले को लंबा खींचा जा रहा है।

### शराब के साथ दो आरोपित गिरफ्तार



**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रांची रेलवे स्टेशन से शराब के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में अंकित आनंद और अमित कुमार शामिल है। दोनों बिहार के खगड़िया के रहनेवाले है। इनके पास से 24 शराब की बोतल बरामद की गई है। बरामद शराब का बाजार मूल्य 17 हजार 700 रुपये है। गुरुवार को आरपीएफ ने बताया कि ऑपरेशन सतर्क के तहत आरपीएफ फ्लाइंग टीम और अपराध शाखा ने रांची रेलवे स्टेशन पर चेकिंग की। चेकिंग के दौरान दो लोगों को संदिग्ध अवस्था में खड़े देखा। उन्हें हिरासत में लेकर उनके बैग की जांच की । इस दौरान शराब बरामद किया गया।

### हाई कोर्ट ने बहुमंजिला इमारतों में वाटर हार्वेस्टिंग की जांच को लेकर बनाई छह अधिवक्ताओं की कमेटी




**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में रांची के जलस्त्रोतों के संरक्षण एवं रांची के तीन डैम की साफ सफाई और उसे अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर कोर्ट के स्वत संज्ञान की सुनवाई गुरुवार को हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट में रांची के बहुमंजिला इमारतों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जांच के लिए छह अधिवक्ताओं की कमेटी बनाई है। अधिवक्ताओं की यह कमेटी रांची नगर निगम के तीन अभियंताओं के साथ मिलकर इसकी जांच करेगी की जिन बहुमंजिला इमारतो में रेनवाटर हार्वेस्टिंग लगे होने का दावा रांची नगर निगम कर रही है, वह मेंटेन होता है या नहीं। रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम चालू हालत में है या नहीं। अधिवक्ताओं की कमेटी इसकी जांच कर कोर्ट को रिपोर्ट सौंपेगी। पिछली सुनवाई में रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने कोर्ट को बताया गया था कि राजधानी रांची के 710 बहुमंजिला इमारतों में से 648 बहुमंजिला इमारतों में वाटर हार्वेस्टिंग किया जा चुका है। जिस पर कोर्ट ने उनसे पूछा था कि जिन बहुमंजिला इमारतों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बना है। वह मेंटेन होता है या नहीं। कोर्ट ने यह भी पूछा था कि पुनदाग, कटहल मोड आदि इलाकों में बहुमंजिला इमारतों एवं अन्य भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग की गई है या नहीं।

## ईडी का खुलासा : विभाग के प्रत्येक टेंडर में आलमगीर आलम टेंडर राशि का 1.5 प्रतिशत वसूलते थे कमीशन



**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को कोर्ट में पेश कर ईडी ने रिमांड के लिए दिये गये आवेदन में टेंडर प्रक्रिया में अनियमितता में मंत्री की संलिप्तता की जानकारी कोर्ट को दी है। ईडी ने गुरुवार को कोर्ट को बताया कि इस केस से जुड़े गवाहों के बयान और अलग-अलग दिनों में हुई छापेमारी में मिले सबूत यह बताते हैं कि आलमगीर आलम की भूमिका महत्वपूर्ण और निर्णायक है। इसके अलावा टेंडर के कमीशन की आय को संगठित तरीके से एकत्र और वितरित किया जाता है और उसमें सबको हिस्सा दिया जाता है। पिछले दिनों रांची में संजीव लाल और जहांगीर के ठिकानों से बरामद किये गये 35.23 करोड़ आलमगीर आलम के ही हैं। ईडी को अब तक हुई जांच के दौरान यह पता चला है कि कमीशन के संग्रह और वितरण की पूरी प्रक्रिया ग्रामीण विकास विशेष प्रभाग और ग्रामीण कार्य विभाग में तैनात सहायक इंजीनियरों ने की थी। इसके अलावा ईडी ने कोर्ट को बताया कि ग्रामीण विकास विभाग के प्रत्येक टेंडर में आलमगीर आलम टेंडर राशि का 1.5 प्रतिशत वसूलते थे। कमीशन की राशि विभाग के सहायक अभियंता मंत्री तक पहुंचाते थे। एक मामले में यह भी पाया गया कि आलमगीर आलम को अपने हिस्से का तीन करोड़ रुपये का कमीशन मिला था, जो एक इंजीनियर द्वारा भेजा गया था । यह पैसा सितंबर 2022 में आलमगीर आलम को कैश मिला था। यह जानकारी इसी केस में जेल में बंद निलंबित इंजीनियर इन चीफ वीरेंद्र राम ने ईडी को दी है। अनुसंधान के क्रम में ही ईडी ने पिछले दिनों मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल सहित अन्य सहयोगियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। ईडी ने कोर्ट को बताया कि मंत्री आलमगीर आलम के कमीशन के रुपयों की देखभाल पीएस संजीव लाल करते थे। इसी उद्देश्य से उन्होंने 32.2 करोड़ रुपये अपने नौकर जहांगीर आलम के हरमू रोड स्थित सर सैय्यद अपार्टमेंट में रखा था। ईडी ने कोर्ट को बताया है कि इस पूरे मामले में अनुसंधान जारी है। अनुसंधान में मिले जानकारी के लिए मंत्री आलमगीर आलम से पूछताछ की जरूरत है। इसी को आधार बनाकर ईडी ने दस दिनों तक रिमांड पर पूछताछ की अनुमति मांगी थी, इस पर ईडी को केवल छह दिनों तक पूछताछ की अनुमति मिली है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने बीते पांच मई को टेंडर कमीशन घोटाले में मंत्री आलमगीर के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर सहित अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने संजीव लाल के नौकर जहांगीर और बिल्डर मुन्ना सिंह के ठिकानों से कुल 35.23 करोड़ रुपये नकदी बरामद किये थे। इस मामले में ईडी ने कार्रवाई करते हुए पांच मई की देर रात को आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया था।

# अधिकारी सौंपे गए दायित्वों को जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करें: जिला निर्वाचन पदाधिकारी

**लातेहार।** लोकसभा आम चुनाव, 2024 के निमित्त लातेहार जिला में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने हेतु टाउन हॉल, लातेहार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती गरिमा सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री अंजनी अंजन के द्वारा संयुक्त रूप से सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को ब्रीफिंग किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती गरिमा सिंह ने लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने को लेकर सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को अपने कर्तव्य, ईवीएम प्राप्त करने, मतदान समापन पश्चात ईवीएम स्ट्रांग रूम तक सुरक्षित पहुंचाने से संबंधित आवश्यक जानकारियां साझा की। सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को चुनाव के पूर्व, चुनाव के एक दिन पहले और चुनाव के दिन के कार्यों की जानकारी दी गई। आगे उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान आपके



द्वारा की गई एक चूक या कार्यों से संबंधित अपर्याप्त ज्ञान मतदान केंद्रों पर होने वाले मतदान प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है। इसलिए आप सभी बेहद संजीदगी के साथ ब्रीफिंग में दी गई जानकारी को समझ लें। इस दौरान कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक श्री अंजनी अंजन ने लोकसभा चुनाव हेतु प्रतिनियुक्त पुलिस बल को सुरक्षित मूवमेंट प्लान ,मतदान केंद्रों में विधि व्यवस्था संधारण, मतदान समापन पश्चात ईवीएम स्ट्रांग रूम तक सुरक्षित पहुंचाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को मतदान केंद्र तक कैसे पहुंचना है, ईवीएम मशीन को किस तरह से ले जाना है और फिर कैसे सुरक्षित उसे स्ट्रांग रूम तक पहुंचना है इन तमाम बातों की जानकारी दी गई। आगे उन्होंने कहा कि लातेहार के कुछ क्षेत्र नक्सल प्रभावित है, ऐसे में उन्हें बूथ तक जाने और मतदान खत्म होने तक तमाम तरह के सुरक्षा नियमों का पालन करने को कहा गया है। सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पधिकारियों को लोकसभा की निर्वाचन प्रक्रिया, महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। ब्रीफिंग में सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पधिकारियों के निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान दायित्वों और जिम्मेदारियां से अवगत कराया।

इसके अलावे सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पधिकारियों के सभी सवालों के जवाब भी दिये गए। इस दौरान उप विकास आयुक्त श्री सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता श्री रामा रविदास, भू अर्जन पदाधिकारी श्री राजेश कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती मेरी मड़की, कार्मिक कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी श्री उदय कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्री श्रेयांश, डीएसपी मुख्यालय श्री संजीव कुमार मिश्र, सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी , अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### पिछले दस साल की एक भी उपलब्धि बताएं सांसद विद्युत : सुधीर कुमार पप्पू

**सपने बेच रहे हैं मोदी, हकीकत में बदहाल है देश**



**जमशेदपुर।** शहर के वरीय अधिवक्ता एवं समाजवादी विचारक सुधीर कुमार पप्पू ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विद्युत बरण महती से सवाल किया है कि वह पिछले 10 साल से सांसद है। एक उल्लेखनीय उपलब्धि उनके नाम नहीं है । वह असफल सांसद हैं और केवल दिन रात मोदी का नाम जपते रहते हैं। नरेंद्र मोदी देश में केवल सपने बेच रहे हैं और 5 किलो राशन की एवज में वोट की गारंटी चाहते हैं। उनकी सारी योजनाएं पूंजी पतियों के हित में है। देश में 20 करोड़ से ज्यादा युवा बेरोजगार हैं और अग्नि वीर योजना के माध्यम से 25 साल के युवा को रिटायर कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर में विभिन्न राज्यों से आए लोग रहते हैं और उनके गंतव्य तक सीधी रेल सेवा नहीं दिलवा सके हैं। बिहार, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ पश्चिम बंगाल, पंजाब से आए लोगों को यहां जाति प्रमाण पत्र नहीं मिलता है डोमिसाइल नहीं मिलता है। एक अच्छा सरकारी अस्पताल नहीं है। टीएमएच जैसे निजी अस्पताल में आयुष्मान कार्ड का लाभ नहीं मिलता है। अपने प्रयास से उन्होंने शहर में एक भी अच्छा डिग्री कॉलेज अथवा स्कूल नहीं खुलवाया है। 10 साल से एयरपोर्ट का माला जप रहे हैं धरातल पर कहीं नहीं है। इसी प्रकार से 17 सालों तक शहर की जनता को प्रदेश की बीजेपी सरकार ईस्ट और वेस्ट कॉरिडोर के नाम पर सपना बेचती रही है। दुर्भाग्य है शहर में एक भी फ्लाईओवर नहीं है। झारखंड की भाजपा सरकार यही कहती रही कि जमशेदपुर को एजुकेशन हब बनाएंगे। इंटर के बाद बच्चों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा लेकिन वास्तविक स्थिति क्या है। जो नए विश्वविद्यालय हैं उसमें उच्च स्तरीय टीचिंग स्टाफ नहीं है। वहां शिक्षा की दुकान खुली हुई है। सांसद महोदय खामोशी की चादर ओढ़े रहते हैं। कॉविड के दौरान शहर में दिखे भी नहीं थे। 10 साल में काम किए रहते तो राम मंदिर और मोदी का नाम जपना नहीं पड़ता और लोग खुद आगे बढ़कर उनके पक्ष में वोट डालते। जबकि राज्य को शहर के दो बड़े नेता रघुवर दास एवं अर्जुन मुंडा मुख्यमंत्री केंद्रीय मंत्री के रूप में मिलने के बावजूद भी जिला सफेद हाथी साबित रहा

### बर्मामाइंस में भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया डोर-टू-डोर अभियान, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुलवंत सिंह बंटी ने लोगों के बीच बांटे पंपलेट



**जमशेदपुर** : जमशेदपुर के बर्मामाइंस मंडल ने गुरुवार को फिर से लोगों के बीच जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया. यह कैंपेन प्रदेश कार्य समिति सदस्य कुलवंत सिंह बंटी और मंडल अध्यक्ष दीपक झा के नेतृत्व में चलाया गया. कैंपेन की शुरुआत बर्मामाइंस के लक्ष्मीनगर से शुरू होकर बजरंगी नगर बस्ती में समाप्त हुई. इस दौरान भाजपा के कार्यकर्ताओं की मुख्य भूमिका रही. जनसंपर्क अभियान में पीएम की उपलब्धियों को लोगों के बीच साझा किया गया. वहीं कुलवंत सिंह बंटी ने भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो के पक्ष में वोट देने की अपील के साथ साथ नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने की बात कही गयी. अभियान में भाजपा कार्यकर्ताओं ने डोर टू डोर जाकर लोगों के बीच प्रचार सामग्री और पम्पलेट बाटा गया. कैंपेन में प्रदेश कार्य समिति सदस्य कुलवंत सिंह बंटी, मंडल अध्यक्ष दीपक झा के अलावा संयोजक मिथिलेश सिंह यादव, वरिष्ठ भाजपा गुरू गोविंद सिंह आजाद, विपिन सिंह, दीपक झा, सूरज सिंह, राजीव कुमार मिश्रा, विराट कुमार, राकेश राय, राकेश चौधरी, मनोज राय, विनोद चंद्रा, सीमा मिश्रा, राखी देवी, सीता देवी, राधा देवी, कनकलता, कौशल्या देवी प्रधान, धन्नजय पाण्डेय, लक्ष्मीकान्त तिवारी, मुकेश अग्रवाल, प्रवीण कुमार, शशि रंजन दयाल, प्रदीप गुप्ता, दिलीप भगत समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

### दो महान कवि रविन्द्रनाथ टैगोर व काजी नजरुल इस्लाम की जयंती के उपलक्ष्य में सामाजिक संस्था 'बंग बंधु' की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन




**जमशेदपुर।** जमशेदपुर मे बंगला के दो महान कवि रविन्द्रनाथ टैगोर व काजी नजरुल इस्लाम की जयंती के उपलक्ष्य में सामाजिक संस्था 'बंग बंधु' की ओर से बिष्टुपुर मिलानी हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मौके पर संस्था के कई कलाकारों ने रविन्द्र संगीत, नजरुल गीत सहित नृत्य प्रस्तुत किया. आयोजन में नवगठित कमिटी का विस्तार तथा उन सदस्यों का अभिनंदन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की अध्यक्ष अपर्णा गुहा ने किया, उन्होंने कहा की वर्तमान में पूरे राज्य के लोग अब बंग बंधु के साथ जुड़ रहे हैं. उन्होंने बताया कि भविष्य में संस्था की महिला व युवा कमिटी का गठन अलग से होगा तथा सभी बंगीय संस्थाओं को एक मंच पर लाकर एकजुट किया जाएगा. वहीं मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने राज्य में बंगला एकेडमी बनाने का आश्वासन देते हुए कहा कि आगामी जून माह में राज्य के प्राइमरी स्कूलों में बंगला, ओडिय़ा व जनजातीय भाषा के शिक्षकों की बहाली शुरु होगी. सरकार शिक्षा के क्षेत्र में कई विकास की योजनाएं तैयार की है, जो अन्य राज्यों के लिये अनुकरणीय होगा.

## चतरा लोकसभा: 20 मई को मतदान के लिये पांकी विधानसभा में 9 बूथ रीलोकेट

**पलामू।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिये 20 मई को मतदान होना है।इस चुनाव में अधिकाधिक मतदान हो इसे लेकर स्वीप अंतर्गत विभिन्न तरह के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं वहीं अन्य स्तर पर कई तरह के निर्णय भी लिए जा रहे हैं।इसी क्रम में पांकी विधानसभा अंतर्गत सुरक्षा के दृष्टिकोण से 9 मतदान केंद्रों में बदलाव किया गया है जिसकी सूची निम्न है ।

**बूथ नोः 35**- उ0रा0म0वि0 अपटी को , **34**- न्यू0प्रा0वि0 मिटार (सोहे में स्थित) में रिलोकेट किया गया है इसी तरह **203**-रा0उ0म0वि0 बिहरा को **202**- उ0म0वि0 सालमदीरी में रिलोकेट किया गया है।वहीं **204**-उ0म0वि0 बघमरी जीरो बूथ को बदलकर **202**- उ0म0वि0 सालमदीरी में बनाया गया है।इसी तरह बूथ 207 रा0म0वि0 होटाई को बदलकर **209**- उ0म0वि0 बनई में रिलोकेट किया गया है। वहीं **208**- रा0उ0म0वि0 भवरदह को बदलकर **209**- उ0म0वि0 बनई में रिलोकेट किया गया है।**बूथ नोः225**- उ0म0वि0 गोगाड़ को **223**-रा0उ0उर्दू म0वि0, हुरलौंग,पूर्वी भाग में रिलोकेट किया गया है।बूथ नोः**321** उ0म0वि0 आबून को **322**-उ0म0वि0 जान्जो में रिलोकेट किया गया है।**बूथ नोः 323**-रा0उ0म0वि0 **गरिहारा को 324**-उ0म0वि0 जोलहबिगहा में रिलोकेट किया गया है।इसी तरह **326**-उ0म0वि0 केकरगढ़ को , **324**-उ0म0वि0 जोलहबिगहा में रिलोकेट किया गया है।

## फोरलेन निर्माण से संबंधित हुई समीक्षात्मक बैठक

**गढ़वा।** NH-75 (SEC-V) खजुरी से विढ़मगंज पथ चौड़ीकरण और फोरलेन निर्माण समेत अन्य सड़क निर्माण योजना से संबंधित समीक्षात्मक बैठक।समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में NH-75 (SEC-V) खजुरी से विढ़मगंज पथ चौड़ीकरण , फोरलेन निर्माण योजना समेत अन्य सड़क निर्माण योजना से संबंधित समीक्षात्मक बैठक किया गया। बैठक में मुख्य रूप से सड़क चौड़ीकरण कार्य को लेकर भूअर्जन, मुआवजा भुगतान, एलपीसी निर्गत, सत्यापन रिपोर्ट समेत अन्य की बिंदुवार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर ससमय कार्यों को करने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कमर्चारियों को उक्त कार्यों से जुड़े किसी भी मामले को अपने स्तर से लंबित न रखने का निर्देश दिया। वहीं भूमि अधिग्रहण के पश्चात मुआवजा भुगतान की कार्रवाई भी ससमय करने का निर्देश दिया। जिससे योजनाओं का संचालन सरलता



पूर्वक किया जा सके। वहीं गढ़वा से चिनियां तक होने वाले सड़क चौड़ीकरण की भी उपायुक्त ने समीक्षा किया। जिला भू अर्जन कार्यालय द्वारा अवगत कराया गया कि मामले में मुआवजा भुगतान समेत अग्रेतर कार्रवाई को लेकर विभाग से पत्राचार किया गया है। जल्द हीं सेक्शन 19 के पश्चात मुआवजा भुगतान समेत अन्य कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। उपायुक्त ने आपस में समन्वय स्थापित कर कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का निर्देश दिया। जिससे तय समय पर सड़कों का निर्माण एवं चौड़ीकरण कराया जा सके। इस बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्त्ता मतियस विजय टोप्पो, जिला भू-अर्जन पदा० संजय प्रजाद, परियोजना निदेशक, एन०एच०ए०आई०, मेदिनीनगर, अंचल अधिकारी, गढ़वा और मेराल एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## स्काई ब्लू शर्ट और कार्बन ब्लू पैंट में दिखेंगे कर्मचारी, आज व्हीकल फैक्ट्री में बांटा जायेगा ड्रेस

**वरीय संवाददाता, जमशेदपुर।** . टाटा मोटर्स के सभी ब्लू-कॉलर कर्मचारियों को नयी ड्रेस मिलेगी. कंपनी के लगभग 8200 कर्मचारियों को तीन नयी ड्रेस मिलेगी. ड्रेस का कलर बदल दिया गया है. अब कर्मचारियों को स्काई ब्लू शर्ट और कार्बन ब्लू पैंट मिलेगा. जिसका लुक पहले से काफी अच्छा है. इस संबंध में टाटा मोटर्स प्रबंधन ने सर्कुलर जारी कर दिया. टाटा मोटर्स प्रबंधन और टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के बीच तय समझौते के तहत कर्मचारियों को डेढ़ साल में तीन शर्ट, तीन पैंट और तीन साल में दो जैकेट देने का समझौता है. इसी के तहत कर्मचारियों के बीच ड्रेस बांटा जाता है. गुरुवार 16 मई से 15 जून तक कर्मचारियों के बीच ड्रेस का वितरण विभागवार किया जायेगा. गुरुवार को व्हीकल फैक्ट्री, 17 मई से 22 मई तक बीआइडब्लू, ट्रिम फैक्ट्री, सीपीएस फैक्ट्री, 23 से 29 मई तक एक्सल फैक्ट्री, ट्रांसमिशन




फैक्ट्री, एचटी, 30 मई से 4 जून तक फेम फैक्ट्री, 5 जून से 10 जून तक फाउंड्री, इंजन, क्यूए, मेडिकल सर्विस, सीटीआर एंड एमबी एमएफजी, इआरसी जमशेदपुर, व्हीकल प्रिपरेशन एंड डिस्पैच, फाइनल, सेंट्रल प्लानिंग, ग्रोथ शॉप, लीगल सर्विसेस, प्लांट इंजीयरिंग, टेक्नीकल सर्विसेंस,हाउस कीपिंग, 11 जून से 15 जून तक बाकी विभागों में ड्रेस का वितरण किया जायेगा.आज से एक शिफ्ट चलेगा असेंबली लाइन वन टाटा मोटर्स में असेंबली लाइन वन गुरुवार से एक शिफ्ट में चलेगा. लगभग एक सौ वाहन बनाने का लक्ष्य रखा गया है. अभी दो शिफ्ट में कामकाज हो रहा था. वर्ल्ड ट्रक जबकि दो शिफ्ट चलेगा. लाइन एक शिफ्ट चलने से बाइ सिक्स कर्मचारियों को रविवार तक के लिए काम से बैठा दिया गया है. जबकि सोमवार से कर्मचारियों को पुनः ड्यूटी पर बुलाने की सूचना है.

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने होम वोटिंग का लिया जायजा

**बुजुर्ग मतदाताओं का बढ़ाया उत्साह, बोले- लोकतंत्र की मजबूती में एक-एक मत महत्वपूर्ण**

- बुजुर्ग मतदाताओं को जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने गुलाब का फूल एवं वोटर कॉफी मग देकर किया सम्मानित
- सिर्फ तीन दिनों में होम वोटिंग के लिए अप्लाई करने वाले 95% मतदाता कर चुके मतदान

**जमशेदपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में वृद्ध मतदाता (85+) एवं दिव्यांग मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा होम वोटिंग के माध्यम से मतदान कराये जाने का प्रावधान किया गया है । इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनन्य मित्तल द्वारा 49- जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र में होम वोटिंग का जायजा लिया गया । उन्होने 85+ आयु वर्ग की मतदाता श्रीमती आभा रानी पांडा, सुभाष कॉलोनी, डिमना रोड और बेदामो देवी, बैंकुठनगर, रोड नंबर 3, मानगो के घर जाकर उनका उत्साहवर्धन किया, तथा




लोकतंत्र के सजग प्रहरी के रूप में अपने मत का प्रयोग करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होने दोनों बुजुर्ग मतदाताओं को गुलाब का फूल एवम वोटर कॉफी मग देकर सम्मानित भी किया । साथ में उप विकास आयुक्त श्री मनीष कुमार, डीटीओ श्री धनंजय, होम वोटिंग के नोडल श्री मुझाईद अंसारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री पंचानन उरांव एवम होम वोटिंग की टीम मौजूद रही । मतदान की पूरी प्रक्रिया संपन्न होने के बाद वरिष्ठ मतदाताओं ने खुशी जाहिर की । जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मौके पर बुजुर्ग मतदाताओं के परिवारजनों को भी आगामी 25 मई को अपने बूथ पर जाकर मतदान के लिए प्रेरित किया। साथ ही अपील किया कि 25 मई को अपने साथ 25 अन्य लोगों को भी बूथ ले जाकर मतदान करायें । बता दें जिले के 226 मतदाताओं ने होम वोटिंग से मतदान के लिए अप्लाई किया था, 14-18 मई 2024 तक होम वोटिंग के माध्यम मतदान कराया जाना है, वहीं तीन दिनों में ही अबतक होम वोटिंग के 95 फीसदी मतदाता अपने मत का प्रयोग कर चुके हैं ।

## बिरसानगर पुलिस को मिली फिर बड़ी सफलता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर मे नगर पुलिस अधीक्षक, के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गठित विशेष छापामार दल द्वारा आज गुरूवार को बिरसानगर थानान्तर्गत लालटांड़ जंगल में मोहन कर्मकार द्वारा वृहद पैमाने पर संचालित अवैध महुआ चुलाई शराब की दो भट्टीयों पर छापेमारी कर पुर्णतया ध्वस्त किया गया। मिट्टी में गाड़कर रखे ड्रमों में संचित जावा-महुआ कुल 4500 किलोग्राम तथा प्लास्टिक के बड़े थैलों में रखे तैयार अवैध चुलाई शराब कुल 80 लीटर को घटनास्थल से बरामद किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध अग्रतर विधिक कार्रवाई करते हुए उक्त अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है । साथ ही, गश्त के क्रम में संदेह होने पर दोपहिया वाहन का पीछा कर उसपर लदे विदेशी शराब की पेटियों को चालक सहित पकड़ा गया । इन पेटियों से ब्लैक हॉर्स ब्राण्ड का कुल 108 पीस बोतल यानि 81 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया । घटनास्थल से गिरफ्तार दो पहिया चालक द्वारा बताया गया कि उक्त विदेशी शराब का आपूर्तिकर्त्ता साकची, जेल चौक निवासी विनोद सिंह है, छापेमारी दल को पीछा करते देख फ़रार हो गया .

## जमशेदपुर नाई संघ ने लोकसभा चुनाव को लेकर की बैठक, किसको वोट दिया जाये, इस पर हुई चर्चा

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय जमशेदपुर नाई संघ ने लोकसभा चुनाव तथा राष्ट्र में वर्तमान स्थिति को देखते हुए जमशेदपुर के एग्रिको स्थित जिला पदाधिकारी के आवास पे प्रदेश पदाधिकारी तथा इकाई अध्यक्ष और महामंत्री के साथ एक बैठक आयोजित की. इसमें आगामी लोकसभा चुनाव को नजर रखते हुए एवं राष्ट्रहित में किसको वोट दिया जाए, इस पर खुली चर्चा की गई. सभी ने अपने-अपने मन की बात रखी. संघ के जिला महासचिव अनुज कुमार सिन्हा ने कहा कि नाई का इतिहास गौरवमयी रहा है. प्रत्येक नाई में इतनी क्षमता जरूर है कि वह अपने साथ-साथ 10 वोटो को दिलवाने की ताकत रखता है. जब भी राष्ट्र पर कोई संकट आया है, हमने पूरे परिवार को छोड़कर उसे संकट को पहले देखा है.

हमारे बच्चे, युवा, महिला एवं बुजुर्ग सभी में राष्ट्र प्रेम कूट-कूटकर भरा है. सनातन धर्म की रक्षा हमारी जिम्मेवारी है. सभी ने मिलकर कहा कि जो भी पार्टी राष्ट्र हित के लिए सोचेगी



एवं आने वाली पीढ़ी को अपना नेतृत्व प्रदान करेगी, हम लोग उसी को वोट करेंगे. वर्तमान लोकसभा चुनाव में कई राष्ट्रीय पार्टियों ने नाई समाज को नजर अंदाज करने की कोशिश की है. यह दुखद और अनुचित है. उन्हें चेतावनी दी कि आप हमें शासन से दूर रखने का प्रयास न करें. कार्यक्रम में उपस्थित प्रकाश ठाकुर बसंत ठाकुर संतोष ठाकुर अशोक ठाकुर अमरेन्द्र अरविंद अशोक संजीव लखन

## गठबंधन प्रत्याशी समीर महंती का शहरी क्षत्रों में तूफानी जनसंपर्क अभियान तेज

**बारीडीह बाजार में समीर मोहंती का तूफानी दौरा**

**झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती को मिला टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन का साथ**

**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा सह इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समीर कुमार मोहंती ने आज बारीडीह बाजार में विधायक मंगल कालिंदी, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे एवं झामुमो के वरिष्ठ नेता प्रमोद लाल के साथ जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों से मिल कर लोकसभा चुनाव में समर्थन की अपील की। कई दुकानदारों ने उन्हें पूर्व जनप्रतिनिधियों द्वारा स्थानीय मुद्दों पर बेरुखी की शिकायत की, जिस पर उन्होंने कहा कि सांसद बनने पर, हम सभी मुद्दों को देश की संसद में उठाएंगे। उन्होंने कहा कि हर दिन जनसंपर्क के दौरान स्थानीय लोगों एवं दुकानदारों का जो समर्थन मिल रहा है, उसे शब्दों में नहीं



व्यक्त किया जा सकता। पिछले प्रतिनिधियों ने लगातार जमशेदपुर एवं खास कर के यहां के बस्तियों में जन-सुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को लगातार नजरंदाज किया है, जिसे हम पूरा करने का प्रयास करेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस एवं झामुमो के कार्यकर्ता तथा स्थानीय लोग शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### बहू के झगड़ने से आहत सास-ससुर ने खाया जहर, अस्पताल ले जाने से पहले ही चली गई जान

**धोरैया, एजेंसी।** बिहार में बांका जिले के भेलाय गांव में बुधवार को बहू से विवाद होने पर एक वृद्ध दंपती ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली है। मृतकों में भेलाय गांव निवासी किशन सिंह (65) एवं उनकी पत्नी कुसमी देवी (60) शामिल हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने गांव पहुंचकर शवों को बरामद कर लिया। गुरुवार को इनका पोस्टमार्टम कराया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि किशन सिंह को तीन पुत्र एवं एक पुत्री है। तीनों पुत्र परदेस में रोजगार करते हैं। पुत्री की शादी होने के बाद घर में किशन सिंह, उनकी पत्नी व बड़ी बहू रहती थी। बताया जाता है कि किशन सिंह की पत्नी पिछले एक वर्ष से लकवा से ग्रसित हैं। मंगलवार को सास-ससुर व बहू के बीच आपसी विवाद होने पर बुधवार सुबह बहू घर से निकलकर चली गई। इसे देख किशन सिंह भी बांका गए और कीटनाशक लाकर उन्होंने खा लिया। इसके बाद पत्नी को भी खिला दिया। जब जहर का असर हुआ तो दोनों चिल्लाने लगे। चिल्लाने की आवाज सुनते ही ग्रामीण दौड़े। उन्हें बेचैनी की हालत में देख लोगों ने घटना की जानकारी उनकी पुत्री को दी। मामला जहर खाने से जुड़ा होने के कारण कोई ग्रामीण उन्हें अस्पताल लेकर नहीं गया। इससे पुत्री के आने से पहले दोनों की मौत हो गई।

### पीएम मोदी के सातवें बिहार दौरे की तारीख फाइनल, पूर्वी चंपारण और सीवान में हो सकती है रैली

**सीवान।** लोकसभा चुनाव 2024 के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 मई को एक बार फिर बिहार दौरे पर आने वाले हैं। इस दिन वे राज्य में दो चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर सकते हैं। उनकी पहली सभा पूर्वी चंपारण तो दूसरी सीवान जिले में प्रस्तावित है। बिहार बीजेपी की ओर से दोनों चुनावी रैलियों को लेकर प्रस्ताव भेज दिया है। एक-दो दिन में इसकी विधिवत मंजूरी मिलने की संभावना है। लोकसभा चुनाव की तारीख घोषित होने के बाद यह पीएम मोदी का सातवां बिहार दौरा होगा। बिहार में लोकसभा चुनाव के सभी चरणों में चुनाव हो रहे हैं। बिहार में लगभग सभी सीटों पर एनडीए के बड़े नेताओं की रैलियां की जा रही हैं। पीएम मोदी खुद अब तक 6 बार बिहार आ चुके हैं। बीते डेढ़ महीने में वे राज्य में 10 रैलियां और एक रोड शो कर चुके हैं। सबसे पहले उन्होंने 4 अप्रैल को जमुई से बिहार में चुनाव प्रचार की शुरुआत की थी। इसके बाद प्रधानमंत्री ने 7 अप्रैल को नवादा और 16 अप्रैल को गया एवं पूर्णिया में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। फिर उनकी 26 अप्रैल को अररिया के फारबिसगंज और मुंगेर में रैली हुई। इसके बाद पीएम ने 4 मई को दरभंगा में रैली की। फिर उनका 12 मई को पटना में रोड शो हुआ और 13 मई को उन्होंने तीन जगहों हाजीपुर, मुजफ्फरपुर और छपरा में रैली की। अब वे पूर्वी चंपारण और सीवान में 21 मई को चुनावी सभाएं कर सकते हैं। पीएम मोदी पूर्वी चंपारण लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी राधा मोहन सिंह और सीवान से जेडीयू प्रत्याशी विजयलक्ष्मी कुशवाहा के समर्थन में वोट की अपील करेंगे।

### बिहार पुलिस के ड्राइवर की रातोंरात किस्मत बदली, ड्रीम 11 में टीम बनाकर जीते 54 लाख

**पटना।** बिहार पुलिस के निजी ड्राइवर रवि सिंह की रातोंरात किस्मत बदल गई। रवि सिंह ने आईपीएल 2024 में बुधवार को खेले गए राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स के बीच मैच में टीम बनाकर 54 लाख रुपये जीत लिए। रवि सिंह ने महज 59 रुपये खर्च कर टीम बनाई थी। इस कंटेस्ट में वह दूसरे स्थान पर रहे। इतनी बड़ी रकम जीतने के बाद रवि सिंह और परिवार वालों की खुशी का ठिकाना नहीं है। जानकारी के मुताबिक रवि सिंह पटना पुलिस लाइन में गाड़ी चलाते हैं। वह निजी ड्राइवर हैं। रवि अक्सर ड्रीम 11 में ऑनलाइन टीम बनाकर लगाते थे। बुधवार को राजस्थान और पंजाब के मैच में भी उन्होंने 59 रुपये लगाकर टीम बनाई और किस्मत खुल गई। 873 पॉइंट बनाकर रवि को इस कंटेस्ट में दूसरा स्थान मिला। वह पहली रैंक से महज 4 पॉइंट से चूक गए।

### ट्रक ने युवक को रौंदा, मौत : मार्केटिंग के लिए घर से पैदल जा रहा था बाजार

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में सड़क हादसे में एक युवक की इलाज के दौरान बुधवार की देर शाम मौत हो गई। मामला बिहार शरीफ-राजगीर फोरलेन के नालंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत नालंदा मोड़ के समीप की है। मृतक की पहचान नालंदा थाना क्षेत्र के सरिलचक गांव निवासी श्रवण कुमार के (18) वर्षीय पुत्र रंजन वर्मा उर्फ सोनू के रूप में की गई है। घटना के संबंध में परिजन ने बताया कि सोनू मार्केटिंग करने के लिए बुधवार की शाम घर से पैदल नालंदा मोड़ के समय गया था। जहां फोरलेन पर अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। इसके बाद जख्मी अवस्था में उसे इलाज के लिए नालंदा थाना की पुलिस पावापुरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। मृतक तीन भाइयों और तीन बहनों में तीसरे नम्बर पर था। उसने इस बार इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की थी। ग्रेजुएशन में दाखिला के लिए प्रयासरत था। परिवार वालों के चित्कार से अस्पताल परिसर गमगीन हो गया। नालंदा थाना अध्यक्ष निशि कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में मौत की पुष्टि के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। ट्रक को जप्त करते हुए चालक को हिरासत में ले लिया गया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# केके पाठक का एक्शन जारी, बिना मान्यता के संचालित 94 निजी स्कूलों पर लगेगा ताला

**भागलपुर, एजेंसी।** जिले में बिना प्रस्वीकृति (मान्यता) के संचालित होने वाले 94 निजी विद्यालयों पर सात दिनों में ताला लगेगा। साथ ही इन विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों का नामांकन सरकारी स्कूलों में कराया जाएगा।

शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने बुधवार को बिना प्रस्वीकृती के संचालित होने वाले स्कूलों को लेकर राज्य के सभी जिलों को निर्देश दिया है कि बिना मान्यता के जो भी निजी स्कूल चल रहे हैं, उन्हें सात दिनों में जल्द से जल्द बंद कराते हुए वहां के बच्चों का सरकारी विद्यालय में नमांकन कराएं। साथ ही इसकी रिपोर्ट विभाग को भेंजे।

इस बाबत डीपीओ डॉ. जमाल मुस्ताफा ने बताया कि जिले में 330 निजी स्कूल हैं। बीते कई महीनों से शिक्षा विभाग द्वारा बनाए गए दबाव के बाद अब तक 236 निजी स्कूलों द्वारा प्रस्वीकृति लेने का काम किया गया है। अभी भी 94 ऐसे स्कूल हैं, जिन्होंने प्रस्वीकृति नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि इसकी जांच के लिए सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि अपने क्षेत्र में ऐसे स्कूल को चिह्नित कर तीन दिन में विभाग को रिपोर्ट करें, ताकि बिना प्रस्विकृती पत्र के संचालित होने वाले स्कूलों को बंद कराया जा सके।

16 मई से 30 जून तक सरकारी स्कूल सुबह 6:00 से दोपहर 1:30 तक संचालित होंगे। इसको लेकर विभागीय निर्देश जारी कर दिया गया। बुधवार को स्कूलों में गर्मी छुट्टी



खत्म हो गई। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि सुबह 6:00 से दोपहर 12:00 तक सामान्य तरीके से कक्षा का संचालन होगा। इस दौरान सुबह 10:00 बजे से 10:30 तक बच्चों को मध्याह्न भोजन दिया जाएगा। वहीं. दोपहर 12:00 के बाद शिक्षा विभाग द्वारा कमजोर बच्चों के लिए चलाए जा रहे मिशन दक्ष कार्यक्रम के तहत संचालित स्पेशल क्लास दोपहर 1.30 बजे तक संचालित होगी।

उन्होंने बताया कि सभी प्रधानाध्यापक और शिक्षक तय समय पर स्कूल पहुंचे। उन्होंने बताया कि दो पालियों में स्कूलों का निरीक्षण का रोस्टर बनाया गया है। ढाई सौ कर्मी में निरीक्षण करेंगे।

निरीक्षण कर्मी को निर्देश दिया गया है कि जिले के सभी स्कूलों का शत प्रतिशत निरीक्षण हो। निरीक्षण में कोताही नहीं बरती जाए। निरीक्षण नहीं करने वाले निरीक्षी कर्मियों का भी वेतन काटा जाएगा।

## अब राशि के बदले सरकारी स्कूल के बच्चों को मिलेगी पोशाक

**पटना, एजेंसी।** आईएएस के के पाठक ने सराकरी स्कूल में पढ़ाई कर रहें स्कूली बच्चे को शर्ट, पैंट, लड़कियों को सलवार-शूट देने का फैसला लिया है। राज्य के सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को अब राशि के बदले अब स्कूल ड्रेस दिया जाएगा। इसमें दो जोड़ी ड्रेस के साथ बच्चों को एक जोड़ी जूते- मोजे दिए जायेंगे। यही नहीं कॉन्वेंट स्कूल की तरफ टाई भी पहनने को मिलेगी। ठंठ से बचने के लिए जाड़े में स्टूडेंट्स को स्वेटर भी दिए जाएंगे।

प्रारंभिक विद्यालयों के पहली से आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को एक जोड़ी पोशाक में एक हाफ शर्ट एवं एक हाफ पैंट तथा एक फूल शर्ट एवं एक फूल पैंट मिलेगा। गर्मी में छात्र हाफ पैंट और हाफ शर्ट पहनेंगे। वहीं ठंड के मौसम फूल पैंट एवं फूल शर्ट पहन सकेंगे। वहीं क्लास वन से आठवीं तक की छात्राओं को दो जोड़ी सलवार और कमीज मिलेगी। इसी प्रकार कक्षा नौवीं से बारहवीं तक की छात्राओं को भी दो जोड़ी सलवार और कमीज मिलेगी। साथ में एक जोड़ी जूते-मोजे एवं एक स्वेटर भी दिये जाएंगे।

**आईएएस के के पाठक ने बैठक कर लिया फैसला....** स्कूली बच्चे के ड्रेस को लेकर आईएएस के के पाठक ने अहम बैठक की। डॉ. मदन मोहन झा स्मृति सभागार में बुधवार को अपर मुख्य सचिव केके पाठक की मौजूदगी में महत्वपूर्ण बैठक हुई।बैठक में प्राथमिक शिक्षा निदेशक मिथिलेश मिश्र और माध्यमिक शिक्षा निदेशक कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में बच्चों के पोशाक में व्यवहार किये जाने वाले कपड़े की भी जांच-परख की गयी। अपर मुख्य सचिव केके पाठक की मौजूदगी में हुई बैठक में छात्र-छात्राओं को स्कूल ड्रेस उपलब्ध कराने के लिए जल्द निविदा निकाली जाएगी।

**पहले ड्रेस के बदले दी जाती थी राशि :** दरअसल, मुख्यमंत्री पोशाक योजना के तहत 75 प्रतिशत उपस्थिति के आधार पर उनके खाते में डीबीटी के माध्यम से राशि दी जा रही थी।

## छपरा के मदरसे में ब्लास्ट, मौलाना की मौत, एक बच्चा घायल



**छपरा, एजेंसी।** छपरा के मोतिराज मदरसा में बुधवार शाम अचानक ब्लास्ट हो गया। मदरसे के पीछे से गेंद जैसा कुछ सामान रखा था, जिसे एक बच्चा नूर आलम (10) उठाकर ले गया। मौलाना को बम होने का शक हुआ तो वह उसे लेकर फेंकने की कोशिश करने लगा, इसी दौरान ब्लास्ट हो गया।

हादसे में दोनों गंभीर रूप से जख्मी हुए और इलाज के लिए ले जाने के दौरान मौलाना की मौत हो गई। घायल बच्चे का इलाज जारी है। मृतक की पहचान मढ़ौराथाना क्षेत्र के ओल्हनपुर गांव निवासी मौलाना इमामुद्दीन (40 साल) के रूप में हुई है। शव को गुरुवार सुबह पोस्टमॉर्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं घायल बच्चा मुजफ्फरपुर का रहने वाला है। इधर मदरसे में बम फटने के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव का माहौल है। मौके पर भारी संख्या में सुरक्षाबल तैनात किए गए हैं। साथ ही पुलिस की एक टीम पूरे मामले की जांच में जुटी है। पूरी घटना जिले के गड़खा थाना में मोतिराजपुर गांव की है। साक्ष्य मिटाने के लिए टाइल्स को पानी से किया गया साफ डीएसपी राजकिशोर सिंह ने बताया कि बम के नमूने को लेने के लिए एफएसएल टीम को बुलाया गया है। फिलहाल पुलिस की एक टीम मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद से मदरसा के सभी लोग लापता हैं। आस पास को लोगों से पूछताछ की जा रही है। डीएसपी ने बताया कि सबूत मिटाने के लिए टाइल्स को पानी से साफ किया गया है।

बम को गेंद समझ उठा लाया था बच्चा मिली जानकारी के मुताबिक, मदरसा के पीछे गेंद जैसा दिखने वाला एक सामान देखकर नूर ने उसे उठा लिया और अंदर लेकर आ गया। हाथ में बम देख मौलाना ने उसे अपने हाथ में लेकर फेंकने की कोशिश की, लेकिन तब तक बम फट गया। मदरसे में 80 बच्चे और कर्मचारियों की होने की जानकारी मिल रही है।

## 18 मई को जॉब कैंप का होगा आयोजन:27 हजार तक मिलेगी सैलरी, नोएडा, गुड़गांव और हैदराबाद में करना होगा काम

**बेगूसराय, एजेंसी।** बिहार के बेरोजगारों को निजी क्षेत्र में रोजगार दिलाने के लिए श्रम संसाधन विभाग लगातार जॉब कैंप का आयोजन कर रहा है। इसी कड़ी में एक बार फिर 18 मई को आईटीआई कैंपस स्थित संयुक्त श्रम भवन के जिला नियोजनालय में जॉब कैंप का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 10:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक आयोजित जॉब कैंप में इनोविजन लिमिटेड की ओर से विभिन्न 300 पदों पर बहाली ली जाएगी। मैट्रिक से लेकर इंटर तक के शिक्षित बेरोजगार इसमें शामिल हो सकते हैं। जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेश ने बताया कि एनसीएस पोर्टल पर निबंधित कोई भी शिक्षित बेरोजगार इसमें भाग ले सकते हैं। डीलर और कैशियर के 100 पद, कस्टमर सपोर्ट टेलीकॉलर के 50 पद, डिलीवरी बॉय के 50 पद, मल्टीपरपज हेल्पर और फूड पैकेजिंग हेल्पर के 50 पद, कस्टमर सर्विस और किचन ड्यूटी के लिए 50 पदों पर बहाली की जाएगी। उन्होंने कहा कि श्रम संसाधन विभाग की ओर से शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार दिलाने के लिए लगातार जॉब कैंप का आयोजन जिला नियोजनालय में किया जा रहा है। 18 मई को लगने वाले जॉब कैंप में शामिल होने के इच्छुक बेरोजगारों को बायोडाटा, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, संबंधित शैक्षिक प्रमाण पत्र, अंक पत्र और 2 रंगीन पासपोर्ट साइज के साथ आना है।

# रीगा में बंद पड़ी चीनी मिल को लेकर अमित शाह का बड़ा एलान, कहा- जल्द ही खुशखबरी मिलेगी

**सीतामढ़ी, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज सीतामढ़ी में जनसभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने रीगा चीनी मिल से लेकर मां सीता के भव्य मंदिर के निर्माण का बड़ा एलान कर दिया।

अमित शाह ने यहां कहा कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद अब सीतामढ़ी की बारी है। उन्होंने जनसमूह से पूछा कि सीतामढ़ी में मां सीता का भव्य मंदिर बनना चाहिए कि नहीं बनना चाहिए

शाह ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जय सिया राम का नारा दिया है। उन्होंने जय सिया राम का नारा देकर भक्ति एवं समर्पण का बोध कराया है। हम कहना चाहेंगे अयोध्या में राम मंदिर निर्माण से एक काम पूरा हुआ। अब एक काम



बाकी है सीतामढ़ी में मां सीता की धरती पर भव्य मंदिर बनाने का।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के बारे में कहा कि इसका हर इंच भारत का है और कोई भी ताकत इसे छीन नहीं सकती है।

अमित शाह ने कहा कि रीगा में बंद पड़ी चीनी मिल को चालू कराने की जिम्मेदारी भारतीय जनता पार्टी की है। हम उसको फिर से चालू कराएंगे। उसमें एथनाल भी बनेगा, चीनी भी बनेगी और गुड़ भी बनेगा और इसका मुनाफा लाखों किसानों एवं आम लोगों को मिलेगा।

अमित शाह ने भीड़ से पूछा-क्या नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाओगे हां तो कैसे बनाओगे मोदी जी के नेतृत्व में चार सौ पार की सरकार बनाओगे लालू प्रसाद का सूपड़ा साफ करावोगे भीड़ से हामी भरवाकर उन्होंने एनडीए प्रत्याशी देवेश चंद्र ठाकुर का हाथ उठवाया और उनको रिकार्ड मतों से जीताने की अपील की।

अमित शाह ने कहा कि इनका चुनाव चिह्न तीर का निशान है और इस निशान पर पूरे बिहार में वोट डालोगे तो मोदी जी की सरकार बन जाएगी और लालू प्रसाद का सूपड़ा साफ हो जाएगा। अपना संबोधन समाप्त करने से पहले उन्होंने जय जय सिया राम का नारा दिया। भारत माता की जय बोलवाई और वंदे मातरम कहा। सीतामढ़ी के नगर विधायक डा. मिथिलेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि बिहार, भारत, सीमांचल, मिथिलांचल ही नहीं पूरी दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र बनाएंगे हम सीतामढ़ी को।

उन्होंने यह भी कहा कि अभी-अभी जननायक कर्पूरी ठाकुर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत रत्न से नवाजा। हम पूछना चाहेंगे लालू प्रसाद से कि इतने सालों तक शासन में रहे क्या आपने कर्पूरी ठाकुर जी की सुध ली कभी लालू प्रसाद के शासन के साथ कांग्रेस पर भी खूब बरसे। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाई और विपक्ष को आईना दिखाने की कोशिश की।

## चुनाव को लेकर पुलिस बल ने निकाला फ्लैग मार्च पांच सौ से अधिक जवानों ने भाग लिया

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में पुलिस लोकसभा चुनाव को लेकर हाई अलर्ट मोड पर काम कर रही है। भय मुक्त चुनाव को लेकर पुलिस निरंतर छापेमारी और वाहन जांच कर अपराधियों को गिरफ्तार कर रही है। इस अभियान में पुलिस ने हजारों लीटर विदेशी शराब जब्त और दर्जनों शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

मुजफ्फरपुर लोकसभा क्षेत्र में 20 मई को चुनाव होना है। इसे लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित कराने के लिए पुलिस कप्तान राकेश कुमार के नेतृत्व में शहर के विभिन्न हिस्सों में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान 500 से अधिक जवानों ने विभिन्न थाना क्षेत्र में घूमकर फ्लैग मार्च निकाला।

### सुरक्षा की गहन समीक्षा की गई

एएसपी टाउन भानु प्रताप सिंह बताया कि लोक सभा चुनाव को लेकर सारी तैयारी कर ली गई है। आज एरिया डोमिशन के रूप में फ्लैग मार्च निकला गया। जिसमें करीब 500 सौ से ज्यादा पुलिसकर्मी शामिल हुए। शहर में



सुरक्षा की गहन समीक्षा की गई और पुलिस को चुनावों के लिए उठाए गए सुरक्षा उपायों से अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराना पुलिस का कर्तव्य है। पूरे शहर में सतर्कता बढ़ा दी गई है, इसी संदर्भ में फ्लैग मार्च भी निकाला गया है। चुनाव के लेकर बड़ी संख्या पुलिस बल तैनात किए जाएंगे। संवेदन शील स्थानों पर अतरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।

### भीषण सड़क हादसा :सारण जा रही असम पुलिस के जवानों से भरी बस की ट्रक से टक्कर, 28 जख्मी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सकरा थाना क्षेत्र के एनएच 28 पर सबहा हीरो एजेंसी के पास बुधवार की दोपहर असम पुलिस बटालियन टू के जवानों को लेकर जा रही बस की ट्रक से आमने-सामने की टक्कर हो गई। बस में चालक समेत 37 जवान सवार थे। हादसे में चालक व 27 जवान जख्मी हो गए। इनमें 15 जवानों को ज्यादा चोटें आई हैं। इनके अलावा एक जवान का पैर टूट गया। तीन जवान को कंधे में गंभीर चोट आई जबकि चार जवानों में किसी के चेहरे, सिर व हाथ में चोट आई है। चालक व तीन अन्य जवान गंभीर रूप से जख्मी होने के बाद बेसुध पड़ गए। 13 जवानों को बेहतर इलाज के लिए एसकेएमसीएच भेजा गया। घायल जवानों ने बताया कि वे 13 मई को समस्तीपुर में चुनाव संपन्न कराने के बाद निजी बस से सारण में चुनावी ड्यूटी पर जा रहे थे। बस का संतुलन बिगड़ने से हादसा हो गया। सूचना मिलने पर सकरा थानाध्यक्ष राजू पाल दल-बल के साथ मौके पहुंचे और बचाव व राहत कार्य में जुट गए।

## बिहार में 11 हजार वोल्ट तार की चपेट में आया ट्रैक्टर धू-धू कर जला

**अरवल, एजेंसी।** बिहार के अरवल में एक ट्रैक्टर धू धूकर जल गया। घटना किंजर थाना क्षेत्र के एसएच 69 के किंजर पालीगंज पथ में सोहसा ग्राम में गुरुवार की सुबह को हुई। ट्रैक्टर किंजर की ओर से चंढ़ोस की ओर जा रहा था। पीछे से आ रही तेज गति का गिट्टी लगा डंपर ने जोरदार ठोकर मार दी जिससे ट्रैक्टर का चालक अपना संतुलन खो बैठा और बगल में सड़क पर गड़े हाई टेंशन बिजली के पोल में जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर लगते ही विद्युत पोल टूटा गया जिससे विद्युत प्रवाहित 11000 वोल्ट तार ट्रैक्टर के इंजन पर गिर गया और ट्रैक्टर का इंजन धू-धू कर जलने लगा।

इसी दौरान ट्रैक्टर चालक गाड़ी से दूर कुद गया जिससे उसकी जान बच गई। हालांकि इस हादसे में ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसका एक हाथ बिजली करेंट की चपेट में आकर जल गया है वहीं इसके सिर में भी चोटें आई हैं। उसके शरीर के कई हिस्से में खरोच आ गया है। चालक चनौरा ग्राम निवासी सत्येंद्र कुमार पिता चंद्रवंशी मांझी उम्र 28 वर्ष बताया जाता है।

घटना की सूचना पाकर किंजर थाना अध्यक्ष राज कौशल दलबल के साथ घटना स्थल पर



पहुंचे। अग्नि शमन गाड़ी को बुलाया गया। पुलिस घायल चालक को किंजर सरकारी अस्पताल पहुंचाया। वहां से फर्स्ट् ऐड करने के बाद बेहतर चिकित्सा के लिए अरवल सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों का कहना है कि ट्रैक्टर चालक खतरे से बाहर है। वहीं ग्रामीणों का कहना है की घटना के बाद डंपर चालक डंपर लेकर फरार हो गया है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है ताकि कार्रवाई की जा सके। ट्रैक्टर जलने से इलाके में दहशत फैल गया। लोगों में काफी गुस्सा है। पुलिस इलाके में कैंप कर रही है।

# चोरी हुए नवजात को पुलिस ने 32 घंटे के अंदर राजापुर मैनपुरा से बरामद

**पटना, एजेंसी।** पटना पीएमसीएच से मंगलवार को चोरी हुए नवजात को पुलिस ने 32 घंटे के अंदर बुधवार शाम 4 बजे राजापुर मैनपुरा से बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी महिला बख्तियारपुर की करौटा निवासी प्रियंका कुमारी को भी मौके से गिरफ्तार किया। नवजात को वैशाली निवासी मां सिंधु देवी के हवाले कर दिया गया। प्रसव के बाद से सिंधु देवी पीएमसीएच के आईसीयू में भर्ती है। बच्चे को भी आईसीयू में भर्ती किया गया है।

पीरबहोर थानेदार अब्दुल हलीम ने बताया कि जांच के दौरान प्रसूति विभाग के तीमारदार विश्राम गृह में लोदीपुर के रेस्टोरेंट का एक पैकेट मिला। पता चला कि जिस महिला ने बच्चे को चुराया है, वह अपने साथ खाने का एक पैकेट लाई थी। पुलिस रेस्टोरेंट पहुंची। वहां महिला की साफ तस्वीर मिली, जिससे उसकी पहचान हुई। इसके बाद उसे धर दबोचा।

**50 सीसीटीवी को खंगाला गया :** पुलिस ने बताया कि नवजात और आरोपी महिला को ढूंढने के लिए करीब 50 सीसीटीवी के फुटेज को खंगाला गया। पीएमसीएच सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक मंगलवार को आरोपी प्रियंका नवजात को चुरा सुबह 8.39 बजे निकली। यहां से अशोक राजपथ आई। ई-रिक्शा से गांधी मैदान पहुंची और राजापुर पुल के लिए ऑटो लिया। महिला जहां-जहां सीसीटीवी में कैद होती गई, वहां से तस्वीर निकाल लोगों को दिखाते गए। इधर, घटना के बाद से पीएमसीएच में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

**पति ने छोड़ दिया है, बच्चा नहीं था इसलिए चुराया :** आरोपी प्रियंका चार माह पहले सुधीर कुमार के मकान में रहने आई थी। उसने पुलिस को बताया कि पति ने छोड़ दिया है। बच्चा नहीं है, इसलिए चुराया। पुलिस ने उसके पास से बरामद मोबाइल के सीडीआर को खंगाला तो कुछ नंबर मिले हैं। पुलिस इन नंबरों के आधार पर छापेमारी कर रही है।

**बच्चे को बेचने की थी तैयारी :** पीएमसीएच से बच्चा चोरी करने के आरोप में पकड़ी गई बख्तियारपुर के करौंटा की रहने वाली प्रियंका बच्चा चोरी करने वाले गिरोह से जुड़ी है। उसके मोबाइल से यह बात सामने आई। पुलिस को तीन संदिग्ध नंबर मिले हैं, जिनसे वह लंबी बातचीत करती थी। वाट्सएप पर भी कुछ मैसेज मिले हैं। गिरफ्तारी के बाद उसने पुलिस को बरगलाया कि उसके पति ने उसे छोड़ दिया है और बच्चा भी लेकर चला गया। उसके पास बच्चा नहीं था इसी कारण उसने चोरी की। पुलिस सूत्रों की मानें तो वह बच्चा को बेचने की तैयारी कर चुकी थी, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने बरामद कर लिया। उम्मीद नहीं थी कि बेटा मिल जाएगा: शिवपूजन पुलिस ने जब शिवपूजन और सिंधु देवी को बच्चा सौंपा तो उनकी आंखें छलक आईं। शिवपूजन ने कहा कि यह हमारी पहली संतान है। हमलोगों को उम्मीद ही नहीं थी कि बच्चा मिलेगा। लग रहा था कि महिला उसे बेच देगी, लेकिन पटना पुलिस ने बेटे को ढूंढकर हमारी खुशियां लौटा दी। गांधी मैदान पहुंची और राजापुर पुल के लिए ऑटो लिया। महिला जहां-जहां सीसीटीवी में कैद होती गई, वहां से तस्वीर निकाल लोगों को दिखाते गए। इधर, घटना के बाद से पीएमसीएच में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। 4 मई को हुआ था बच्चे का जन्म नवजात के पिता शिव पूजन कुमार ने आरोप लगाया था कि पीएमसीएच में गार्ड और कर्मियों की लापरवाही से मेरा बच्चा चोरी हुआ है। बच्चे का जन्म 4 मई को हुआ था। बगल वाले बेड पर लड़की थी, लेकिन महिला उसको नहीं लेकर गई। मेरे बेटे को लेकर चली गई। पत्नी की तबीयत ज्यादा खराब है, जिससे वह आईसीयू में भर्ती है। शिव पूजन ने रोते-बिलखते हुए कहा था कि परिवार के पूरे सदस्य सदमे में हैं और खाना छोड़ दिया है। बख्तियारपुर गैंग के सदस्य पहले भी हो चुके हैं अरेस्ट बुधवार की देर रात तक पीरबहोर थाने की पुलिस विभिन्न इलाकों में छापेमारी करती रही। जल्द ही पूरे गिरोह की गिरफ्तारी होगी। सिटी एसपी चंद्रप्रकाश ने कहा कि अभी जांच चल रही है। महिला किसी गिरोह से जुड़ी है या नहीं यह जांच के बाद ही कहा जाएगा। अस्पतालों से बच्चे की चोरी कर बेचने वाला बख्तियारपुर का गैंग पहले भी गिरफ्त में आ चुका है। बीते फरवरी में खगौल पुलिस ने बच्चा चोरी कर बेचने जा रहे होम्योपैथी डॉ परमानंद यादव, फुलवारी शरीफ पीएचसी की एएनएम उषा, संजू, अर्चना समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया था।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# एआई की दुनिया

कृत्रिम बुद्धिमत्ता की नित नई होती दुनिया पर सबकी नजर स्वाभाविक और सुखद है। इंटरनेट पर अब लोगों के लिए केवल सर्च इंजन नहीं, बल्कि एआई से लैस बेहतर सर्च इंजन की उपलब्धता सुनिश्चित होने वाली है। इंटरनेट की दुनिया में यह सबसे बड़ी खबर है कि ओपनएआई एक नए कृत्रिम बुद्धिमत्ता-संचालित सर्च इंजन की घोषणा के लिए तैयार है। यह घोषणा किसी भी समय हो सकती है और इसके साथ ही गूगल की बादशाहत को भी चुनौती मिलने लगेगी। अभी गूगल का सर्च इंजन हर कंप्यूटर और हरेक स्मार्टफोन में मौजूद है, पर जब ओपनएआई का कृत्रिम बुद्धिमत्ता वाला सर्च इंजन सक्रिय हो जाएगा, तो स्थितियां बदलेंगी। वैसे पर्प्लेक्सिटी नामक एक सर्च इंजन भी लगातार विकसित हो रहा है, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता से लैस है, लेकिन ओपनएआई का सर्च इंजन विशेष होगा। यह गौर करने की बात है कि ओपनएआई ने बड़ी संख्या में गूगल के विशेषज्ञ प्रोग्रामरों को अपने यहां बहाल किया है, जिससे यह संभावना बढ़ी है कि ओपनएआई दुनिया के सामने कुछ बहुत खास पेश करने वाला है। माइक्रोसॉफ्ट समर्थित ओपनएआई कृत्रिम बुद्धिमत्ता में अभी सबसे आगे है। चैटजीपीटी भी ओपनएआई का अब तक का सफलतम उत्पाद है। अब नए सर्च इंजन के आने से ओपनएआई के चैटजीपीटी की क्षमताओं में वृद्धि की उम्मीद है, जिससे यह वेब से वास्तविक समय में या तत्काल जानकारी प्राप्त कर सकेगा और अपनी प्रतिक्रियाओं में अनेक उद्धरण शामिल कर सकेगा। यह अक्सर कहा जा रहा है कि चैटजीपीटी काफी मशीनी या एकरूपता वाले पाठ पेश कर रहा है, जबकि बाजार में ज्यादा विविधता वाले ऐसे पाठों की जरूरत है, जो मशीनी नहीं, बल्कि ज्यादा मानवीय लगें। एक ही तरह के बनावटी, घिसे-पिटे जवाबों या पाठों की शिकायतें बार-बार आ रही हैं। गूगल ही नहीं, बल्कि माइक्रोसॉफ्ट की भी कोशिश है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्षेत्र में त्रुटिहीन या कम त्रुटियों वाले उत्पाद पेश करे। हालांकि, ऐसा नहीं है कि पहली बार ओपनएआई का जुड़ाव किसी सर्च इंजन से होने जा रहा है। इसके पहले ओपनएआई ने माइक्रोसॉफ्ट के ही सर्च इंजन बिंज के साथ मिलकर काम किया है, जिसका लाभ चुनिंदा या प्रीमियम उपयोगकर्ताओं को ही मिला है। इंटरनेट की दुनिया में लोगों को नए सर्च इंजन का इंतजार तो है, पर ओपनएआई के ही एक शोधकर्ता द्वारा बनाए गए पर्प्लेक्सिटी की भी लोकप्रियता बढ़ी है और इस कंपनी का बाजार भाव एक अरब डॉलर से ज्यादा हो चुका है।

# घरेलू खर्च चलाना हुआ मुश्किल

किसी देश की अर्थव्यवस्था की सेहत इस बात से भी आंकी जाती है कि उसकी राष्ट्रीय बचत किस स्थिति में है। भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की पांच बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से होड़ करती हुई आगे बढ़ रही है। मगर इसका दूसरा पक्ष यह भी है कि यहां राष्ट्रीय घरेलू बचत का रुख नीचे की तरफ बना हुआ है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने अपने ताजा आंकड़े में बताया है कि पिछले तीन वर्षों में देश के परिवारों की शुद्ध बचत नौ लाख करोड़ रुपए से अधिक घट गई है। जारी आंकड़ों के मुताबिक वित्तवर्ष 2020-21 में परिवारों की शुद्ध बचत 23.29 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई थी, जो 2022-23 में घट कर 14.16 लाख करोड़ रुपए रह गई। यह स्थिति तब है जब देश में विदेशी मुद्रा की आवक बढ़ी है। विदेशों में रह रहे भारतीयों ने 2022 में एक सौ ग्यारह अरब डालर भारत भेजे। इस तरह हम दुनिया का पहला देश बन चुके हैं, जहां सौ अरब डालर या उससे अधिक विदेशों से भेजा गया धन प्राप्त हुआ है। हालांकि समीक्ष्य अवधि में म्युचुअल फंड में निवेश बढ़ कर तीन गुना और शेयरों तथा डिबेंचर में परिवारों का निवेश बढ़ कर दोगुना हो गया है। मगर इसके बरक्स सच्चाई यह भी है कि पिछले तीन वर्षों में परिवारों पर कर्ज का बोझ बढ़ कर दोगुना हो चुका है। इसमें परिवारों द्वारा गैरवित्तीय बैंकों से लिया गया कर्ज चार गुना बढ़ा है। यह अवधि कोरोनाकाल के दौरान और उसके बाद की है। उस दौरान भविष्य निधि खाते से निकाले गए धन में भी बेतहाशा बढ़ोतरी दर्ज हुई थी। यानी कोरोनाकाल के बाद जिस अर्थव्यवस्था के सुधरने के दावे किए जाते रहे हैं, उसमें लोगों का अपना घरेलू खर्च चलाना मुश्किल बना हुआ है। इससे रोजगार की स्थिति और प्रति व्यक्ति आय के स्तर का भी पता चलता है। देश की तरक्की का तूमार चाहे जितना ऊंचा उठ जाए, पर वह टिकाऊ आम आदमी की हैसियत से ही बनती है। इसलिए यह अपेक्षा अपनी जगह बनी हुई है कि हकीकत से आंखें मिलाते हुए, विकास दर के बरक्स बुनियादी खामियों को दूर करने की कोशिश हो।

# वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण में वृद्धि से गरीब वर्ग तक सहायता पहुंचाना हुआ आसान

(प्रह्लाद सबनानी)

किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए धन की आवश्यकता होती है और यह धन देश की जनता से ही करों के रूप में उगाहे जाने के प्रयास होते हैं। उस कर व्यवस्था को उत्तम कहा जा सकता है जिसके अंतर्गत नागरिकों को कर का आभास बहुत कम हो। आपको ध्यान होगा कि जब केंद्र सरकार वस्तु एवं सेवा कर को भारत में लागू करने के प्रयास कर रही थी तब कई विपक्षी दलों ने इस नए कर को देश में लागू करने के प्रति बहुत आशंकाएं व्यक्त की थीं। उस समय कुछ आलोचकों का तो यहां तक कहना था कि वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली देश में निश्चित ही असफल होने जा रही है एवं इससे देश के गरीब वर्ग पर कर के रूप में बहुत अधिक बोझ पड़ने जा रहा है। परंतु, केंद्र सरकार ने देश में पूर्व में लागू जटिल अप्रयत्यक्ष कर व्यवस्था को सरल बनाने के उद्देश्य से वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली को 1 जुलाई 2017 से पूरे देश में लागू कर दिया था तथा इस कर में लगभग 20 प्रकार के करों को सम्मिलित किया गया था। वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली को लागू करने के तुरंत उपरांत व्यापारियों को व्यवस्था सम्बन्धी कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ा था। परंतु, इन परेशानियों को केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों के सहयोग से धीरे धीरे दूर कर लिया गया है एवं आज वस्तु एवं सेवा कर के अन्तर्गत देश में कर व्यवस्था का तेजी से औपचारीकरण हो रहा है जिससे देश में वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण कुलांचे मारता हुआ दिखाई दे रहा है। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए धन की आवश्यकता होती है और यह धन देश की जनता से ही करों के रूप में उगाहे जाने के प्रयास होते हैं। उस कर व्यवस्था को उत्तम कहा जा सकता है जिसके अंतर्गत नागरिकों को कर का आभास बहुत कम हो। जिस प्रकार मक्खी गुलाब के फूल से शहद कुछ इस प्रकार से निकालती है कि फूल को मालूम ही नहीं पड़ता है, ठीक इसी प्रकार की कर व्यवस्था केंद्र सरकार द्वारा, वस्तु एवं कर सेवा के माध्यम से, देश में लागू करने के प्रयास किये गए हैं। गरीब वर्ग द्वारा उपयोग की जाने वाली वस्तुओं पर कर की दर को या तो शून्य रखा गया है अथवा कर की दर बहुत कम रखी गई है। इसके विपरीत, धनाडय वर्ग द्वारा उपयोग की जाने वाली वस्तुओं पर कर की दर बहुत अधिक रखी गई है। वस्तु एवं सेवा कर की दर को शून्य प्रतिशत से लेकर 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत एवं 28 प्रतिशत अधिकतम तक रखा गया है। भारत में वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली को लागू किया हुए 6.5 वर्षों से अधिक का समय हो चुका है एवं आज देश में अप्रत्यक्ष कर संग्रहण में लगातार हो रही तेज वृद्धि के रूप में इसके सुखद परिणाम स्पष्टत~ दिखाई देने लगे हैं। दिनांक 1 मई 2024 को अप्रेल 2024 माह में वस्तु एवं सेवा कर के संग्रहण से सम्बंधित जानकारी जारी की गई है। हम सभी के लिए यह हर्ष का विषय है कि माह अप्रेल 2024 के दौरान वस्तु एवं सेवा कर का संग्रहण पिछले सारे रिकार्ड तोड़ते हुए 2.10 लाख करोड़ रुपए के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया है, जो निश्चित ही, भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शा रहा है। वित्तीय वर्ष 2022 में वस्तु एवं सेवा कर का औसत कुल मासिक संग्रहण 1.20 लाख करोड़ रुपए रहा था, जो वित्तीय वर्ष 2023 में बढ़कर 1.50 लाख करोड़ रुपए हो गया एवं वित्तीय वर्ष 2024 में 1.70 लाख करोड़ रुपए के स्तर को पार कर गया। अब तो अप्रेल 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपए के स्तर से भी आगे निकल गया है। इससे यह आभास हो रहा है कि देश के नागरिकों में आर्थिक नियमों के अनुपालन के प्रति रुचि बढ़ी है, देश में अर्थव्यवस्था का तेजी से औपचारीकरण हो रहा है एवं भारत में आर्थिक विकास की दर तेज गति से आगे बढ़ रही है। कुल मिलाकर अब यह कहा जा सकता है कि भारत आगे आने वाले 2/3 वर्षों में 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर मजबूती से आगे बढ़ रहा है। भारत में वर्ष 2014 के पूर्व एक ऐसा समय था जब केंद्रीय नेतृत्व में नीतिगत फैसले लेने में भारी हिचकिचाहट रहती थी और भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की हिचकोले खाने वाली 5 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल थी। परंतु, केवल 10 वर्ष पश्चात केंद्र में मजबूत नेतृत्व एवं मजबूत लोकतंत्र के चलते आज वर्ष 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रही है। वस्तु एवं सेवा कर के माध्यम से देश में कर संग्रहण में आई वृद्धि के चलते ही आज केंद्र एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा गरीब वर्ग को विभिन्न विशेष योजनाओं का लाभ पहुंचाये जाने के भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। पीएम गरीब कल्याण योजना के माध्यम से मुफ्त अनाज के मासिक वितरण से 80 करोड़ से अधिक परिवारों को लाभ प्राप्त हो रहा है। पीएम उज्जवल योजना के अंतर्गत 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन प्रदान किये गए हैं। इन महिलाओं के जीवन में इससे क्रांतिकारी परिवर्तन आया है क्योंकि ये महिलाएं इसके पूर्व लकड़ी जलाकर अपने घरों में भोजन सामग्री का निर्माण कर पाती थीं और अपनी आंखों को खराब होते हुए देखती थीं। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत भी 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कर महिलाओं की सुरक्षा एवं गरिमा को कायम रखा जा सका है। जन धन खाता योजना के अंतर्गत 52 करोड़ से अधिक खाते खोलकर नागरिकों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली में लाया गया है। इससे गरीब वर्ग के नागरिकों के लिए वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिला है। पूरे भारत में 11,000 से अधिक जनऔषधि केंद्र स्थापित किए गए हैं, जो 50-90 प्रतिशत रियायती दरों पर आवश्यक दवाएं प्रदान कर रहे हैं। साथ ही, जल जीवन मिशन ने पूरे भारत में 75 प्रतिशत से अधिक घरों में नल के पानी का कनेक्शन प्रदान करके एक बड़ा मील का पत्थर हासिल कर लिया गया है। लगभग 4 वर्षों के भीतर मिशन ने 2019 में ग्रामीण नल कनेक्शन कवरेज को 3.23 करोड़ घरों से बढ़ाकर 14.50 करोड़ से अधिक घरों तक पहुंचा दिया गया है। इसी प्रकार, पीएम आवास योजना के अंतर्गत, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में 4 करोड़ से अधिक पक्के मकान बनाए गए हैं एवं सौभाग्य योजना के अंतर्गत देश भर में 2.8 करोड़ घरों का विद्युतीकरण कर लिया गया है। विश्व भर के सबसे बड़े सरकारी वित्तपोषित स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना - के अंतर्गत 55 करोड़ लाभार्थियों को माध्यमिक एवं तृतीयक देखभाल एवं अस्पताल में भर्ती के लिए प्रति परिवार 5 लाख रुपए का बीमा कवर प्रदान किया जा रहा है।

*वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण में आई तेजी के चलते केवल गरीब वर्ग के लिए विशेष योजनाएं ही नहीं चलाई गई है बल्कि विशेष रूप से केंद्र सरकार के लिए अपने पूंजीगत खर्च में भी बढ़ोत्तरी करने में आसानी हुई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 11.11 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्च का केंद्रीय बजट में प्रस्ताव किया गया है जो वित्तीय वर्ष 2023-24 के 10 लाख करोड़ रुपए का था एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 में 7.5 लाख करोड़ रुपए का था। केंद्र सरकार द्वारा की जा रही इतनी भारी भरकम राशि के पूंजीगत खर्च के कारण ही आज देश में निजी क्षेत्र भी अपना निवेश बढ़ाने के लिए आकर्षित हुआ है।*

# उत्तराखंड के जलते जंगल और कृत्रिम बारिश की आस

(वीरेंद्र कुमार पैन्यूली, पर्यावरण वैज्ञानिक व सामाजिक कार्यकर्ता)

उत्तराखंड के जंगलों के सुलगने का सिलसिला जारी है। दावानल इतना भयावह है कि सेना के हेलीकॉप्टरों की मदद से पानी का छिड़काव किया जा रहा है। अब आग मुख्य राजमार्गों व सहायक मार्गों, खेतों, आवासों और गांवों को जोड़ने वाले पैदल मार्गों तक आ-जा रही है। पिछले पांच वर्षों में सबसे सूखा गुजरा अप्रैल माह ही था। फिर, चारधाम यात्रा भी शुरू हो गई है, जिसमें अभी ही 15 लाख से ज्यादा यात्रियों का पंजीकरण हो चुका है। पारंपरिक ग्रीष्मकालीन फायर सीजन अभी 40-50 दिन और चलेगा, जिसके बाद ही मानसून राज्य में पहुंचेगा। मगर जाड़ों में मौसमी बदलाव से वनाग्नि का चक्र फिर से शुरू हो जाएगा, जिसकी तस्दीक सुप्रीम कोर्ट में उत्तराखंड के उप-महाधिवक्ता जतिंदर कुमार सेठी के इस उद्धरण से भी होती है कि नवंबर, 2023 से अब तक तक 398 बार जंगल सुलगे हैं। इसी सुनवाई के दौरान में यह भी बताया गया कि राज्य सरकार क्लाउड सीडिंग, यानी कृत्रिम बारिश से वनाग्नि को काबू करने का विचार कर रही है, जिस पर अदालत ने कहा कि जंगल की आग बुझाने के लिए केवल कृत्रिम बारिश या बरसात पर भरोसा न किया जाए। यह बिल्कुल सही सीख थी कि हम बरसात के इंतजार में ही नहीं बैठे रह सकते हैं। वनाग्नि को रोकने के उपाय जल्द ही करने होंगे। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया गया था कि उत्तराखंड की भयावह वनाग्नि की स्थिति पर वह तत्काल सुनवाई करे। 8 मई को उसी सुनवाई के दौरान कृत्रिम बारिश पर टिप्पणी आई, जिस पर राज्य सरकार को गंभीरता से अमल करना चाहिए। बताया जाता है कि जंगल में आग लगाने के अपराध में 350 से अधिक एफआईआर दर्ज की गई हैं, जिनमें 62 आरोपियों को नामजद किया गया है, किंतु 8 मई को सुप्रीम कोर्ट में जब याचिका सुनी जा रही थी, उस दिन भी उत्तराखंड में आग लगने की 15 बड़ी घटनाएं घटीं! इस दावानल से वन्य जीव अभयारण्य, संरक्षित दुर्लभ वानस्पतिक प्रजातियां, ग्लेशियर आदि सभी संकट में हैं। धुएं के कारण यहां दृश्यता कम हो गई है, जिसके कारण हवाई सेवाएं भी स्थगित की जा रही हैं। होटल की बुकिंग भी रद्द की जा रही हैं, यानी राज्य को पर्यावरणीय ही नहीं, आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। उल्लेखनीय है कि क्लाउड सीडिंग से बारिश ही नहीं कराई जाती, हिमपात भी कराया जा सकता है। विश्व में पहली बार 1946 में न्यूयॉर्क में कृत्रिम बारिश कराई गई थी। इसका जनक भी एक अमेरिकी रसायन वैज्ञानिक और मौसम वैज्ञानिक था। आज कई देश इस तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिसमें चीन सबसे आगे है। ऑस्ट्रेलिया में भी इसका खासा उपयोग किया जाता है। इससे संघर्ष-काल में शत्रु क्षेत्रों में बाढ़ और सूखे की स्थितियां पैदा की जा सकती हैं। अपने देश में महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक जैसे राज्यों में इसका उपयोग हुआ है। जलाशयों में पानी की कमी होने पर, जल भंडारण की संभावनाओं को बढ़ाने, स्मॉग-वायु प्रदूषण से निपटने और लैंडफिल्स की आग को रोकने के लिए इसके इस्तेमाल पर विचार होता रहा है। 2009 में तानसा झील में पानी की कमी से निपटने के लिए महाराष्ट्र ने इसी तकनीक का उपयोग किया था। माना जाता है कि क्लाउड सीडिंग का खर्च अब करीब एक लाख रुपये प्रति वर्ग किलोमीटर तक आ सकता है। आईआईटी, कानपुर के वैज्ञानिकों की इस पर विशेषज्ञता हासिल है। जंगलों की आग अक्सर जन-सतर्कता और बरसात से ही रोकी जाती रही है। मगर दिक्कत यह है कि सरकारी अकर्मण्यता, पौधारोपण में अनियमितताएं, भ्रष्टाचार, आपराधिक तत्वों की जंगलों में उपस्थिति आदि कमियों को दूर करने की तरफ पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता, जिसके कारण दावानल की भयावहता साल-दर-साल बढ़ती जा रही है। सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने वाले राजीव दत्त यह भी बताते हैं कि उत्तराखंड सरकार को वनाग्नि पर दिशा-निर्देश देने की मांग करने वाली कई याचिकाएं वर्षों से शीर्ष अदालत में लंबित हैं। साल 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा भी था कि वह सारी याचिकाओं को सुनेगा, लेकिन अभी तक ऐसा नहीं हो सका है। अब नई तारीख 15 मई है।

# आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन सुख और शांति का है। आज आपके प्रयास सफल होंगे और दिन आनंद में बीतेगा। आज आपको किसी सरकारी विभाग से सहयोग मिल सकता है। आपको नए अनुबंधों के द्वारा पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रात में कुछ अप्रिय व्यक्तियों से मिलने से आपका मूड बिगड़ सकता है। संतान पक्ष के लोगों से प्रसन्नता मिलेगी।

### वृष
आज आर्थिक मामलों में लाभ का दिन है। आज आपका भाग्य साथ देगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होने से मन में प्रसन्ता रहेगी। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य मिलेगा। आज संतान पक्ष की तरफ से आप संतुष्ट रहेंगे और आपका दिन खुशी में बीतेगा। शाम के वक्त आपका कोई रुका कार्य बन सकता है। रात का समय परिवार के साथ आनंद में बीतेगा।

### मिथुन
आज आपके विरोधी भी आपके खिलाफ कुछ नहीं कर पाएंगे। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। आपको शाम से लेकर रात तक किसी शुभ कार्य में भाग लेने के लिए यात्रा पर जाना पड़ सकता है। सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के अवसर प्राप्त होंगे।

### तुला
आज ग्रहों के शुभ योग बन रहे हैं और आज भाग्य आपका साथ देगा। आपके लिए आज आमदनी के नए योग बनेंगे और आपको विशेष लाभ होगा। आपको वाणी की सौम्यता से सम्मान मिलेगा और आपका भाग्य साथ देगा। आपको आज शिक्षा, प्रतियोगिता के मामले में विशेष सफलता प्राप्त होगी। शाम के वक्त व्यस्तता अधिक रहेगी।

### वृश्चिक
आज किस्मत का साथ मिलेगा और रोजगार प्राप्ति में सफलता प्राप्त होगी। आपको ऑफिस के काम में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक सुखद समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद या मुकदमे में आपकी जीत होने की संभावना है। आपके शुभ खर्च और कीर्ति में वृद्धि होगी।

### धनु
आज का दिन सावधानी से बिताने का है। आज आपकी कोई मूल्यवान वस्तु चोरी हो सकती है। ऐसे में बहुत सावधानी से काम करें। आज संतान की शिक्षा और प्रतियोगिता में अशातीत सफलता मिलने के योग हैं। आज आपको कोई खुशी का समाचार मिलने से हर्ष होगा। शाम के वक्त कोई रुका कार्य पूर्ण होने से आपका मन प्रसन्न होगा।

### कर्क
आज पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आपके लिए आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास सफल होंगे और भाग्य साथ देगा। आपको अधीनस्थ कर्मचारियों का सहयोग प्राप्त होगा। शाम के वक्त किसी झगड़े विवाद में न पड़ें। रात में प्रिय व्यक्तियों के आने से आपका मन प्रसन्न होगा। माता-पिता का विशेष ध्यान रखें।

### सिंह
आज आपकी धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। निर्मूल विवाद अकारण शत्रुपत्ति की आशंका है। इसलिए जोश से काम न लें, जो भी काम करें उसमें होश रखें। कोई विपरीत समाचार सुनकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। इसलिए सावधान रहें और किसी प्रकार के झगड़े विवाद से बचें।

### कन्या
आज आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी और कारोबार में लाभ होगा। दाम्पत्य जीवन की परेशानियों का अंत होगा। आज परिवार में किसी से पैसों का लेनदेन न करें। संबंध खराब होने का खतरा है। धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्यों पर खर्च हो सकता है।

### मकर
आज आपके चारों ओर घर में काफी खुशी का माहौल रहेगा। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की समस्या का अंत होगा और आपको बड़ा लाभ होगा। आज आपको पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने का सुख मिलेगा। विरोधियों का अंत होगा और आपके संबंध दूसरों के साथ बहुत मजबूत होंगे। आपके प्रणय संबंध बहुत ही प्रगाढ़ होंगे।

### कुंभ
आज का दिन परेशानियों और आर्थिक समस्याओं वाला हो सकता है और आज आपको कोई बड़ा नुकसान हो सकता है। आपको आज किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। आज आपका दिन इन सब कार्य में खर्च हो सकता है। परिवार के लोगों से आपको हर प्रकार की मदद मिलने के योग हैं। रात्रि में उत्साहवर्धक मांगलिक कार्य में शामिल होने से मन में थोड़ा सा बदलाव महसूस होगा।

### मीन
आज का दिन शुभ है और आज आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के संकेत मिल रहे हैं। आज आपके आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी और मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी और आपके लिए कोई सुखद समाचार मिलने के योग हैं। शाम से लेकर रात तक आपको कोई शुभ समाचार प्राप्त होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5372

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | 9 | | 2 | |
| | | 9 | 2 | 1 | 6 | | | 5 |
| 5 | | | 8 | | 4 | | | |
| | 6 | | | | | 4 | | |
| 3 | 7 | | | 4 | | | 6 | 1 |
| | | 2 | | | | | 5 | |
| | | | 9 | | | | | 3 |
| 7 | | | 3 | 8 | 5 | 2 | | |
| | 3 | | 4 | | 1 | | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5371

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 3 | 2 | 4 | 1 | 6 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 5 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 9 | 8 | 3 | 2 | 4 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 2 | 1 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 5 | 9 | 7 | 6 |
| 7 | 8 | 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 9 | 7 | 5 | 2 | 4 | 3 | 8 | 1 |
| 4 | 2 | 5 | 1 | 3 | 8 | 7 | 6 | 9 |
| 3 | 1 | 8 | 7 | 9 | 6 | 5 | 2 | 4 |

## वर्ग पहेली 5372

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | ■ | 8 | |
| 9 | 10 | ■ | 11 | | | ■ | |
| 12 | | | ■ | | | 13 | |
| ■ | | ■ | 14 | ■ | 15 | | |
| ■ | 16 | | | 17 | ■ | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | | ■ | 20 | 21 |
| | ■ | 22 | | ■ | 23 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रथम हिंदी साहित्यकार (8)
7. ताकत सहित, बलवान, ताकतवर (3)
8. आपस में गुथी एवं फैली हुई चीजों का विस्तार (2)
9. निग्रह, दो की संख्या, मृत्युदेव (2)
11. रिपोर्ट का अपभ्रंश, फिसलाहट (3)
12. सिख संप्रदाय के आदि गुरू (3)
13. एक दिवंगत हास्य अभिनेता जिन्होंने (1937 से 1989 के बीच 180 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया) (2)
15. युद्ध, लड़ाई, रण, संग्राम (3)
16. विशाल भूभाग में फैलाना (4)
18. इंद्रधनुष में रंगों की संख्या (2)
19. नतीजा, परिणाम, सुख-दुख का भोग (2)
20. जलीय अंश, शोरबा (2)
22. आहुति के रूप में दिया हुआ (2)
23. कार्यालय, ऑफिस (3)

**ऊपर से नीचे**
1. सुलोचना, सुंदर नेत्रों वाली (4)
2. अनिष्ट का डर या खौफ, कष्ट (2)
3. संख्या सूचक अंक, अदद, संख्या (3)
4. गिरोह का मुखिया (4)
5. पांच उंगलियों सहित हथेली का अगला भाग (2)
6. ख्वाहिशमंद, इच्छा रखने वाला (5)
10. मन के अनुसार, मन के अनुकूल (5)
13. आने-जाने का भाव या क्रिया (5)
14. शिष्टता, नम्रता, यह धमेंद्र के साथ हेमामालिनी की पहली फिल्म थी (4)
17. कमल, लोहे का अर्द्धचंद्राकार टुकड़ा, कुमुद आदि फूलों की लंबी व खोखली नली या डंडी (2)
18. परस्पर साथ रहने वाला व्यक्ति, मित्र, सखा (2)
21. महाशय या श्रीमान का अंग्रेजी में यह कहते है (2)
20. भिन्न का नीचे का अंक, प्रत्येक (2)
22. बुनियाद, नींव, जड़ (2)

### वर्ग पहेली 5371 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | ई | ■ | ■ | गं | ध | ■ | आ |
| ह | ■ | म | ■ | ड | र | ■ | ज |
| ज | न | क | ■ | क | ना | ग | त |
| ■ | दा | स | ती | ■ | ■ | वा | क |
| ना | र | द | ■ | स | म | क्ष | ■ |
| जु | ■ | ■ | अ | त | ल | ■ | कु |
| क | ह | र | वा | ■ | मा | मू | ली |
| ता | र | ■ | म | ■ | स | ल | ■ |

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा डी.बी. कॉर्पो. लि., प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटवा, थाना-रातू, जिला-रांची (झारखंड) में मुद्रित एवं 204, निर्मला इन्कलेव अपार्टमेंट, रानी बागान, बरियातु, रांची (झारखंड) से प्रकाशित | संपादक- साकेत कुमार, मो.-9934957121, 7766886433 | E-mail : svvjh123@gmail.com | website : www.sonvarshavani.com

## संक्षिप्त समाचार

**मायावती का हमला**

### महंगाई से मुक्ति नहीं दिला पा रही भाजपा

- गरीबी-पिछड़ापन दूर करने में भी विफल

**लखनऊ , एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोला। उन्होंने लिखा कि भाजपा महंगाई से मुक्ति नहीं दिला पा रही है। राशन से बदले वोट गरीबों के साथ मजाक है। भाजपा गरीबी-पिछड़ापन दूर करने में विफल साबित हो रही है। मायावती ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते



हुए लिखा कि देश के लोगों को बढ़ती महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी और पिछड़ेपन आदि के अभिशाप से मुक्त करना तो दूर उन्हें रोक पाने में विफलता के कारण गरीबों को थोड़ा राशन देने को भी भाजपा एंड कंपनी के लोग चुनाव में भुनाने पर तुले हैं, जो उचित नहीं क्योंकि यह मेहरबानी नहीं है। लोगों को यह थोड़ा मुफ्त राशन भाजपा/सरकार का उपकार नहीं बल्कि लोगों द्वारा सरकार को दिया गया टैक्स का ही धन है। अतः इसके बदले वोट माँगकर गरीबों का मजाक उड़ाना अशोभनीय। यह बात मैं हर जनसभा में कहती हूँ फिर भी भाजपा द्वारा प्रचारित ऐसे फेक वीडियो पर लोग ध्यान न दें।

### मेनका गांधी ने विपक्ष को बताया चुनौती

**बोलीं- राम मंदिर नहीं विकास है मुद्दा**

**सुल्तानपुर, एजेंसी।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व सुल्तानपुर से भाजपा की उम्मीदवार मेनका गांधी ने कहा कि चुनाव में विपक्ष की चुनौती तो है पर जनता भाजपा के काम पर वोट करेगी। उन्होंने कहा कि जनता जो भी निर्णय लेगी वो सही होगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में




राम मंदिर कोई मुद्दा नहीं है। ये जनता के दिलों में है। जनता विकास के मुद्दे पर वोट देगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना सहित कई नीतियों का जनता को सीधा लाभ मिला है। विपक्ष के लोग जातिवाद करने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। यूपी में भाजपा की स्थिति को लेकर उन्होंने कहा कि मेरा पूरा फोकस सुल्तानपुर सीट पर है। मेनका गांधी ने 2019 के चुनाव में भी सुल्तानपुर सीट से ही जीत दर्ज की थी।

# लड़ाई बड़ी दीदी बनाम छोटी दीदी

## स्मृति ईरानी को हराने के लिए प्रियंका गांधी ने लगाया जोर

**अमेठी , एजेंसी।** देश की हाईप्रोफाइल सीटों में से एक अमेठी कभी गांधी परिवार का पर्याय थी। 25 साल बाद इस बार गांधी परिवार ने अपने वफादार किशोरी लाल शर्मा को कांग्रेस प्रत्याशी बनाया है। उनका मुकाबला भाजपा की तेज तर्रार नेता स्मृति जूबिन इरानी से है। प्रियंका गांधी लगातार यहां प्रचार कर रही हैं। आम बातचीत में लोग यही कहते हैं कि चुनाव तो बड़ी दीदी (स्मृति) बनाम छोटी दीदी (प्रियंका) है।

एचएएल कोरवा के सामने मिले पन्नालाल सरोज ठहाका लगाकर कहते हैं कि कांग्रेस का यह बहुत बड़ा दांव है। किशोरी हारे तो कोई हानि नहीं। हारे तो राहुल भी। लेकिन, यदि जीते तो..। सरोज तंज कसते हुए कहते हैं कि प्यादे से बड़ी दीदी (स्मृति) हारीं तो राहुल के हारने से भी बड़ा इतिहास बन जाएगा। पिछले चुनाव में राहुल गांधी स्मृति से पराजित हो गए थे। वह कहते हैं कि इतने कम समय में छोटी दीदी ने जैसा माहौल बनाया है, किशोरी कमाल भी कर सकते हैं। दूसरी ओर जामो में मिले केशव प्रसाद कहते हैं कि स्मृति 2014 में हारीं, लेकिन अमेठी नहीं छोड़ा। 2019 में जीतीं तो उन्हें अंदेशा रहा होगा कि अगली बार भी राहुल लड़ सकते हैं।

ऐसे में वह केंद्रीय मंत्री होने के बावजूद कभी सांसद खेल प्रतियोगिता तो कभी सांसद महिला मैराथन, कभी योजना का रजिस्ट्रेशन, तो कभी राम मंदिर से जुड़े आयोजनों पर अक्षत बंटवाने और प्रसाद वितरित कराने तो कभी दुरदुरिया का पूजा करवाने के बहाने लगातार गांव-गांव संपर्क में रहीं। राहुल वाली टक्कर किशोरी दे पाएंगे, मुश्किल है।





भेल गेट-1 पर मिले रमेश शुक्ला कहते हैं कि किशोरी को कमजोर नहीं समझना चाहिए। गांधी परिवार उनके साथ है। प्रियंका नामांकन में आईं। सभाएं व रोड शो कर रही हैं। परिवार के काम गिना रही हैं। दादी इंदिरा गांधी व पिता राजीव गांधी की मौत को देश के लिए शहादत बताती हैं तो लोगों में सहानुभूति नजर आती है। ऐसे में किशोरी हारें या जीतें, उसका श्रेय या नुकसान दीदी के ही मत्थे जाएगा। दूसरी ओर केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी राहुल के चुनाव न लड़ने को हार का डर कहकर तंज जरूर कसती हैं, लेकिन वह किशोरी को बिल्कुल भी हल्के में नहीं ले रही हैं।

### ऐसे समझिए सीट का समीकरण

गौरीगंज के कामता प्रसाद कहते हैं कि सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह से भाजपा मदद ले रही है। राकेश से चुनाव हारने वाले भाजपा के चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी भी साथ चल रहे हैं। लेकिन दोनों में तालमेल बिठाना किसी चुनौती से कम नहीं है।

कामता प्रसाद गौरीगंज के सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह व गौरीगंज नगर पालिका अध्यक्ष रश्मि सिंह के पति दीपक सिंह के बीच हुई मारपीट की भी याद दिलाते हैं। कहते हैं कि दीदी के साथ तो दोनों दिख रहे हैं, लेकिन इसका फायदा-नुकसान क्या हुआ यह तो चुनाव बाद पता चलेगा। अमेठी से पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के परिवार से भाजपा मदद ले रही है। परसावां के रामलौट कहते हैं, अमेठी में पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति की पत्नी महराजी प्रजापति पर्दे के पीछे और उनका बेटा अनुराग, बहू पूजा व बेटी अंकिता खुलकर भाजपा की मदद कर रही हैं। लेकिन, महराजी के सामने भाजपा से चुनाव लड़कर हारने वाले डॉ. संजय सिंह कहीं दिख नहीं रहे हैं। लोग कह रहे हैं कि वह नाखुश हैं। जामो में भाजपा के पूर्व विधायक जंग बहादुर सिंह स्मृति के साथ में हैं। लेकिन जंग बहादुर के प्रतिद्वंद्वी तथा पूर्व एमएलसी व जामो एस्टेट के अगुवा अक्षय प्रताप सिंह उर्फ गोपाल जी क्या कर रहे हैं, इस पर सभी की निगाहें हैं।

### सपा के दोनों विधायक भाजपा के साथ

2022 के विधानसभा चुनाव में लोकसभा क्षेत्र की पांच में से तीन, तिलोई, सलोन व जगदीशपुर भाजपा और गौरीगंज व अमेठी सपा ने जीती थी। सपा के गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह व महराजी प्रजापति पर्दे के पीछे भाजपा की मदद कर रहे हैं। राकेश राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में क्रॉस वोट कर चुके हैं और महराजी प्रजापति मतदान से अलग रह चुकी हैं। इन दोनों ही विधायकों के परिजन खुले तौर पर भाजपा की मदद कर रहे हैं।

# गर्मी व उमस ने किया बेहाल, पारा 41.3 पर

**लखनऊ , एजेंसी।** रायबरेली। जिले में मौसम का मिजाज बदल रहा है। बुधवार को जहां आसमान में बदली छाई रही, वहीं उमस भरी गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। गर्मी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सुबह 10 बजे से ही सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है। बाजार में चहल-पहल गायब रहती है। बुधवार को जिले का अधिकतम तापमान 41.3 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है।



बैसाख माह की गर्मी ने लोगों को झकझोर कर दिया है। इस वर्ष मई में उमस के साथ गर्मी पड़ रही है, जिससे लोगों की परेशानी बढ़ रही है। बुधवार को मौसम में उतार चढ़ाव लगा रहा। दोपहर तक तेज धूप रही, लेकिन इसके बाद आसमान में बदली छा गई। गर्मी के कारण लोगों का घर से निकलना मुश्किल रहा। कूलर और पंखे की हवा से भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल पाई है। दोपहर के वक्त शहर की सड़कें सूनी दिखी। सुपर मार्केट, घंटाघर, जिला अस्पताल, सिविल लाइंस समेत अन्य चौराहों पर भीड़भाड़ कम दिखी। गर्मी में सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली छात्र-छात्राओं को हो रही है। उमस भरी गर्मी में उन्हें स्कूल से आना जाना पड़ रहा है। अधिकतम तापमान 41.3 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 22.6 डिग्री रहा। इंदिरा गांधी उड़ान अकादमी के मौसम विशेषज्ञ दीतेंद्र सिंह के मुताबिक नमी का प्रतिशत बढ़ने से उमस के साथ गर्मी हो रही है। अभी तापमान में बढ़त दर्ज होगी।

### बिजली कटौती ने और बढ़ाई परेशानी

शहर के मलिकमऊ, गोरा बाजार, सिविल लाइन, आईटीआई कॉलोनी, निराला नगर, घंटाघर, इंदिरा नगर, जेल रोड में लो वोल्टेज के साथ ट्रिपिंग अधिक होती है। इससे गर्मी में लोगों को और परेशानी झेलनी पड़ रही है। नागरिकों का कहना है कि बिजली कटौती के कारण रात में सोना मुश्किल हो रहा है।

**आगरा विवि के कर्मचारी से उत्पीड़न का मामला**

# मंत्री के बेटे के खिलाफ थाने में तहरीर, पुलिस ने शुरू की जांच

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के कर्मचारी दिनेश कुशवाहा के आत्महत्या की कोशिश के मामले में थाना नाई की मंडी में तहरीर दी गई है। कर्मचारी की पत्नी ने तहरीर में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के पुत्र अलौकिक उपाध्याय पर मारपीट, जातिसूचक शब्द बोलने और धमकी के आरोप लगाए हैं। पुलिस का कहना है कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



विश्वविद्यालय के कर्मचारी दिनेश कुशवाहा की पत्नी साक्षी ने बुधवार को थाना नाई की मंडी में तहरीर दी। आरोप लगाया कि पति वर्ष 2006 से विश्वविद्यालय में कार्यरत हैं। 2 साल से उप कुलसचिव पवन कुमार पति को उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के निवास, नार्थ ईदगाह कॉलोनी में व्यक्तिगत कार्य के लिए भेज रहे थे।

आरोप लगाया कि मंत्री के आवास पर पति से झाड़ू-पोछा, गाड़ियों और शौचालय की सफाई कराई जा रही थी। पति के विरोध पर पवन कुमार ने उच्च शिक्षा मंत्री के दबाव में नौकरी से बर्खास्त करने की धमकी देकर चुप करा दिया। पति के रविवार को काम पर नहीं जाने के कारण सोमवार को उच्च शिक्षा मंत्री के बेटे अलौकिक उपाध्याय ने गालियां दीं। जातिसूचक शब्द बोले। लात-घूसों के साथ जूतों से पीटा। धमकी दी कि चाहे जहां शिकायत करो, मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

यह भी कहा कि विश्वविद्यालय का कोई अधिकारी साथ नहीं देगा। जान से मारने की धमकी का भी आरोप लागया। पत्नी ने कहा है कि आत्म सम्मान पर ठेस पहुंचने के कारण पति ने सुसाइड नोट लिखने के बाद विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया।

उन्होंने तहरीर में लिखा है कि पति को कुछ होने पर उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और उनके पुत्र अलौकिक उपाध्याय को जिम्मेदार होंगे। डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि कर्मचारी के मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराए गए हैं। तहरीर मिली है। जांच की जा रही है। इसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रेन में बच्चे बिठाए, सामान उठा रही थी मां, तभी छूट गई गाड़ी

**आगरा, एजेंसी।** जीआरपी ने आगरा कैंट स्टेशन पर भटक रहे दो बालकों को उनके घर पहुंचाया। फतेहाबाद में ट्रेन पर चढ़ते वक्त इनकी मां स्टेशन पर ही छूट गई थी। पुलिस अधीक्षक रेलवे आदित्य लांग्हे ने बताया कि कैंट स्टेशन पर दो बालक रोते हुए भटक रहे थे। सांत्वना देने पर बालकों ने अपने नाम राजीव कुमार (13) व संजय कुमार (11) और पिता का नाम गिरिराज सिंह बताया। बताया कि मां सरोज देवी के साथ वो फतेहाबाद स्टेशन पहुंचे थे। वहां मां ने उन्हें ट्रेन में चढ़ा दिया लेकिन मां स्टेशन पर ही रह गई। बालक परिजन का फोन नंबर और सही पता नहीं बता पा रहे थे। बस नरीपुर में बांकेबिहारी मंदिर बता पाए। ऐसे में दो जवान बालकों के साथ भेजे, गलियों को पहचानते हुए इनके घर पहुंचे। परिजन ने जीआरपी का आभार जताया।

### दो दिन में दो बार हैवानियतः डर की वजह से शांत रही

आगरा , एजेंसी। आगरा के ट्रांस यमुना इलाके में 13 साल की किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने 2 नाबालिग सहित 6 आरोपियों के नमूने डीएनए जांच के लिए बुधवार को लिए। पुलिस आरोपियों को एसएन मेडिकल कालेज लेकर गई थी। इसके बाद चार आरोपियों को जिला जेल और दो नाबलिगों को किशोर संप्रेक्षण गृह में दाखिल किया गया। घटना 15 मार्च को हुई थी। खंदौली क्षेत्र की कक्षा 8 की छात्रा के साथ दुष्कर्म किया गया था। हाथरस रोड स्थित होटल ब्रदर पैलेस में दो बार घटना हुई थी। पुलिस ने एक नाबालिग सहित टिंकू गुप्ता और प्रमोद को गिरफ्तार किया था। टिंकू किशोरी को होटल में ले गया था। इसके बाद दुष्कर्म किया था।

**सीतापुर हत्याकांडः अजीत ने बयां की क्रूरता की कहानी**

# सबसे पहले भाभी को मारा, अंत में मां पर किए हथौड़े से वार

**सीतापुर , एजेंसी।** सीतापुर के पल्हापुर गांव में हुए सामूहिक हत्याकांड को अंजाम देने वाले अजीत सिंह ने पुलिस की पूछताछ में उस रात की अपनी क्रूरता की पूरी कहानी बयां की है। उसने सबसे पहले अपनी भाभी के सीने में गोली मारी थी। गोली की आवाज सुनकर जब उसकी मां सावित्री पहुंची थी तो उन पर हथौड़े से वार कर घायल कर दिया था। उसके बाद अनुराग व उसके तीनों बच्चों को मौत के घाट उतारा। कुछ देर घायल मां के पास बैठा रहा। फिर अचानक उनका सिर कूंच दिया था।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक अजीत सबसे ज्यादा खुन्नस प्रियंका सिंह से रखता था। इसलिए वह 11 मई की रात असलहा और हथौड़ा लेकर उनको ही मारने के लिए छत पर पहुंचा था। सोते वक्त ही उसने प्रियंका के सीने में गोली मार दी थी। गोली चलने की आवाज जब सुनाई दी तो अजीत की मां सावित्री वहां पहुंची। उनको देख उसने उन पर हथौड़े से वार कर दिया। वह घायल होकर वहीं गिर गईं। उसके बाद अनुराग के कमरे में गया। उसको दो गोलियां मारीं। फिर वह ऊपर आया। अनुराग के तीनों बच्चों की हत्या की। सबसे बाद में उसने मां को मारा।

अजीत ने पुलिस को बताया है कि मां को मारने का इरादा नहीं था। लेकिन, वह अचानक से सामने आ गईं। इसलिए उसने उन पर वार कर दिया। जब अन्य सभी की हत्या कर वह मां के पहुंचा तो उनकी सांसें चल रही थीं।

अजीत ने ये भी दावा किया कि मां ने कहा था कि वह वहां से चला जाए। अजीत का कहना था कि उस पर सनक चढ़ी थी, कुछ समझ नहीं आ रहा था। ऐसा लगा कि अगर मां जिंदा रहेगी तो वह कैसे उनका सामना करेगा। ये सोचते ही अजीत ने मां सावित्री पर कई वार कर दिए।

पुलिस ने अजीत के अलावा उसके कई रिश्तेदार और परिचितों की



भूमिका खंगाली है। सभी मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल खंगाली और लोकेशन देखी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक अब तक की जांच में किसी अन्य की वारदात में भूमिका नहीं पाई गई है। जांच के मुताबिक अकेले अजीत ने पूरी वारदात को अंजाम दिया।

दरअसल, रामपुर मथुरा इलाके के पल्हापुर गांव निवासी अनुराग सिंह (45) पत्नी प्रियंका सिंह (40) और मां सावित्री (62) के अलावा तीन बच्चे बेटी अस्वी (12), अर्ना (8) और पुत्र आद्विक (4) के खून लथपथ शव मिले थे। इनमें से कुछ को गोली लगी थी, जबकि कुछ को हथौड़े से प्रहार कर मौत के घाट उतारा गया था। शुरुआती जांच में पुलिस ने बताया कि अनुराग ने परिवार को मारने के बाद खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने पूरी वारदात को बर्बरतापूर्ण हत्या की दिशा में मोड़ दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अनुराग को दो गोलियां मारे जाने की पुष्टि हुई है। अनुराग के एक गोली दाहिनी कनपटी पर मारी गई। जो कि गले को चीरते हुए दूसरी तरफ निकल गई। वहीं दूसरी गोली बाएं तरफ से मारी गई जो कि दिमाग में जाकर फंस गई। अनुराग के दिमाग में फंसी गोली 315 बोर की थी।

अनुराग के पोस्टमार्टम के दौरान हुए एक्सरे में गोली पाई गई। इस रिपोर्ट ने यह इशारा कर दिया है कि अनुराग की हत्या हुई है। इसके साथ ही उसकी मां सावित्री के सिर में पांच से छह चोटें आई है। जो कि हथौड़े की होना बताई गई हैं। रिपोर्ट में यह भी निकल कर आया है कि अनुराग की दस वर्षीय बड़ी बेटी आस्वी को भी गोली मारी गई है। ऐसा माना जा रहा है जब वह लेटी थी। अथवा जब जमीन पर उसे गिराकर उसके गले में गोली मार दी गई है।

वहीं अन्य दो बच्चों अर्ना और आद्विक को सिर में चोट के निशान मिले। अर्ना की दाहिनी जांघ की हड्डी टूटी मिली थी। वहीं आद्विक के सिर में चोट लगने के साथ उसके बाईं जांघ की हड्डी टूटी मिली। वहीं अनुराग की पत्नी प्रियंका को सीने में गोली मारने के बाद हथौड़े से कूंच कर मौत के घाट उतारा गया है।

### शहर के असलहा तस्कर ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग को बेची 50 पिस्टल

**गोरखपुर , एजेंसी।** फिल्म अभिनेता सलमान खान के घर फायरिंग के बाद लॉरेंस बिश्नोई गैंग को असलहा तस्करी करने वाला चिलुआताल के बरगदवां निवासी मनीष कुमार यादव को एसटीएफ ने नौ मई को गिरफ्तार किया। गोरखपुर एसटीएफ की मदद से गिरफ्तारी के बाद अंबाला की एसटीएफ मनीष को अपने साथ ले गई। हरियाणा में पूछताछ के दौरान मनीष ने बताया कि वह अब तक लॉरेंस बिश्नोई गैंग को 50 पिस्टल बेच चुका है। मनीष ने हरियाणा पुलिस को बताया है कि वह लॉरेंस बिश्नोई के चाचा के संपर्क में था। उनके कहने पर पिस्टल पहुंचाता था। मनीष से मिली जानकारी के बाद हरियाणा पुलिस अब उन लोगों की तलाश कर रही है, जिन्होंने उससे पिस्टल खरीदी थी। इससे पहले असलहा सप्लाई करने में गोरखपुर सिंघड़िया निवासी शशांक पांडेय जो पश्चिमी चंपारण जिले का रहने वाला है, उसका नाम भी लॉरेंस बिश्नोई से जुड़ चुका है। शशांक ने ही मनीष का संपर्क उस गैंग से कराया था।

**मनीष इंदौर से खरीदता है पिस्टल**

मनीष ने पुलिस को यह भी बताया कि पहले वह मुंगेर से पिस्टल खरीदता था। वर्तमान में इंदौर से खरीद कर रहा था।




# राजामौली की फिल्म के लिए जल्द ही अज्ञातवास में जाएंगे महेश बाबू

जुलाई महीने में जब साउथ सिनेमा के सुपरस्टार महेश बाबू की बतौर हीरो रिलीज पहली फिल्म 'राजकुमारुडु' की रिलीज के 25 साल पूरे हो रहे होंगे, तो शायद वह अपने फैंस के बीच इसका जश्न मनाने के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। ऐसा इसलिए होने जा रहा है क्योंकि अपनी फिल्मों 'बाहुबली' और 'आरआरआर' से दुनिया भर में मशहूर हो चुके निर्देशक एस एस राजामौली उनका चेहरा मोहरा बदलने जा रहे हैं। महेश बाबू की पिछली फिल्म 'गुंटुर कारम' इस साल जनवरी में रिलीज हुई थी। फिल्म में महेश बाबू के अभिनय की तो खूब तारीफ हुई लेकिन करीब 200 करोड़ रुपये की लागत ये बनी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर इतनी रकम भी नहीं बटोर पाई थी। दो साल पहले फिल्म 'मेजर' के निर्माता के तौर पर जब महेश बाबू ने एक प्रेस कांफ्रेस में हिंदी सिनेमा को लेकर अशोभनीय टिप्पणियां की थी, तब से हिंदीभाषी क्षेत्रों में उनकी फिल्मों को लेकर चाव कम होता गया है।

उधर, निर्देशक एस एस राजमौली के सामने चुनौती है कि प्रभास को फिल्म 'बाहुबली' और राम चरण व जूनियर एनटीआर को फिल्म 'आरआरआर' से इंटरनेशनल स्टार बनाने के बाद अब महेश बाबू को दुनिया भर में न सही तो कम से कम भारत के घर घर तक वह पहुंचा दें। उनकी अगली फिल्म महेश बाबू के साथ बननी है, ये बात फिल्म 'आरआरआर' की रिलीज से पहले ही सार्वजनिक हो गई थी लेकिन इस 'आरआरआर' की रिलीज के दो साल बीत जाने के बावजूद राजामौली अब तक अपनी अगली ये फिल्म शुरू नहीं कर सके हैं।

महेश बाबू और राजामौली की इस फिल्म से जुड़े सूत्र बताते हैं कि फिल्म की कहानी और पटकथा पर काफी लंबा काम चला है। कई दौर की बैठकों के बाद अब राजामौली और महेश बाबू फिल्म की पटकथा और इसके संवाद पूरे कर चुके हैं। अब बारी इस फिल्म को लेकर होने वाली कार्यशालाओं की है। राजामौली के बारे में ये सर्वविदित है कि स्टार कितना ही बड़ा क्यों न हो लेकिन वह अपनी फिल्म शुरू करने से पहले उनके साथ वर्कशॉप जरूर करते हैं। महेश बाबू भी खुद को अब इन्हीं कार्यशालाओं के लिए तैयार कर रहे हैं। दूसरी अहम बात जो सूत्र बताते हैं, वह ये है कि इस फिल्म में महेश बाबू का गेटअप कुछ ऐसा होगा, जैसा उनके प्रशंसकों ने आज तक बड़े परदे पर नहीं देखा है। और, इस गेटअप को फिल्म की रिलीज से पहले बाहर न आने देने की जो योजनाएं बन रही हैं, उनके मुताबिक महेश बाबू को अब जनता के बीच कम से कम दिखना होगा।





# मार्शल आर्ट में माहिर हैं ये बॉलीवुड अभिनेत्रियां

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि हिंदी सिनेमा बहुमुखी प्रतिभा वाले कलाकारों से भरा है। बॉलीवुड के कई अभिनेता अभिनय के अलावा कई कामों में माहिर हैं। इस मामले में अभिनेत्रियां भी पीछे नहीं हैं। अभिनय के अलावा भी वह कई चीजों में दक्ष हैं। आज हम बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों के बारे में जानेंगे, जो देखने में नाजुक और नजाकत से भरी हैं, लेकिन मार्शल आर्ट में भी इन्होंने महारत हासिल कर रखी है। दिग्गज अभिनेत्री **सुष्मिता सेन** अपनी खूबसूरती और अभिनय के लिए जानी जाती हैं। उनके प्रशंसक उनकी तारीफ किए नहीं थकते। सुष्मिता सेन अपने दौर की सबसे सफल अभिनेत्रियों में से एक हैं। क्या आपको मालूम है अभिनेत्री 'कलारिपयाट्टू' नाम का मार्शल आर्ट भी जानती हैं। अपनी वेब सीरीज 'आर्या 3' आने के पहले उन्होंने इसका वीडियो भी साझा किया था।

## दीपिका पादुकोण



अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की अदाओं पर उनके प्रशंसक अपना दिल हार बैठते हैं। अभिनेत्री एक शानदार अदाकारा हैं इसमें कोई संदेह नहीं है। बता दें कि मासूम सी दिखने वाली दीपिका ने 'जुजित्सु' की ट्रेनिंग ले रखी है।


## प्रियंका चोपड़ा

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने बॉलीवुड में तो नाम कमाया ही, साथ ही उन्होंने हॉलीवुड में भी अपनी पकड़ बना ली है। शानदार अभिनय करने वाली अभिनेत्री अपने अनोखे फैशन और फिटनेस को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं। आपको शायद ही मालूम हो कि प्रियंका चोपड़ा मार्शल आर्ट की एक विशेष प्रकार में माहिर हैं।

## शिल्पा शेट्टी



अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी अपनी फिटनेस के लिए मशहूर हैं। अपने करियर में उन्होंने एक से बढ़कर एक फिल्में की। अपने फैशन सेंस को लेकर भी अभिनेत्री अक्सर चर्चा में रहती हैं। बता दें कि अभिनय और फैशन पर पकड़ रखने वाली अभिनेत्री को 'कराटे' में ब्लैक बेल्ट मिला है।



# संजय दत्त से दो-दो हाथ करते दिखे राम पोथिनेनी



साउथ अभिनेता राम पोथिनेनी और संजय दत्त की बहुप्रतीक्षित फिल्म डबल इस्मार्ट इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म की शूटिंग से जुड़ी कुछ जानकारियां देने के बाद हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म के ट्रेलर को लेकर भी बड़ा अपडेट दिया था। वहीं अब आखिरकार अभिनेता राम पोथिनेनी के जन्मदिन पर फैंस को बड़ा तोहफा मिला है। आज फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है। निर्माताओं ने फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए खुलासा किया था कि वे अभिनेता के जन्मदिन पर फिल्म का टीजर जारी करेंगे। वहीं उन्होंने वादा पूरा करते हुए फैंस को बड़ा तोहफा दिया। टीजर की बात करें तो एक मिनट 26 सेकंड के वीडियो में राम पोथिनेनी और संजय दत्त की दमदार झलक देखने को मिली। शंकर के अवतार में दिखे राम पोथिनेनी के कुछ फाइट सीक्वेंस भी हैं। टीजर में बिग बुल बने संजय दत्त का नया अवतार देखने को मिला। तेलुगु भाषा में टीजर जारी किया गया है। शंकर का मुकाबला बिग बुल यानी संजय दत्त से होता है। वीडियो में दोनों दो-दो हाथ करते हुए भी दिखे। इसके साथ निर्माताओं ने फिल्म का नया पोस्टर भी जारी किया है। पोस्टर में राम पोथिनेनी के चेहरे के बीच संजय दत्त के चेहरे की झलक दिखाई गई है। इस हाई-वोल्टेज एक्शन एंटरटेनर के लिए हॉलीवुड सिनेमैटोग्राफर जियानी जियानेली भी काम कर रहे हैं। डबल इस्मार्ट तकनीकी रूप से बड़े बजट पर बनाया जा रहा है। निर्माता जल्द ही फिल्म के अन्य कलाकारों और क्रू का खुलासा करेंगे। इस हाई-बजट मनोरंजक फिल्म की शूटिंग वर्तमान में मुंबई में हो रही है, जिसमें प्रमुख कलाकार भाग ले रहे हैं। टीम जल्द ही फिल्म रिलीज करने की योजना बना रही है, इसलिए वे लगातार इससे जुड़ी कई जानकारियां साझा कर रहे हैं।



# 'पुष्पा 2' की डबिंग पर खूब आया आनंद, इस बार मामला डबल जमेगा!

**बीते साल अचानक दिल का दौरा पड़ने से मरणासन्न स्थिति में पहुंचे अभिनेता श्रेयस तलपदे फिर से फिल्मों में सक्रिय हैं। उनकी नई फिल्म 'कर्तम भुगतम' शुक्रवार को रिलीज हो रही है। श्रेयस इन दिनों बहुत सावधानी के साथ काम कर रहे हैं। कॉमेडी उनका खास स्टाइल रहा है और सुपरहिट फिल्म 'पुष्पा' में उनकी अल्लू अर्जुन के लिए की गई डबिंग लोगों को फिर याद आ रही है।**

**फिल्म 'कर्तम भुगतम' कर्म और फल की बात करती है, आपका कितना यकीन है इसमें?**
ये फिल्म जैसा कि ट्रेलर में दिखाया गया है, एक रहस्यमयी कहानी की बात करती है। इसमें कर्म की बात की गई है। और, यह हमारी संस्कृति में रचा बसा है। मैं यही कह सकता हूं कि हमारे कर्म अच्छे हो तो फल भी अच्छा ही रहेगा।

**जैसे कि आपका बिल्कुल मृत्यु के करीब जाकर लौट आना?**
मैंने, मेरे परिवार ने, मेरी पत्नी ने कुछ तो अच्छा किया ही होगा कि ईश्वर ने मुझे ये आशीर्वाद दिया। मैं सिगरेट नहीं पीता हूं। शराब भी कभी कभार, कह लीजिए कि महीने में एक बार, पी लेता रहा हूं। डायबिटीज मुझे है नहीं। थोड़ा बहुत कोलेस्ट्रॉल बढ़ा रहा होगा, जिसकी दवा चल रही थी। एक स्वस्थ व्यक्ति को एकदम से दिल का दौरा पड़ना ये बात मैंने कोरोना संक्रमण काल से पहले तो कभी नहीं सुनी थी।

**इसके लिए आप कोरोना वैक्सीन को भी जिम्मेदार मानते हैं?**
इस बारे में मैं निश्चित रूप से तो कुछ नहीं कह सकता लेकिन जो कुछ लोग कह रहे हैं, जो कुछ इसे बनाने वाली कंपनी कह रही है, उसे बिल्कुल नकारा भी नहीं जा सकता। दुनिया एक महामारी से गुजर रही थी, ऐसे में सबने एक प्रवाह में आकर एक दवा ली। हमें नहीं पता कि हमने अपने शरीर में क्या ले लिया है?

**खैर, जीवन है तो संघर्ष तो रहेगा ही और आपका तो डॉयलॉग ही है, 'झुकेगा नहीं साला.!'..**
अबकी बार, ये 'हरगिज झुकेगा नहीं साला..!' होने जा रहा है। मुझे समझ आया कि आप 'पुष्पा 2' मेरी डबिंग की बात कर रहे हैं। मैंने इस बार भी बहुत सहज तरीके से अपना काम किया है। किसी तरह का कोई दबाव नहीं लिया। 'पुष्पा' में अल्लू अर्जुन की हिंदी डबिंग करते समय मैंने कुछ मराठी टच इसके संवादों को दिया था और लोगों को ये पसंद आया। उम्मीद है, इस बार मामला डबल जमेगा।

# काम पर वापस आकर खुश हैं एक्ट्रेस ईशा देओल

ईशा देओल शादी के 11 साल बाद भरत तख्तानी से तलाक के कारण सुर्खियों में थीं। अब एक्ट्रेस ने कहा है कि वह अपनी



अपकमिंग प्रोजेक्ट्स में काम करने को लेकर बेहद खुश हैं। ईशा देओल ने मुंबई में अपने आगामी प्रोजेक्ट्स के बारे में बात की। पिछली बार ओटीटी सीरीज, हंटर टूटेगा नहीं तोड़ेगा में सुनील शेट्टी के साथ नजर आने वाली एक्ट्रेस ने बताया कि मैं आगामी फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हूं। उसके लिए बहुत जल्द घोषणाएं की जाएंगी। मैं केवल इतना ही कह सकती हूं कि मैं काम करके बहुत खुश हूं।



# संजीदा शेख कैसे मिला भंसाली की सीरीज में रोल

संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। ये सीरीज नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। दर्शकों की तरफ से इस सीरीज को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। यह एक पीरियड ड्रामा सीरीज है, जिसमें कई कलाकारों ने काम किया है। सीरीज में टीवी अभिनेत्री संजीदा शेख भी अहम भूमिका में दिखाई दी हैं। उन्होंने वहीदा के किरदार को बखूबी निभाया है।

संजीदा ने हाल ही में खुलासा किया है कि उन्होंने सीरीज में अपने किरदार के लिए ऑडिशन नहीं दिया था। संजीदा शेख ने बताया कि उन्हें पता था कि संजय लीला भंसाली हीरामंडी नाम का शो बना रहे हैं। इसके लिए उनकी उनके साथ मीटिंग भी हुई थी। अभिनेत्री ने कहा, यह 10 मिनट की एक छोटी मीटिंग थी। सर मुझसे 10-15 साल पहले मिल चुके थे। मैंने सोचा था कि उन्हें ये याद नहीं होगा। मगर उन्हें याद था। उन्होंने मुझसे कहा कि आप बेहतर दिख रहे हैं। पहले से अधिक फ्रेश और खुश दिख रही हो। इसके बाद उन्होंने मुझसे इस मुलाकात के बारे में किसी को न बताने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि वह इस उम्मीद से घर वापस गई थीं कि यह भूमिका उन्हें मिलेगी। संजीदा ने बताया, कोई ऑडिशन नहीं था। सर ने ऑडिशन नहीं लिया। उन्होंने मीटिंग के तीन-चार महीने बाद सिर्फ लुक टेस्ट के लिए बुलाया था। अभिनेत्री ने कहा कि जब वह लुक टेस्ट के लिए गईं, तो टीम ने अपना काम शुरू कर दिया, क्योंकि किरदार के चेहरे पर चोट का निशान था। इसके बाद उन्होंने अलग-अलग आउटफिट ट्राई किए।

संजीदा ने कहा कि संजय लीला भंसाली खुद लुक टेस्ट ले रहे थे। उनसे अपने किरदार के लिए कई चीजें करने के लिए कहा गया। उन्होंने कहा, मैं सब कुछ कर रही थी और अचानक उन्होंने कहा कि ये है मेरी वहीदा। सीरीज में संजीदा शेख के किरदार को दर्शकों ने खूब प्यार दिया। हीरामंडी 1940 के दशक की आजादी की लड़ाई की पृष्ठभूमि पर आधारित है।

# दूसरी बार दूल्हा बनेंगे अनुराग कश्यप?

अनुराग कश्यप की शादीशुदा जिंदगी ठीक नहीं रही, उनका दो बार तलाक हो चुका है। हाल ही में अपनी बेटी आलिया के साथ एक पॉडकास्ट में नजर आए। पॉडकास्ट में अनुराग तीसरी शादी और रिलेशनशिप को लेकर बात की। उन्होंने कहा, मैं रिलेशनशिप पर्सन नहीं हूं, मैं अपने काम और जिस तरह की फिल्में बनाता हूं, उसके प्रति अपने जुनून के कारण ऐसा नहीं कर पाता। अगर मैं यूरोप में पैदा होता और वहां फिल्में बनाता तो रिश्तों के मामले में मैं बहुत अच्छा होता क्योंकि वहां रॉयल्टी सिस्टम है। उनकी बेटी आलिया ने कहा कि वह हमेशा से एक और भाई-बहन चाहती थी और अब भी एक भाई-बहन चाहती हैं, मुझे बस एक भाई-बहन चाहिए।





# पेट में पहुंचते ही कमाल दिखाएगी अजवाइन

**हमारी रसोई के अंदर कितने मसाले मौजूद हैं। जिन्हें खाने को टेस्टी बनाने के लिए डाला जाता है। मगर क्या आप ने सोचा है कि सही तरीके से अगर इन मसालों का उपयोग किया जाए तो ये दवा बन सकते हैं। आयुर्वेद में इन्हें जड़ी-बूटी की तरह बताया गया है।**

आयुर्वेदिक डॉक्टर ने बताया कि अजवाइन को यवानी कहा जाता है, जिससे 11 बीमारियों का नाश किया जा सकता है। लेकिन इसे इस्तेमाल करने का सही तरीका आपको जरूर मालूम होना चाहिए। आइए जानते हैं कि अजवाइन के पत्तों या बीजों को दवा कैसे बना सकते हैं?

## अजवाइन के बेहतरीन फायदे

- पाचन तंत्र तेज करता है
- भूख और स्वाद बढ़ाता है
- ब्लोटिंग और स्टमक क्रैम्प का इलाज
- पेट के कोलिक पेन से राहत
- पेट में पानी भरने पर असरदार
- पेट के कीड़े मारता है
- टॉक्सिन निकालता है
- खांसी में कारगर
- पीरियड्स के दर्द से राहत
- हाइपरटेंशन से राहत
- वात-कफ दोष में संतुलन लाता है

## अजवाइन का पहला उपयोग

- बंद नाक, साइनस, कोल्ड-फ्लू के लिए अजवाइन की भाप ले सकते हैं।
- अजवाइन की कुछ पत्तियां, 1 चम्मच अजवाइन के बीज का तेल उबलते पानी में डालें।
- फिर सिर पर तौलिया रखकर इसकी भाप लें।
- दिन में 2 से 3 बार स्टीम लें।
- इससे फेफड़े खुल जाते हैं और सूजन कम होती है।

## अजवाइन का दूसरा इस्तेमाल

- पेट की समस्या, ब्लोटिंग, भारीपन, कमजोर पाचन में इसका काढ़ा पीएं।
- 1 चम्मच अजवाइन के बीज लें।
- इसे 1 गिलास पानी में डालकर उबाल लें।
- फिर इस मिक्सचर को छानकर घूंट-घूंट करके पीएं।
- लेकिन इसे रोजाना ना करें और दिक्कत होने पर ही पीएं।



# मोल्ड टॉक्सिसिटी क्या है? जानें सेहत के लिए यह कैसे है खतरनाक

**घरों में नमी के कारण दीवार पर फंगस जमा हो जाते हैं, इसके कारण होने वाली समस्याओं को मोल्ड टॉक्सिसिटी कहते हैं।**

हाइजीन की कमी, बैक्टीरिया और फंगस की वजह से शरीर बीमारियों की चपेट में आ सकता है। घरों में सफाई न होने, नमी या सीलन बनी रहने के कारण भी आप फंगस के संपर्क में या सकते हैं। इसकी वजह से कई गंभीर समस्याओं का खतरा भी रहता है। अक्सर घर के किचन, बाथरूम, सिंक आदि के पास दीवार में नमी हो जाती है। इसकी वजह से दीवार पर सफेद या गहरे रंग के झाग जैसे फाहे जम जाते हैं। यह एक तरह का नुकसानदायक कवक और बैक्टीरिया होता है, जिसकी वजह से गंभीर समस्याओं का खतरा रहता है। इसी को मोल्ड टॉक्सिसिटी कहते हैं।

## मोल्ड टॉक्सिसिटी के लक्षण

मोल्ड एक प्रकार का कवक होता है जो सतहों पर विकसित होता है, जैसे कि फसल, कागज, दीवार या जमीन। यह आमतौर पर गर्म और आर्द्र के कारण होता है और इसकी वजह से कई गंभीर नुकसान हो सकते हैं। मोल्ड के संपर्क में आने से कई तरह की एलर्जी और इन्फेक्शन का खतरा रहता है। इसकी वजह से नाक, कान और गले में गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। मोल्ड टॉक्सिसिटी के कुछ प्रमुख लक्षण इस तरह से हैं-

### सांस लेने में दिक्कत

यह एक सामान्य लक्षण है जो मोल्ड टॉक्सिसिटी होने पर दिखता है। व्यक्ति को आसानी से सांस लेने में कठिनाई हो सकती है और सांस लेने के दौरान गले में खराश या कफ भी हो सकता है।

### नाक से जुड़ी दिक्कतें

जलवायु और वायरल संक्रमण की तरह, मोल्ड टॉक्सिसिटी होने पर भी नायक से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। इसमें नाक में खुजली, जलन, और बंद नाक शामिल हो सकते हैं।

### स्किन से जुड़ी समस्याएं

मोल्ड टॉक्सिसिटी के कारण व्यक्ति को स्किन पर छाले, चकत्ते, खुजली, दानें आदि हो सकते हैं।

### पेट से जुड़ी समस्या

मोल्ड टॉक्सिसिटी के कारण पेट में दर्द, अपच और बदहजमी जैसी समस्याओं का खतरा भी रहता है।

## रिस्क फैक्टर

मोल्ड टॉक्सिसिटी के कारण मरीज को इन गंभीर खतरों का सामना करना पड़ सकता है-

### एलर्जिक रिएक्शन

बहुत से लोग मोल्ड टॉक्सिसिटी होने पर एलर्जिक रिएक्शन का सामना कर सकते हैं, जो नाक, गला, और आंतरिक सिस्टम में खराबी का कारण बनता है।

### अस्थमा

मोल्ड टॉक्सिसिटी वाले व्यक्तियों में अस्थमा का खतरा बढ़ सकता है, जिसमें सांस लेने में कठिनाई और सांस लेने की क्षमता में कमी होती है।

### फेफड़ों से जुड़ी समस्या

मोल्ड टॉक्सिसिटी अगर लंबे समय तक बनी रहती है, तो इसकी वजह से फेफड़ों से जुड़ी गंभीर समस्याओं का खतरा रहता है।

### मानसिक समस्याएं

लंबे समय तक के मोल्ड एक्सपोजर के बाद, व्यक्ति में चिंता, डिप्रेशन, या अन्य मानसिक समस्याएं भी हो सकती हैं।



## मोल्ड टॉक्सिसिटी से बचाव

मोल्ड टॉक्सिसिटी से बचाव के लिए आपको इन चीजों का ध्यान रखना चाहिए-

- घर में साफ-सफाई रखें
- सीलन वाली जगहों का विशेष ध्यान दें
- नमी दूर करने के लिए धूप और हवा आने की व्यवस्था करें
- नियमित रूप से दीवारों और घर की सफाई करें

मोल्ड टॉक्सिसिटी से बचने के लिए हाइजीन का ध्यान रखना चाहिए। साफ-सफाई और नमी को दूर करने से आप मोल्ड टॉक्सिसिटी का शिकार होने से बच सकते हैं। मोल्ड टॉक्सिसिटी के लक्षणों को नजरअंदाज करने के बजाय डॉक्टर से संपर्क करें।





# क्या गर्मियों में काली मिर्च का पानी पी सकते हैं?

**अधिकतर भारतीय घरों में काली मिर्च का उपयोग मसाले के रूप में किया जाता है। काली मिर्च खाने को स्वादिष्ट और पौष्टिक बनाती है। इसके अलावा, काली मिर्च का उपयोग लोग काढ़े के लिए भी करते हैं। आपको बता दें कि काली मिर्च की तासीर बेहद गर्म होती है। इसलिए अधिकतर लोग गर्मियों में काली मिर्च का अधिक मात्रा में सेवन करने से परहेज करते हैं। क्या गर्मियों में काली मिर्च का पानी पी सकते हैं?**


काली मिर्च की तासीर बेहद गर्म होती है। इसलिए आपको काली मिर्च का पानी पीने से बचना चाहिए। वैसे तो किसी भी मौसम में काली मिर्च का पानी नहीं पीना चाहिए। लेकिन गर्मियों में तो काली मिर्च के पानी से पूरी तरह परहेज करना चाहिए। गर्मियों में काली मिर्च का पानी पीने से शरीर में गर्मी बढ़ सकती है। यह कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का कारण भी बन सकता है। यानी काली मिर्च का पानी सेहत के लिए बेहद नुकसानदायक होता है। इसका सीधे तौर पर सेवन करने से बचना चाहिए।


## गर्मियों में काली मिर्च का सेवन कैसे करें?

गर्मियों में काली मिर्च का सेवन सीधे तौर पर या अधिक मात्रा में बिल्कुल नहीं करना चाहिए। आप काली मिर्च के पाउडर को किसी पेय पदार्थ के साथ ले सकते हैं। आपको बता दें कि आप काली मिर्च को खीरा, पुदीना, नींबू या सत्तू के पानी के साथ मिलाकर ले सकते हैं। इसके लिए आप काली मिर्च का पाउडर बनाएं। इसे पेय पदार्थ में मिक्स करें और पी लें। इस तरह से काली मिर्च का सेवन करने से शरीर को कोई नुकसान नहीं पहुंचता है। इससे शरीर को एनर्जी मिलेगी और गर्मी भी नहीं बढ़ेगी।

## गर्मियों में काली मिर्च खाने के नुकसान

- गर्मियों में काली मिर्च का सेवन करने से पेट में गर्मी बढ़ सकती है।
- काली मिर्च पेट में जलन या दर्द का कारण बन सकती है।
- इसके अलावा, अगर गर्मियों में काली मिर्च का सेवन किया जाए, तो इससे एसिडिटी या सीने में जलन भी हो सकती है।
- काली मिर्च का अधिक मात्रा में सेवन करने से त्वचा पर मुंहासे निकल सकते हैं।
- इससे त्वचा पर खुजली और रेडनेस की समस्या भी हो सकती है।
- आपको भी गर्मियों में काली मिर्च का सेवन सीधे तौर पर नहीं करना चाहिए। आप किसी पेय पदार्थ के साथ काली मिर्च का पाउडर ले सकते हैं।







**कोलेस्ट्रॉल एक तेजी से बढ़ती समस्या बनता जा रहा है। यह खून में जमा होने वाला एक चिपचिपा पदार्थ होता है, जिसका लेवल बढ़ने से खून की नसों में ब्लॉकेज आ सकती है। कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का नुकसान यह है कि यह ब्लड फ्लो को धीमा या रोक सकता है जिससे आपको हार्ट अटैक, स्ट्रोक, दिल के रोग या नसों के रोग होने का जोखिम बढ़ सकता है।**

# हार्ट अटैक, स्ट्रोक का जोखिम बढ़ाता है कोलेस्ट्रॉल

अगर बात करें कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के लक्षणों की तो कई बार इसके लक्षणों का पता नहीं चल पाता है और जब पता चलता है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। वैसे हाई कोलेस्ट्रॉल के कुछ लक्षण हैं, जो आपको अपनी आंखों में नजर आ सकते हैं। अगर आपको आंखों से जुड़ी कुछ समस्या महसूस होती है, तो आपको उनकी जांच के साथ कोलेस्ट्रॉल का भी टेस्ट कराना चाहिए।

### जलन और बेचैनी होना

यदि आपके आंखों में अक्सर जलन, खुजली या बेचैनी महसूस होती है, तो यह हाई कोलेस्ट्रॉल का एक संकेत हो सकता है। हाई कोलेस्ट्रॉल से खून में धीरे-धीरे खराब फैट की मात्रा बढ़ती है, जिससे आंखों की सतह पर जलन या खुजली का अहसास हो सकता है।

### आंखों में सूखापन रहना

हाई कोलेस्ट्रॉल की वजह से आंखों की सतह आपको कई लक्षण महसूस हो सकते हैं, जैसे आंखों में सूखापन रहना या आंखों का कमजोर होना। यह समस्याएं आंखों की सूजन, खुजली, और पानी आने के कारण हो सकती हैं।

### आंखों के पास गांठ बनना

अगर आपकी आंखों के आस-पास किसी भी स्थान पर गांठें हैं, तो यह भी हाई कोलेस्ट्रॉल के लक्षण हो सकते हैं। वास्तव में हाई कोलेस्टेरॉल से फैट से बनता है और फैट आपकी आंखों के आसपास गांठों के रूप में दिख सकता है। इनके अलावा अगर आपकी आंखों की पुतली में रंग का बदलाव या अंधापन महसूस होता है, तो यह कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का एक लक्षण है।

### कैसे कम करें कोलेस्ट्रॉल

इसके लिए आपको डाइट और एक्सरसाइज का खास ध्यान रखना चाहिए। कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए आप प्रोटीन डाइट की हेल्प ले सकते हैं। प्रोटीन से भरपूर चीजों के सेवन से आपको कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद मिल सकती है। चलिए जानते हैं अप किन-किन चीजों का सेवन करना चाहिए।

- प्रोटीन रिच फूड्स कम करेंगे बैड कोलेस्ट्रॉल
- दाल और बीन्स- मूंग दाल, तूर दाल, चना दाल, मसूर दाल
- मछली- सार्डिन मछली, मैकरेल फिश, सालमन फिश, ट्राउट फिश
- मांस- चिकन (स्किन निकालकर) और टर्की
- अंडे- अंडे का सिर्फ सफेद हिस्सा
- दही और पनीर- पनीर (लो फैट या स्किम पनीर) और ग्रीक योगर्ट (सुखा योगर्ट)
- ड्राई फ्रूट्स- काजू, बादाम
- सोया प्रोडक्ट्स- टोफू और सोया मिल्क
- अनाज और अनाजवाले उत्पाद- ओट्स, ब्राउन राइस, ब्राउन ब्रेडम किनुआ

## संक्षिप्त समाचार

### 15 साल के बेटे ने मां की खातिर कर दी पिता की हत्या

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के टिब्बा सुल्तानपुर में एक 15 साल के बेटे ने अपनी मां की खातिर गुस्से में आकर पिता की हत्या कर दी। मीडिया रिपोर्टके अनुसार उसका पिता नशे का आदी था और रोज मां के साथ मारपीट करता था। सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद पुलिस ने आरोपी बेटे अली हसन को पकड़ लिया है। अली ने बताया कि उसके पिता शराब के नशे में धुत होकर उनकी मां को गालियां देता और मारपीट करता था जिस कारण उसको ये कदम उठाना पड़ा। मुल्तान और वेहारी के बीच कस्बे में हुई इस घटना ने स्थानीय समुदाय में डर का माहौल बना हुआ है। अली के पास से हत्या का हथियार बरामद कर लिया गया और अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है। ऐसी ही एक घटना 24 अप्रैल को भी हुई थी, जिसमें बेटे ने ही अपने पिता और चाचा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। विवाद केवल एक कार को लेकर था।

### स्विस टाउन में एक व्यक्ति ने चाकू से कई राहगीरों पर किया हमला, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**जिनेवा , एजेंसी।** उत्तरी स्विस शहर जोफिंगन में अंधाधुंध चाकू से सड़क पर चल रहे लोगों पर हमले किए गए। इस दौरान घटना में कई राहगीर घायल हो गए। इस घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस ने दी है। पुलिस ने बुधवार शाम को सोशल मीडिया पर कहा कि अपराधी को दो घंटे तक एक इमारत में छिपने के बाद विशेष बलों ने उसे पकड़ लिया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने पुलिस के हवाले से बताया कि पीड़ितों को चाकू से घायल होने के बाद अस्पताल ले जाया गया है। जहां उनका इलाज जारी है। शाम को बड़े पैमाने पर पुलिस की कार्रवाई जारी रही। अधिकारियों ने लोगों को स्थानीय रेलवे स्टेशन के पास के इलाकों में जाने से बचने की सलाह दी है।

### जापान की डेंगू वैक्सीन क्यूडेंगा को डब्ल्यूएचओ ने दी मंजूरी

**टोक्यो, एजेंसी।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने जापानी कंपनी ताकेदा की डेंगू वैक्सीन क्यूडेंगा को इस्तेमाल को मंजूरी दे दी है। बुधवार को इसके संबंध में डब्ल्यूएचओ ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि अमेरिका सहित दुनिया के कई हिस्सों में डेंगू का प्रकोप तेजी से फैल रहा है। इसे ध्यान में रखकर जापानी फार्मास्युटिकल ताकेदा की बनाई गई डेंगू वैक्सीन क्यूडेंगा को मंजूरी दी गई है। डेंगू के उच्च प्रसार वाले क्षेत्रों में रहने वाले 6 से 16 वर्ष के बच्चों में इसके उपयोग की सिफारिश की गई है। इस वैक्सीन को दो खुराक में दिया जाता है और डेंगू के चार स्वरूपों के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करती है।

### अफगानिस्तान की स्थिति पर रूस के राजदूत ने की बातचीत

**काबुल, एजेंसी।** अफगानिस्तान की समग्र स्थिति पर रूस के विशेष राष्ट्रपति दूत जमीर काबुलोव ने बुधवार को वरिष्ठ भारतीय राजनयिक जेपी सिंह के साथ बातचीत की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस मुलाकात की पुष्टि की। उन्होंने कहा, भारत और रूस ने नई दिल्ली में अफगानिस्तान की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की और अफगान लोगों के कल्याण के लिए विकास सहायता प्रदान करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### निज्जर मर्डर केस में गिरफ्तार चौथे आरोपी की कोर्ट में हुई पेशी, साजिश रचने का है आरोप

**ओटावा, एजेंसी।** खालिस्तान समर्थक और भारत सरकार द्वारा आतंकी घोषित किए गए हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में कनाडाई पुलिस द्वारा गिरफ्तार चौथे आरोपी को बुधवार को अदालत में पेश किया गया। आरोपी का नाम अमनदीप सिंह है। वह भारत के रहने वाले हैं। 11 मार्च को उन्हें गिरफ्तार किया गया था। उन पर फर्स्ट डिग्री हत्या और हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है। कनाडाई मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, 21 मई को फिर उन्हें अदालत में पेश किया जाएगा। इससे पहले एडमोंटन से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। तीनों को 11 मई को एक जज के सामने पेश किया गया था। निज्जर मामले में नाम आने से पहले अमनदीप सिंह पीआरपी की हिरासत में थे। उन्हें नवंबर 2023 में नौ आरोपों में गिरफ्तार किया गया था।

# भारत चांद पर पहुंच गया, हमारे बच्चे गटर में गिरकर मर रहे, पाकिस्तानी सांसद ने दिल खोलकर की तारीफ

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
पाकिस्तान की राजनीतिक पार्टी मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) के सांसद सैयद मुस्तफा कमाल ने वहां की संसद में अपने संबोधन में देश की सरकारों को आईना दिखाया। पाकिस्तान के एक सांसद सैयद मुस्तफा कमाल ने भारत की दिल खोलकर तारीफ की है। पाकिस्तानी सांसद ने कहा कि एक तरफ खुले गटर कराची में बच्चों की जान ले रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ भारत चांद पर पहुंच गया है। पाकिस्तान की राजनीतिक पार्टी मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) के सांसद सैयद मुस्तफा कमाल ने वहां की संसद में अपने संबोधन में देश की सरकारों को आईना दिखाया।



**पाकिस्तानी सांसद ने भारत की जमकर तारीफ की:** पाकिस्तानी सांसद ने कहा कि आज जब दुनिया चांद की तरफ जा रही है, हमारे बच्चे अभी भी कराची में गटर में गिरकर मर रहे हैं। हमारे टीवी स्क्रीन पर जब हम खबरें देखते हैं कि भारत चांद पर पहुंच गया और उसके दो सेकेंड बाद ही खबर आती है कि कराची में खुले गटर में गिरकर बच्चे की मौत हो गई। एमक्यूएम नेता ने कराची में ताजा पानी की कमी का जिक्र करते हुए कहा कराची पाकिस्तान में राजस्व का इंजन है। देश में दो बंदरगाह हैं और दोनों कराची में हैं। एक तरह से यह देश का गेटवे है। 15 वर्षों से कराची को ताजा पानी नहीं मिला है, जब भी पानी आता है तो तो उसे टैंकर माफिया कब्जा लेते हैं। सैयद मुस्तफा कमाल ने एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा सिंध प्रांत में करीब 70 लाख बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं और राष्ट्रीय स्तर पर यह आंकड़ा करीब 2.6 करोड़ है। कराची, सिंध प्रांत की ही राजधानी है। मुस्तफा कमाल ने कहा हमारे यहां कुल 48 हजार स्कूल हैं, लेकिन एक रिपोर्ट बताती है कि इनमें से 11 हजार स्कूल खाली पड़े हैं। देश में 2.62 करोड़ बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे। इस बात से देश के नेताओं की नींद उड़ जानी चाहिए। सैयद मुस्तफा कमाल का यह बयान पाकिस्तान के ही एक अन्य वरिष्ठ नेता मौलाना फजलुर रहमान के उस बयान के बाद सामने आई है, जिसमें मौलाना फजलुर रहमान ने कहा था कि भारत और पाकिस्तान साथ आजाद हुए थे, लेकिन आज वे (भारत) महाशक्ति बनने का ख्वाब देख रहे हैं और हम दिवालियापन से बचने के लिए भीख मांग रहे हैं। मौलाना फजलुर रहमान ने वहां की संसद में भारत और पाकिस्तान की तुलना करते हुए कहा हम अपनी मर्जी से कानून भी नहीं बना सकते हैं। इस पार्लियामेंट के ऊपर हम सब फख्र करते हैं कि हम वीवीआईपी हो गए हैं। हिंदुस्तान और हम एक ही दिन आजाद हुए। आज वो दुनिया की सुपरपॉवर बनने का ख्वाब देख रहे हैं और हम दिवालिया होने से बचने के लिए भीख मांग रहे हैं। कौन जिम्मेदार है इसका? घूमकर बात राजनेताओं पर आती है।

गौरतलब है कि पाकिस्तान में पीएम मोदी और भारत की आर्थिक तरक्की की चर्चा अब आम होती जा रही है। हाल ही में पाकिस्तानी मूल के अमेरिकी व्यवसायी साजिद तरार ने भी पीएम मोदी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में भी मोदी की तरह का मजबूत नेता होना चाहिए। उन्होंने कहा नरेंद्र मोदी एक मजबूत नेता हैं और उन्होंने भारत को महत्वपूर्ण रूप से आगे बढ़ाया है और उनके तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने की उम्मीद है। तरार ने कहा मोदी एक असाधारण नेता हैं और वे प्राकृतिक जन्मजात नेता हैं। वे एकमात्र ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में पाकिस्तान का दौरा किया।

# पाकिस्तान में मनी सुखदेव जयंती, स्कूली किताबों में शामिल करने और डाक टिकट की मांग

**लाहौर, एजेंसी।**
पाकिस्तान अकसर भारत विभाजन से पूर्व के इतिहास को नकारता रहा है, जो साझी संस्कृति रही है। वहीं पाकिस्तान में ही एक वर्ग ऐसा है, जो भगत सिंह, महाराजा रणजीत सिंह जैसे नायकों को सम्मान देने की मांग करता रहा है। इस बीच बुधवार को लाहौर हाई कोर्ट में सुखदेव की जयंती मनाई गई, जिन्हें भगत सिंह और राजगुरु के साथ ही लाहौर की जेल में फांसी दी गई थी। यह कार्यक्रम लाहौर हाई कोर्ट के कुछ वकीलों ने आयोजित किया था, जिसमें सुखदेव को याद किया गया। इस दौरान वकीलों ने पाकिस्तान सरकार से मांग की गई कि सुखदेव को स्कूली किताबों का हिस्सा होना चाहिए। उन्हें राष्ट्रीय नायक घोषित करना चाहिए। ये सभी वकील भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन से जुड़े हैं, जिसका गठन शहीदों की याद में किया गया था। वकील बुधवार को सुखदेव की 117वीं जयंती के मौके पर लाहौर हाई कोर्ट के परिसर में जुटे और केक काटकर सुखदेव की जयंती मनाई गई। इस दौरान कुछ वकीलों ने भाषण भी दिए, जिनमें सुखदेव को याद किया गया। इस मौके पर एक प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें मांग हुई कि सुखदेव के नाम पर लाहौर में एक सड़क बननी चाहिए। इसके अलावा सुखदेव के नाम पर डाक टिकट और स्कूली किताबों में उन पर एक चैप्टर शामिल करने की भी मांग हुई। सुखदेव का जन्म 15 मई, 1907 को पंजाब के लुधियाना में हुआ था। हम लोग इन सभी स्वतंत्रता सेनानियों की जयंती और पुण्यतिथि को मनाते हैं। हमारी तो पाकिस्तान सरकार से मांग है कि इन लोगों के बलिदानों को समझा जाए और उन्हें राष्ट्रीय नायक घोषित करें। बता दें कि 23 मार्च, 1931 को भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को लाहौर में फांसी दी गई थी। आज भी भगत सिंह के नाम पर लाहौर में स्मारक है।

# इजरायल ने लेबनान में हिजबुल्लाह के गढ़ पर किया हमला

**तेल अवीव , एजेंसी।** इजरायल ने हिजबुल्लाह का गढ़ माने जाने वाले पूर्वोत्तर लेबनान के बाल्बेक में हवाई हमले किए। यह इलाका इजरायली सीमा से करीब 100 किलोमीटर दूर है। यह हवाई हमला बुधवार देर रात और गुरुवार तड़के उत्तरी इजरायल में हिजबुल्लाह के हमले के जवाब में किया गया। हालांकि, आईडीएफ ने यह नहीं बताया कि हमले में कोई हताहत हुआ या नहीं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बाल्बेक क्षेत्र के नबी चित और ब्रिटल इलाकों में कई ठिकानों को निशाना बनाया गया। इसे बाल्बेक क्षेत्र में इजरायली सेना का सबसे बड़ा हमला माना जाता है।

हिजबुल्लाह ने दावा किया था कि उसने उत्तरी इजरायल के तिबरियास में आईडीएफ बेस की ओर कामिकेज ड्रोन लॉन्च किए थे। इजरायल के रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि गोलानी जंक्शन में एक ड्रोन में विस्फोट हुआ, लेकिन इसमें कोई हताहत नहीं हुआ।

हिजबुल्लाह ने बुधवार देर रात एक बयान में कहा कि उसने इजरायल द्वारा की गई हत्याओं के बदले के रूप में इजरायल के भीतर हमला किया है। मंगलवार को दक्षिणी लेबनान में आईडीएफ ड्रोन हमले में हिजबुल्लाह के एक टॉप कमांडर हुसैन मेक्की की मौत हो गई थी।

# मोदी दुनिया के इकलौते नेता हैं जो... प्रधानमंत्री के मुरीद हुए भारतीय-अमेरिकी व्यवसायी

**वॉशिंगटन , एजेंसी।**
लोकसभा चुनाव के बीच भारतीय अमेरिकी व्यवसायी और परोपकारी के काम करने वाले बिजनेसमैन ने पीएम नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की है। बिजनेसमैन सुरेश वी शेनॉय ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था में तेजी आ रही है और देश में अवसरों की कोई कमी नहीं है।

सुरेश वी शेनॉय ने कहा कि भारतीय चुनाव में पीएम मोदी ही एक मात्र ऐसे व्यक्ति हैं, जो भविष्य की बात कर रहे हैं। वह लोगों के बीच इस बात की चर्चा कर रहे हैं कि भविष्य की तकनीक किस तरह से देश में लागू की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि विपक्ष में कोई ऐसा नेता नहीं है जो पीएम मोदी की सोच की बराबरी कर सके। उन्होंने आगे कहा कि मैं हिंदुत्व के लिहाज से यह



बात नहीं कह रहा हूं क्योंकि ये एक नैरेटिव है लेकिन पिछले 10 वर्षों में भारत ने आर्थिक मोर्चे पर काफी तरक्की की है। वे दुनिया के चौथे सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। पीएम मोदी इस बात का जिक्र करते हैं कि अब से चार साल या आठ साल बाद जीवन कैसा होगा। वह सिर्फ भारतीय नेतृत्व की नहीं, बल्कि राष्ट्रीय नेतृत्व की बात कर रहे हैं। जी20 सम्मेलन के समय दिए गए उनका संदेश एक विश्व, एक परिवार दुनिया को काफी पसंद आया।

### पीएम मोदी इकलौते नेता जो भविष्य की बात करते हैं

सुरेश वी शेनॉय ने आगे अमेरिकी राष्टपति चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम मोदी 2020, 2028 या 2032 में जीवन के बारे में बात करते हैं। किस देश के नेता भविष्य के बारे में बात करते हैं? यहां तक कि अमेरिकी राष्ट्पति चुनाव में भी सिर्फ वर्तमान की चर्चा होती



# राष्ट्रपति बनने के 9 दिन भीतर चीन पहुंचे पुतिन: जिनपिंग ने रेड कारपेट वेलकम दिया

**बीजिंग, एजेंसी।** व्लादिमीर पुतिन 5वीं बार रूस के राष्ट्रपति बनने के बाद गुरुवार को चीन पहुंचे। वे राष्ट्रपति बनने के 9 दिन के भीतर ये दौरा कर रहे हैं, वो भी ऐसे समय जब रूसी सेना ने यूक्रेन के खार्कीव शहर में घुस रही है। पुतिन 2 दिन चीन में रहेंगे। चीन पहुंचने पर राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पुतिन को रेड कारपेट वेलकम दिया। इस दौरान सोवियत ऐरा की धुन बजाई गई।

कतर के न्यूज चैनल अलजजीरा के मुताबिक, पुतिन अपनी यात्रा के दौरान चीन से यूक्रेन जंग में समर्थन जारी रखने की मांग करेंगे। वे इससे पहले अक्टूबर 2023 में चीन गए थे। रूस-यूक्रेन जंग के शुरूआती दिनों में ही पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग कह चुके हैं कि उनकी आपसी साझेदारी की कोई सीमा नहीं है। जिनपिंग ने मार्च 2023 में मॉस्को का दौरा किया था, तब उन्होंने कहा था कि ये दोनों देशों के बीच नए युग की शुरुआत है।

जिनपिंग से लंबी दूरी तक मार करने वाले ड्रोन खरीदेंगे पुतिन

जिनपिंग रूस से सस्ते दामों पर गैस आयात करने और पावर ऑफ साइबेरिया पाइपलाइन के बारे में चर्चा करेंगे। इस पाइपलाइन के जरिए रूस साइबेरिया से मंगोलिया होते हुए चीन को गैस सप्लाई करता है। वहीं, पुतिन इस यात्रा के दौरान यूक्रेन के खिलाफ आधुनिक हथियार और लंबी दूरी वाले ड्रोन की डील करने की कोशिश करेंगे। हालांकि, दोनों देशों ने ऐसी किसी भी बात से इनकार किया है।

चीनी विदेश मंत्रालय के मुताबिक, दोनों नेता द्विपक्षीय संबंधों, विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग और लोगों से जुड़े अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर बातचीत करेंगे। रूसी अधिकारियों के मुताबिक, दोनों नेता बातचीत के बाद एक संयुक्त घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर करेंगे। दोनों नेता रूस-चीन की 75 सालों की दोस्ती का जश्न मनाते हुए शाही भोज में भी शामिल होंगे।

पुतिन ने यूक्रेन जंग में मदद करने के लिए चीन की सराहना की


# दुबई में भारतीयों के पास डेढ़ लाख करोड़ की प्रॉपर्टी

**दुबई एजेंसी।**
दुनियाभर के अमीरों में दुबई में प्रॉपर्टी खरीदने का क्रेज लगातार बढ़ रहा है। भारत के 29 हजार 700 लोगों के पास दुबई में 35 हजार प्रॉपर्टीज हैं। इनकी कीमत 1.42 लाख करोड़ रुपए है। सेंटर फॉर एडवांस डिफेंस स्टडीज को मिले डेटा के आधार पर 58 देशों के 74 मीडिया हाउस ने यह रिपोर्ट तैयार की है।

रिपोर्ट को दुबई अनलॉक्ड नाम दिया गया है। इसमें 2020-22 तक दुबई में विदेशियों की संपत्ति की डीटेल साझा की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस लिस्ट सबसे ऊपर भारतीयों का नाम है। संपत्ति के मामले में दूसरे नंबर पर पाकिस्तान है। यहां के 17 हजार लोग करीब 23 हजार प्रॉपर्टीज के मालिक हैं। इनकी कुल कीमत 91.8 हजार करोड़ है।

**मुकेश अंबानी के पास दुबई में 2 हजार करोड़ की प्रॉपर्टीज:** सूची में तीसरे नंबर पर ब्रिटेन और चौथे पर सऊदी अरब के नागरिक हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के पास दुबई में 2 हजार करोड़ की संपत्ति है। वहीं लुलु ग्रुप के चेयमैन एमए यूसुफ अली और उनके परिवार के पास 585 करोड़ की प्रॉपर्टी है।

इस लिस्ट में अरबपति गौतम अडाणी के भाई का भी नाम है। इसके अलावा बॉलीवुड स्टार्स जैसे शाहरुख खान, अनिल कपूर और शिल्पा शेट्टी भी दुबई में करोड़ों की संपत्ति के मालिक हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 के आंकड़ों के हिसाब से दुबई में विदेशियों के पास कुल 160 अरब डॉलर की संपत्ति है। इनमें दुनियाभर में भ्रष्टाचार के आरोपी



राजनेता, सेलेब्रिटीज, बिजनेसमैन के अलावा ऐसे लोग भी शामिल हैं, जिन पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। आर्थिक तंगहाली से जूझ रहे पाकिस्तान में राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी से लेकर पूर्व सेना प्रमुख जनरल परवेज मुशर्रफ तक का नाम इस लिस्ट में शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च 2014 में अब्दुल गनी माजिद नाम के व्यक्ति ने दुबई का एक पेंटहाउस जरदारी को तोहफे में दिया था। इसकी कीमत तब 2.74 हजार करोड़ रुपए थी। बाद में राष्ट्रपति ने यह संपत्ति अपनी बेटी को तोहफे में दे दी। जरदारी के बेटे और पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के पास भी दुबई में प्रॉपर्टी है। उनके अलावा नवाज शरीफ के बेटे हुस्सैन नवाज शरीफ, गृह मंत्री मोहसिन नकवी, कई सांसद और विधायक भी दुबई में करोड़ों की संपत्ति के मालिक हैं। जापानी मीडिया निक्केई एशिया ने दुबई अनलॉक्ड रिपोर्ट के हवाले से बताया कि दुबई में कई आतंकी संगठन के सदस्यों के पास भी लाखों-करोड़ों की संपत्ति है। इनमें हूती विद्रोहियों और लेबनान से ऑपरेट होने वाले हिजबुल्लाह संगठन के सदस्यों का नाम शुमार है। हिजबुल्लाह संगठन के लिए मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी अली ओसीरान के पास बुर्ज खलीफा में एक प्रॉपर्टी है। वहीं ईरान के इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स भी दुबई में संपत्ति के मालिक हैं।

# नियमों का उल्लंघन किया तो होगी कानूनी कार्रवाई, चीन ने फिलीपींस को जारी की चेतावनी

**बीजिंग, एजेंसी।** फिलीपींस के कार्यकर्ताओं ने दक्षिण चीन सागर में एक विवादित चीन की ओर यात्रा शुरू कर दी। जिस कारण से चीन ने पश्चिम फिलीपींस सागर में मिशन की अनुमति देने के लिए चेतावनी जारी की है। कई सारी मछलियों को पकड़ने वाली नावों का एक बेड़ा फिलीपींस से स्कारबोरो शोल के लिए निकला है। स्कारबोरो शोल फिलीपींस के मुख्य द्वीप लूर्जान से लगभग 240 किमी पश्चिम में स्थित हैं। इस क्षेत्र पर चीन ने 2012 में जब्त कर लिया था। जबकि यह क्षेत्र फिलीपींस के अंदर है। बता दें कि कुछ समय पहले हुई एक घटना में स्कारबोलो शोल के पास चीनी तट रक्षक जहाजों से पानी की बौछार से फिलीपींस तट रक्षक जहाज को निशाना बनाया था। इससे फिलीपींस जहाज क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके अलावा एक अन्य विवादित क्षेत्र में स्कारबोरो शोल और सेकेंड थॉमस शोल के पास दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ गया। क्योंकि फिलीपींस के एक युद्धपोत को जानबूझकर खड़ा किया गया था।

# जून-सितंबर में एक मंच पर होंगे वर्तमान और पूर्व राष्ट्रपति, बाइडन की बहस की चुनौती ट्रंप ने की स्वीकार

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप के बीच जून और सितंबर में बहस के लिए आमने-सामने होने वाले हैं। दरअसल, दोनों ही नेता व्हाइट हाउस में अपने दूसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में शामिल हैं। राष्ट्रपति चुनाव से पहले ट्रंप और बाइडन दोनों ने बहस का निमंत्रण स्वीकार किया। पहली बहस 27 जून को सीएनएन और दूसरी बहस 10 सितंबर को एबीसी न्यूज की तरफ से आयोजित की गई है।



राष्ट्रपति जो बाइडन ने पुष्टि की कि उन्होंने बहस के लिए सीएनएन के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा, मुझे 27 जून को बहस के लिए सीएनएन की तरफ से निमंत्रण मिला। मैंने इसे स्वीकार कर लिया। अब ये आपके ऊपर है डोनाल्ड ट्रंप। जैसा कि आपने कहा, कभी भी, कहीं भी। एक अन्य पोस्ट में राष्ट्रपति बाइडन ने कहा, मैंने एबीसी न्यूज के निमंत्रण को भी स्वीकार कर लिया है। बहस 10 सितंबर को आयोजित की जाएगी। ट्रंप का कहना है कि वह अपने परिवहन की व्यवस्था खुद करेंगे। मैं भी अपना विमान लाऊंगा। मैं इसे अगले चार वर्षों तक रखने की योजना बना रहा हूं। एक बार फिर व्हाइट हाउस में अपने दूसरे कार्यकाल के लिए चुनाव लड़ने वाले डोनाल्ड ट्रंप ने भी निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। इस बात की घोषणा करते हुए उन्होंने बाइडन की आलोचना की और उन्हें अमेरिका के इतिहास का सबसे खराब राष्ट्रपति बताया। एक्स पर पोस्ट करते हुए पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, बाइडन के खिलाफ 27 जून को सीएनएन की बहस में शामिल होना मेरे लिए सम्मान की बात। वह अमेरिका के इतिहास का सबसे खराब राष्ट्रपति है। लोकतंत्र के लिए खतरा। मैंने 10 सितंबर को एबीसी के बहस का निमंत्रण भी स्वीकार कर लिया। डीजेटी आपका धन्यवाद। इससे पहले राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक वीडियो में अपने प्रतिद्वंद्वी को बहस के लिए चुनौती देते हुए दिखे। उन्होंने कहा, 2020 में डोनाल्ड ट्रंप मुझ से दो बहस हार गए थे। इसके बाद से उन्होंने बहस नहीं की। अब वह ऐसा दिखा रहे हैं, जैसे वह फिर से बहस करना चाहते हैं। बाइडन ने आगे कहा, खैर, मेरा दिन बनाओ दोस्त। मैं इसे दो बार भी करूंगा। इसलिए दिन चुने डोनाल्ड। मैंने सुना कि आप बुधवार को खाली हैं। बाइडन के तंज पर ट्रंप ने भी पलटवार करते हुए उन्हें सबसे खराब बहस करने वाला बताया। ट्रंप ने आगे कहा, वे (बाइडन) दो वाक्यों को एक साथ नहीं बोल सकते। वह अमेरिका के इतिहास का सबसे खटिया राष्ट्रपति है। इसी के साथ उन्होंने बाइडन पर विनाशकारी खुली सीमा नीति, उच्च कर, कमजोर विदेश नीति समेत कई अन्य मुद्दों पर घेरा।



### विराट कोहली ने संन्यास को लेकर दिया बड़ा बयान

# और कुछ दिनों तक दिखाई नहीं दूंगा...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इस बार के आईपीएल सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगुलरु के स्टार बल्लेबाज और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली काफी कमाल के फॉर्म में नजर आ रहे हैं।

वहीं बात करें आरसीबी की तो अभी भी उनकी प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें नजर आ रही हैं। इन सब के बीच विराट कोहली को लेकर एक बड़ा बयान सामने आया है। आरसीबी द्वारा एक पोडकास्ट में कोहली ने अपने करियर से जुड़े कई सवालों के जबाव दिए, जिसमें उन्होंने अपने क्रिकेट संन्यास को लेकर भी बात की। इसके साथ ही कोहली के टी20 विश्व कप की टीम में चयन को लेकर भी कई सवाल खड़े हुए थे जिसका जवाब उन्होंने दिया।

संन्यास को लेकर कोहली ने कहा, हर खिलाड़ी के जीवन में एक समय आता है जब उन्हें संन्यास लेने का फैसला करना पड़ता है, लेकिन मैं अभी उस समय पर नहीं हूं।

मैं ऐसा कुछ नहीं करना चाहता जिससे मुझे बाद में पछतावा हो। इसके बारे में मुझे पूरा भरोसा है मैं ऐसा नही करुंगा। कोहली ने आगे कहा की जब मेरा यहां पर काम पूरा हो जाएगा तो मैं चला जाउंगा और कुछ दिनों तक दिखाई नहीं दूंगा। कोहली ने कहा मैं जबतक खेलना जारी रखूंगा तब तक अपना बेस्ट देता रहूंगा।

#### आईपीएल के बारे में भी की बात

इसके अलावा, कोहली ने आईपीएल सीजन के बारे में भी बात की और कहा कि वह अपने बल्ले से प्रदर्शन कर रहे हैं और हर मैच में अपने टीम के लिए योगदान दे रहे हैं। विराट कोहली ने इस सीजन में 13 मैचों में 661 रन बनाए हैं, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 155.16 है। इसके अलावा उन्होंने ऑरेंज कैप पर भी अपना कब्जा किया है। विराट ने इस सीजन हर मैच में अपने बल्ले से विपक्षी टीम के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की है। वे टी20 विश्व कप में भारतीय टीम के लिए महत्वपूर्ण हो सकते हैं अगर उन्होंने अपनी फॉर्म को बनाए रखा।

### आईपीएल 2024

# पोंटिंग को बड़ा भाई मानते हैं इशांत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के अंतिम लीग मैच के बाद, जिसमें उन्होंने लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) के खिलाफ 19 रनों से जीत हासिल की, भारत के तेज गेंदबाज इशांत शर्मा ने डीसी के प्रमुख कोच रिकी पोंटिंग के साथ विशेष बंधन का खुलासा किया। इशांत मंगलवार की रात दिल्ली के लिए स्टार थे, जहां एक हार उनकी टीम के लिए प्लेऑफ की सभी उम्मीदें खत्म कर देती। इशांत को चार ओवरों में (3/34) की गेंदबाजी के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया, जिसमें क्विंटन डी कॉक, केएल राहुल और दीपक हुडा के तीन महत्वपूर्ण विकेट शामिल थे। इशांत ने आईपीएल द्वारा एक्स पर साझा किए गए एक वीडियो में कहा कि पोंटिंग अब कोच और खिलाड़ी नहीं हैं, वह मेरे लिए एक तरह से बड़े भाई की तरह हैं। जब भी मुझे उनकी जरूरत होती है तो वह हमेशा मौजूद रहते हैं, मैं उन्हें कभी भी फोन कर सकता हूं। मुझे लगता है कि कोच के रूप में उनका होना बहुत अच्छी बात है। अगर आपके पास कोई ऐसा है वह वास्तव में आपको नई चीजों को आजमाते रहने के लिए प्रेरित करता है और अगर आप अच्छा नहीं करते हैं तो डरो मत। 14 अंकों के साथ, दिल्ली अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है और टूर्नामेंट में अपने भाग्य का फैसला करने के लिए शेष मैचों के परिणाम का इंतजार कर रही है।

# भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने किया संन्यास का ऐलान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने गुरुवार को संन्यास लेने का ऐलान किया है। वह कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर के बाद अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कह देंगे। 39 वर्षीय स्ट्राइकर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया।

लगभग 10 मिनट के इस वीडियो में सुनील छेत्री ने अपने सफर को याद किया। सुनील छेत्री ने कहा, मैं उस फीलिंग को बयां नहीं कर सकता हूं, जब मैंने देश के लिए अपना डेब्यू मैच खेला था। जब टीम की जर्सी पहनी, तो वो एक अलग ही फीलिंग थी। डेब्यू वाले दिन को मैं कभी भी नहीं भूल सकता। अपने पिछले 19 वर्षों के सफर को याद करना शानदार था। यह मेरे कर्तव्य, दबाव और अपार खुशी का एक बहुत अच्छा संयोजन है। मैंने व्यक्तिगत रूप से कभी नहीं सोचा था कि मैं देश के लिए इतने सारे मैच खेलूंगा। मैंने अपने माता-पिता और पत्नी को सबसे पहले इस फैसले के बारे में बताया। मेरे पिता खुश थे लेकिन मेरी मां और पत्नी रोने लगी। मैंने उनसे कहा कि आप मुझे हमेशा कहते थे कि मुझे खेलते हुए देखकर आप बहुत दबाव महसूस करते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

इस स्टार स्ट्राइकर ने 12 जून 2005 को पाकिस्तान के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू किया। वह 2008 में एएफसी चैलेंज कप, 2011 और 2015 में सैफ चैंपियनशिप... 2007, 2009 और 2012 में नेहरू कप में खिताब जीतने वाली भारतीय टीमों का हिस्सा रहे हैं। साथ ही 2017 और 2018 में इंटरकांटिनेंटल कप में वो भारतीय टीम का हिस्सा रहे। इसके अलावा, छेत्री 150 मैचों में 94 के साथ सर्वाधिक अंतर्राष्ट्रीय गोल की सूची में अर्जेंटीना के स्टार लियोनेल मेसी (180 मैचों में 106) और पुर्तगाल के महान क्रिस्टियानो रोनाल्डो (205 मैचों में 128) के बाद तीसरे स्थान पर हैं।

### Shooting

## महिलाओं में अंजुम तीसरे ओलंपिक क्वालिफिकेशन ट्रायल में शीर्ष पर



**भोपाल, एजेंसी।** पुरुषों के थ्री पोजिशंस में स्वप्निल कुसाले 587 का स्कोर करके दूसरे स्थान पर रहे। अखिल श्योराण तीसरे, चैन सिंह चौथे और नीरज कुमार पांचवें स्थान पर रहे। अंजुम मुद्गिल और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने ओलंपिक चयन ट्रायल टी-3 क्वालीफिकेशन दौर में महिलाओं और पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस क्वालीफिकेशन में पहला स्थान हासिल किया।

नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग पोजिशंस में 20 शॉट के बाद अंजुम का स्कोर 600 में से 592 था । वहीं ऐश्वर्य ने 590 स्कोर किया। पांच निशानेबाजों का फाइनल बृहस्पतिवार को होगा। महिलाओं की थ्री पोजिशन में भारत की नंबर एक निशानेबाज और विश्व रिकॉर्डधारी सिफत कौर सामरा दूसरे स्थान पर रहीं। आशी चौकसी, निश्छल और श्रियांका साडंगी 585 स्कोर करके उनके बाद रहीं।

## दिल्ली हाई कोर्ट ने ओलंपिक के लिए शूटरों के चयन के एसोसिएशन की नीति पर लगाई मुहर

NATIONAL RIFLE ASSOCIATION OF INDIA

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने गुरुवार को पारित एक आदेश में पेरिस में होने वाले 2024 ओलंपिक खेलों के लिए टीम चयन की भारतीय राष्ट्रीय राइफल एसोसिएशन (एनआरएआई) की नीति को सही ठहराया। एक शूटर ने अदालत में याचिका दायर कर ओलंपिक चयन के ट्रायल में उसे शामिल नहीं करने को चुनौती दी थी। अदालत ने एनआरएआई के चयन मापदंड/नीति को सही ठहराते हुए याचिका खारिज कर दी। उच्च न्यायालय के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एनआरएआई के महासचिव के. सुल्तान सिंह ने कहा, ÷ओलंपिक गेम्स 2024 के लिए हमारी चयन नीति को निष्पक्ष, तार्किक और पारदर्शी ठहराया गया है। सभी एथलीटों को निष्पक्ष मौका दिया गया है। नीति शूटरों के क्वालीफाई करने के लिए ज्यादा समावेशी है। भारतीय शूटरों ने देश के लिए रिकॉर्ड 21 कोटा हासिल किए हैं। इस साल 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में एक देश को शूटिंग में अधिकतम 24 कोटा की सीमा है। राइफल और पिस्टल प्रतिस्पर्द्धाओं में भारत ने अधिकतम आठ-आठ कोटा हासिल कर लिया है। शॉटगन में भारत को पांच कोटा मिले हैं। भारत ने शूटिंग में अब तक एक स्वर्ण सहित चार ओलंपिक मेडल जीते हैं। इस बार इस सूची में और मेडल जुड़ने की उम्मीद है।



# विनेश फोगाट ने खेल मंत्रालय और डब्ल्यूएफआई से लगाई ये गुहार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक के लिए केवल तीन महीने बचे हैं ऐसे में स्टार पहलवान विनेश फोगाट ने खेल मंत्रालय और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से ट्रायल का स्थान और प्रारूप, इसका समय, तारीख की घोषणा करने का आग्रह किया है। महिला पहलवानों के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के विरोध प्रदर्शन में अहम रहीं विनेश ने पिछले महीने बिश्केक में 50 किग्रा ओलंपिक कोटा जीता था, लेकिन नियमों के अनुसार अंतिम टीम की घोषणा से पहले उन्हें ट्रायल से गुजरना होगा। अब तक पांच भारतीय महिलाओं ने पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई किया है और केवल एक पुरुष पहलवान अमन सहरावत को ही वैश्विक प्रतियोगिता का टिकट मिला है। विनेश ने एक्स पर लिखा, ''पेरिस ओलंपिक में केवल तीन महीने रह गये हैं, इसके बावजूद भारतीय कुश्ती महासंघ ने अभी तक आधिकारिक ट्रायल की तारीख, समय और स्थान सहित प्रारूप की घोषणा नहीं की है।'' उन्होंने कहा, ''यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि सभी महासंघों ने दिसंबर 2023 में या जनवरी 2024 में क्वालिफिकेशन और स्पष्ट प्रारूप की घोषणा कर दी थी। उन्होंने कहा, ''मैं खेल मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण, आईओए, भारतीय कुश्ती महासंघ से अनुरोध करती हूं कि वे इस मामले को प्राथमिकता दें और तुरंत आधिकारिक तौर पर ट्रायल की तारीख, समय, स्थान और सटीक प्रारूप की घोषणा करें।

### पेरिस ओलंपिक

# कुश्ती महासंघ ओलंपिक ट्रायल के पक्ष में नहीं, कोटा हासिल करने वाले पहलवानों ने किया विरोध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महासंघ ने ओलंपिक की तैयारियों के लिए कोटा हासिल करने वाले एकमात्र पुरुष पहलवान अमन (57) और पांच महिला पहलवानों विनेश (50), अंतिम पंघाल (53), अंशु मलिक (57), निशा (68) और रीतिका (76) को अगले माह हंगरी में होने वाले रैंकिंग टूर्नामेंट में भेजने का फैसला लिया है। पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने वाले पहलवानों की मांग के बाद भारतीय कुश्ती महासंघ अब ओलंपिक के ट्रायल कराने के पक्ष में नहीं है। ओलंपिक के लिए काफी कम समय को ध्यान में रखते हुए ट्रायल को टालने का मन बनाया गया है, कुश्ती महासंघ जल्द ही इसकी आधिकारिक घोषणा करेगा।

वजन कम करने से पड़ेगा तैयारी पर असर



महासंघ की चयन नीति के अनुसार ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले पहलवानों को पेरिस जाने के लिए ट्रायल से गुजरना होगा। ट्रायल के विजेता पहलवानों को ही पेरिस भेजा जाना था, लेकिन ट्रायल के लिए अब ज्यादा समय नहीं बचा है। महासंघ के एक पदाधिकारी के अनुसार पहले उन्हें ट्रायल कराना था, लेकिन ट्रायल कराने का यह सही समय नहीं है। हमारे वैसे ही काफी कम पहलवान ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किए हैं। अगर ट्रायल कराया जाता है तो पहलवानों को वजन कम करना पड़ेगा, जिसका तैयारियों पर विपरीत असर पड़ेगा। ट्रायल के बजाय पहलवानों की विदेश में तैयारियां ठीक रहेंगी।

#### पहलवान बोले वजन कम करें या तैयारी करें

विश्व क्वालिफायर में ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले एकमात्र पहलवान अमन का कहना है कि वह इस वक्त ओलंपिक की तैयारियां करें या फिर ट्रायल के लिए वजन कम करें। वह कई बार अपना वजन कम कर चुके हैं अब ट्रायल के लिए वजन कम करना उन्हें नुकसान पहुंचाएगा।

ट्रायल कराने से ओलंपिक की तैयारियों पर फर्क पड़ेगा। एक महिला पहलवान ने नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा कि जिन्होंने कोटा हासिल किया है उन्हीं को ओलंपिक में भेजा जाना चाहिए।



### स्वर्ण पदक जीतने के बावजूद


# खुश नहीं हैं नीरज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर स्वर्ण पदक जीता लेकिन उस तरह से नहीं जैसा वह चाहते थे और उन्हें इसे स्वीकार करने में कोई झिझक भी नहीं थी। तीन साल में पहली बार भारत में प्रतिस्पर्धा करते हुए विश्व चैम्पियन भाला फेंक एथलीट ने बुधवार को फेडरेशन कप में 82.27 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता।

ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर स्वर्ण पदक जीता लेकिन उस तरह से नहीं जैसा वह चाहते थे और उन्हें इसे स्वीकार करने में कोई झिझक भी नहीं थी। तीन साल में पहली बार भारत में प्रतिस्पर्धा करते हुए विश्व चैम्पियन भाला फेंक एथलीट ने बुधवार को फेडरेशन कप में 82.27 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता। चोपड़ा ने टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन पर कहा, ÷मुझे लगा कि मैं यहां प्रतिस्पर्धा कर सकता हूं और यह अच्छी रही। हालांकि थ्रो के बारे में बात नहीं करते, यह वैसा नहीं था जैसा मैं चाहता था। दोहा डायमंड लीग में दूसरे स्थान पर रहने के बाद पहुंचे 26 वर्षीय सुपरस्टार तीन दौर के बाद दूसरे स्थान पर रहे। उन्होंने आगे कहा, प्रतियोगिता काफी अच्छी थी और मौसम भी गर्म था। शुरू से ही मैं सोच रहा था कि अगर मुझे अच्छा लगेगा तो मैं उसी के अनुसार प्रयास करूंगा। मैं दोहा में खेलने के बाद यहां आया था और उबरने के लिए ज्यादा समय नहीं था और यात्रा भी करनी थी। और मैं इतना अच्छा भी महसूस नहीं हो रहा था।

चोपड़ा ने कहा, मैंने इसके अनुसार ही अपने प्रयास किये और केवल चार थ्रो ही किये क्योंकि मुझे चेक गणराज्य के ओस्ट्रावा में गोल्डन स्पाइक प्रतियोगिता में 28 मई को प्रतिस्पर्धा करनी है।

# एआईएफएफ विकास समिति ने आयोजित की वर्चुअल बैठक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ(एआईएफएफ) की विकास समिति ने बुधवार को एक वर्चुअल बैठक की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एआईएफएफ की कार्यकारी समिति के सदस्य अविजीत पॉल ने की।

ार्यक्रम में एआईएफएफ के कार्यवाहक महासचिव, एम सत्यनारायण के साथ-साथ क्लिफ नोंग्रम, ताकुम किपा और डॉ. सोनम टी. एथेनपा भी उपस्थित थे, ताकि एआईएफएफ द्वारा प्रदान किए गए 2024/25 वित्तीय वर्ष में धन के उपयोग के लिए दिशानिर्देश तय किए जा सकें। पॉल ने कहा कि यह एआईएफएफ में 2024-25 वित्तीय वर्ष की पहली विकास समिति की बैठक है। जब से विकास समिति का गठन हुआ है, तब से राज्य और एआईएफएफ देश भर में खेल के विकास के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। एआईएफएफ की मदद से राज्य पूरे साल खेल की गतिविधियों को बढ़ाने में सफल रहे हैं। हमें उम्मीद है कि इस बार भी हम इसी तरह आगे बढ़ते रहेंगे।

बैठक में समिति ने इस तथ्य को संबोधित किया कि प्रत्येक राज्य को अगले वर्ष के लिए कम से कम चार टूर्नामेंटों की मेजबानी करनी होगी, जिसमें से प्रत्येक को जूनियर लड़कों और लड़कियों के लिए आयोजित किया जाएगा ताकि दी जा रही धनराशि का उचित उपयोग किया जा सके। कार्यवाहक महासचिव ने कहा कि एआईएफएफ ने इस तथ्य पर भी जोर दिया कि सभी आयोजनों के लिए प्रतिस्पर्धा प्रबंधन प्रणाली (सीएमएस) का उपयोग अनिवार्य है।

यह भी कहा गया है कि विकासात्मक निधि के सुचारु उपयोग के लिए नियमों का एक नया सेट बनाया जाना चाहिए और अनुमोदन के लिए कार्यकारी समिति को प्रस्तुत किया जाना चाहिए। राज्य भारतीय फुटबॉल की रीढ़ हैं। राज्यों को एआईएफएफ से आवश्यक समर्थन प्रदान करने की नीति ने खेल को आगे बढ़ाने में काफी प्रभाव डाला है।

## संक्षिप्त समाचार

### महंगाई ने लोगों का जीना हराम कर दिया: जलेश्वर

**धनबाद, एजेंसी।** प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। केंदुआ में जनसंपर्क सह चुनावी सभा हुई। सभा में जलेश्वर महतो ने कहा कि 10 वर्षों में महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। महंगाई ने लोगों का जीना हराम कर दिया है। उन्होंने कहा कि महंगाई पर कांग्रेस ही रोक लगा सकती है, इसलिए कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी बनाकर राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करें। मौके पर सुंदर यादव, राजकुमार महतो, असलम मंसूरी, मोहन महतो, रामगोपाल भुवानिया, लक्ष्मण तिवारी, अवधेश पासवान, संजय जायसवाल, श्रीराम चौरसिया सहित अन्य मौजूद थे।

### हिमंता बिस्व को भ्रष्टाचार पर बोलने का हक नहीं- झामुमो

**धनबाद, एजेंसी।** झामुमो के जिला प्रवक्ता समीर रवानी ने बयान जारी कर असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा के बयान पर कहा कि उन्हें भ्रष्टाचार पर बोलने का नैतिक हक नहीं है। खुद भ्रष्टाचार का आरोप झेल रहे हिमंता बिस्व सरमा झारखंड में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठा रहे हैं। हिमंता बिस्व पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा तो वे भाजपा में शामिल हो गए और दागमुक्त हो गए। रवानी ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो पर दर्जनों मामले चल रहे हैं, ऐसे प्रत्याशी के लिए वे वोट मांगने आए हैं। धनबाद की जनता चुनाव में इसका जवाब देगी।

### भगवती जागरण का हुआ आयोजन

**सिजुआ, एजेंसी।** वेस्ट मोदीडीह काली मंदिर के समीप आयोजित मां बगलामुखी पूजा महोत्सव के अवसर पर मंगलवार की रात भगवती जागरण का आयोजन किया गया। चंदन स्टार जागरण मंडली ग्रुप रामगढ़ के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किया। कलाकारों ने गजानंद अस जाओ भजनों के साथ निमिया की डाली मैया, लहर लहर लहराय हो मेरी मां की चुनरिया, चलो बुलावा आया है मेरी माता ने बुलाया है आदि भजनों की प्रस्तुति किया गया। गायक चंदन कुमार व सीटू कुमार ने कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना के साथ किया। उसके बाद गायिका प्रिया कुमारी ने कई भक्ति गीत प्रस्तुत किए जिस पर श्रोता रात भर झूमते रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शैलेंद्रानंद तीर्थनाथ, सहदेव महतो, संतोष सिंह, जयराम विश्वास, बलराम शर्मा, मिथलेश पाण्डेय आदि सक्रिय थे।

### जमशेदपुर में मालती का अंतिम संस्कार

**जमशेदपुर, एजेंसी।** चांडिल के चिलगू में 10 मई रात हुई सड़क दुर्घटना में घायल विमला लोहार की रिम्स में मौत होने के बाद रांची में ही पोस्टमार्टम कराया गया। उसके बाद गुरुवार को उसका शव जमशेदपुर लाया गया और यहां अंतिम संस्कार कर दिया गया। दुर्घटना के बाद उसे एमजीएम से रिम्स रेफर किया गया था। 10 मई के दोपहर सभी बर्मामाइंस निवासी विनोद के ऑटो से भादूडीह विवाह समारोह में गए थे। वहां से लौट रहे थे तभी हादसा हो गया। ऑटो में बिरसानगर जोन नम्बर-7 निवासी पवन लोहार, उसकी पत्नी विमला लोहार उसके दो जुड़वां बेटे डोलू और गोलू के अलावा पारडीह से पूजा लोहार, सारथी लोहार, नंदनी लोहार, प्रमिला देवी, भाई गुरुआ लोहार, मेनका लोहार, शिवा, शीतल सवार थे। सभी दुर्घटना में घायल हो गए थे, जिसमें विमला की स्थिति गंभीर होने पर उसे रिम्स रेफर किया गया था।

### यंग इंडियंस जमशेदपुर चैप्टर के की ओर से टीनोवेट ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन



**जमशेदपुर, एजेंसी।** यंग इंडियंस जमशेदपुर चैप्टर के उद्यमिता वर्टिकल ने नवाचार वर्टिकल के साथ मिलकर सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स में टीनोवेट - उद्यमिता मानसिकता और जेनएआई शीर्षक से दो दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम में जमशेदपुर के विभिन्न स्कूलों के थलिर (स्कूल) छात्रों से 150 से अधिक छात्रों ने भाग लिया।शिविर का पहला दिन उद्यमिता वर्टिकल के सह-अध्यक्ष विवेक देबुका द्वारा संचालित किया गया। उन्होंने छात्रों को कहानी कहने के माध्यम से उद्यमिता की अवधारणाओं से परिचित कराया। इस इंटरएक्टिव सत्र में छात्रों ने समूह बनाकर एक व्यापार समस्या की पहचान, एक सहानुभूति मानचित्र बनाने, समाधान खोजने और विपणन के चार पी (उत्पाद, मूल्य, स्थान, प्रचार) पर विचार-मंथन करने के लिए एक लाइव सिमुलेशन में भाग लिया।दूसरे दिन, श्रध्दा अग्रवाल ने जेनरेटिव एआई पर ध्यान केंद्रित किया। छात्रों ने टेक्स्ट जेनरेशन, इमेज जेनरेशन, इमेज टू स्पीच जेनरेशन, वीडियो जेनरेशन, और सॉन्ग जेनरेशन पर सिमुलेशन में भाग लिया, जिससे उन्हें एक व्यापक और ज्ञानवर्धक अनुभव प्राप्त हुआ। दिन का समापन सूए ऋषि अरोड़ा द्वारा प्रभावी निर्णय लेने पर एक सत्र के साथ हुआ।इन दो दिनों के दौरान, छात्रों ने वाईआई रोड सुरक्षा फरिश्ते जागरूकता कार्यक्रम, नवाचार उत्सव और पहुंच शिष्टाचार के बारे में भी सीखा। इसके अलावा, उन्होंने अपने माता-पिता को 25 मई 2024 को जमशेदपुर में मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए पत्र लिखे।

# ट्रैफिक संभालने के लिए 15 जून के बाद 600 होमगार्ड जवान तैनात करेंगे



**रांची, एजेंसी।** रांची शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए राज्य सरकार 600 होमगार्ड जवानों को सड़क पर तैनात करने का निर्णय लिया है। इस पर गृह विभाग की हरी झंडी मिल गई है। सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार और अधिवक्ता गौरव कुमार ने हाईकोर्ट में शपथ पत्र के माध्यम से बताया है कि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को संभालने के लिए 600 होमगार्ड जवानों को लगाया जाएगा।

क्योंकि रांची शहर में 900 ट्रैफिक जवान की जरूरत है, लेकिन वर्तमान में 350 ट्रैफिक पुलिस जवान रांची शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को संभाले हुए हैं। कोर्ट को बताया गया है कि अभी लोकसभा चुनाव की वजह से होमगार्ड जवान की तैनाती नहीं कर सकते हैं, लेकिन 15 जून के बाद यह नई व्यवस्था रांची शहर में लागू हो जाएगी।

**अब तक 21000 लोगों का कटा चालान :** वहीं, हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि अभी तक रांची शहर में कितने चालान कट चुके हैं। इस पर राज्य सरकार ने जनवरी से आठ मई तक की रिपोर्ट जारी करते हुए बताया है कि शहर में अभी तक ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने वाले 21 हजार लोगों के चालान काटे गए हैं। कोर्ट ने यह भी पूछा था कि रात नौ बजे के बाद सड़क पर ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने वालों पर क्या कार्रवाई की जा रही है। इस पर अधिवक्ता गौरव ने बताया कि इस पर राज्य सरकार जल्द ही निर्णय लेगी।

शहर में 1052 सीसीटीवी कैमरे वर्किंग कंडीशन में -इसके अलावा कोर्ट ने पूछा था कि रांची शहर में कितने सीसीटीवी कैमरे वर्किंग में हैं। इस पर राज्य सरकार ने बताया है कि 1052 सीसीटीवी कैमरे वर्किंग कंडीशन में हैं। इसमें कोई गड़बड़ी नहीं है। हाईकोर्ट में गुरुवार को इस मामले पर सुनवाई होगी और राज्य सरकार शपथ पत्र दायर कर कोर्ट को रांची में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में बताएगी। इससे पूर्व हाईकोर्ट ने ट्रैफिक एसपी से पूछा था कि ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए क्या किए जा रहे हैं।

**सरकार ने कहा - किसी शॉपिंग मॉल के सामने वाहन पार्क नहीं होंगे :** सरकार ने कोर्ट को बताया कि ट्रैफिक एसपी ने शहर में जितने भी शॉपिंग मॉल हैं, सबको निर्देश दिया है कि मॉल के सामने सड़क पर एक भी वाहन नहीं लगने चाहिए। साथ ही जेल चौक से लालपुर तक सड़क पर निर्माण कार्य चल रहा है। इस वजह से वहां ट्रैफिक जाम की स्थिति है। वहां ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए 15 पुलिस जवानों को लगाया गया है।

# अब नहीं चलेगी दादागिरी : दुकानों पर एमआरपी से अधिक कीमत पर नहीं बेची जाएगी शराब

**रांची, एजेंसी।** राज्य में अवैध शराब व एमआरपी से अधिक वसूली पर लगाम कसने की कवायद तेज है। उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के सचिव मुकेश कुमार ने सभी जिलों के सहायक आयुक्त उत्पाद, उत्पाद अधीक्षकों को स्पष्ट निर्देश दे दिया है कि किसी भी कीमत पर अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा है कि एमआरपी से अधिक कीमत पर शराब बिकी तो उस उत्पाद दुकान के कर्मचारी के साथ-साथ संबंधित एजेंसी पर भी कार्रवाई होगी। उत्पाद सचिव के इस निर्देश का असर दिखने लगा है।

सभी जिलों में वहां के सहायक आयुक्त उत्पाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह सूचना आम जनता में प्रसारित कर रहे हैं कि जहां भी इस तरह की अनियमितता मिले उसका विरोध करें और विभाग को इसकी सूचना दें।

इसका असर यह पड़ा है कि पहले जिस तरह खुदरा शराब दुकानदार हक व दादागिरी से एमआरपी से अधिक मांगते थे, अब ऐसा नहीं है। हालांकि, यह समस्या पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है, जिसे खत्म करने की कोशिश जारी है।

एमआरपी से अधिक कीमत पर शराब की बिक्री में विभागीय अधिकारियों-कर्मियों की संलिप्तता संदेह के घेरे में रही है। इसके लिए विभाग के कर्मियों-पदाधिकारियों की संलिप्तता उजागर होती रही है और वैसे पदाधिकारियों-कर्मियों पर विभागीय कार्यवाही के लिए कार्मिक विभाग से समन्वय किया गया है, ताकि कम समय में विभागीय कार्यवाही का संचालन पूरा हो सके। इस कार्य में भी तेजी आई है।

उत्पाद सचिव ने शराब की सभी खुदरा दुकानों में सीसीटीवी कैमरा लगाने का प्रस्ताव तैयार किया है। इतना ही नहीं, शराब की कीमत से संबंधित प्राइस लिस्ट भी बेहतर डिस्प्ले के साथ लगाने का निर्देश है, ताकि आम जनता एमआरपी से अधिक कीमत न दे सके। इसकी विधिवत तरीके से मॉनीटरिंग भी की जाएगी। जहां से शिकायत मिलेगी, वहां कार्रवाई होगी।

उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के सचिव मुकेश कुमार ने बताया कि उत्पाद सचिव बनते ही उन्होंने सबसे पहले अपने खुफिया तंत्र को विकसित किया। इसका असर यह हुआ कि बोकारो, जामताड़ा व सरायकेला में नकली शराब फैक्ट्री पकड़ी गई।सभी जिलों में टीम बनाकर छापामारी की जा रही है, उसका फालोअप भी कराया जा रहा है। रांची में सिंघानिया के विरुद्ध कार्रवाई, हजारीबाग में भी छापेमारी हुई। अवैध शराब के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी है। सूचनाएं गोपनीय रखी जाती है और प्रशासनिक सहयोग से छापेमारी की जाती है।

## गिरिडीह में जमीन विवाद में दिनदहाड़े चाकूबाजी:छह लोगों ने घेर कर एक युवक को मारा चाकू, आंते निकलीं बाहर, मौत, पुलिस जांच में जुटी

**गिरिडीह, एजेंसी।** गिरिडीह में करीब 6 लोगों ने मिलकर एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। इस चाकूबाजी के पीछे जमीन विवाद बताया जा रहा है। जिन लोगों ने चाकू मारा और जिसकी मौत हुई है, दोनों आपस में गोतिया हैं। घटना के बाद सभी आरोपी बाइक पर सवार हो कर भाग निकले।

घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। युवक के परिजनों रो-रोकर बुरा हाल है। इधर घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने जिला परिषद के पास सड़क जाम कर दिया है और आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

वहीं, पुलिस ने हत्या में शामिल चाकू भी बरामद किया है। साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छानबीन शुरू कर दी है। पूरी वारदात गिरिडीह नगर थाना क्षेत्र के नवजीवन नर्सिंग होम के पास की है।

**क्या है पूरा मामला :** जानकारी के अनुसार मृतक छोटू यादव सिहोडीह का रहने वाला था। उस पर सिहोडीह के ही रहने वाले उसके गोतिया के कुछ युवकों ने हमला कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि छोटू यादव का उसके गोतिया के साथ आम बगान स्थित जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी बीच बुधवार की सुबह करीब नौ बजे छोटू किसी मामले में कोर्ट में गवाही देकर वापस लौट रहा था।

तभी उसके गोतिया ने नवजीवन नर्सिंग होम के पास रूकवाया और पास खड़े एम्बूलेंस के पीछे ले गए और सरेआम छोटू यादव पर हमला करते हुए चाकू से एक के बाद एक कई वार किए। जिससे उसके पेट की आंत तक बाहर आ गई। युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

**पुलिस ने पकड़ने की कोशिश, पर भाग निकले आरोपी :** इस बीच पास मौजूद एक दो पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे और हमला करने वाले युवकों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन तब तक सारे आरोपी बाइक से वापस कोर्ट रोड की ओर फरार हो चुके थे। हालांकि, पूरी वारदात पास के एक दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज में भी कैद हो गई। जिसके आधार पर अब नगर थाना पुलिस सारे आरोपियों को दबोचने में जुटी हुई है।

## चुनाव की तैयारियों की समीक्षा:सीईओ बोले - अगले 3 चरण के चुनाव में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए तेज करें प्रयास



**रांची, एजेंसी।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के रवि कुमार ने मंगलवार को चुनाव कार्य में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों को कहा है कि लोकसभा चुनाव के आगामी चरण की बेहतर तैयारी करें। हरेक मतदाता तक वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप पहुंचाएं।

शहरी निकाय के मतदान केन्द्रों पर नगर निकाय के पदाधिकारियों को टैग करें और मतदाताओं के परिवारजनों को क्लब करें। बीएलओ और सुपरवाइजर घर-घर जाएं और मतदाताओं के बीच वितरण किए जा रहे वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप की मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्र जागरूकता समूह के साथ छोटी-छोटी मीटिंग कर उन्हें सक्रिय करें। शारीरिक रूप से अक्षम मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक पहुंचाने की पहल संबधी कार्य में गति लाएं। बेहतर मतदान प्रतिशत के लिए पूरी मेहनत करें। सीईओ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से नगर निकाय के पदाधिकारियों के साथ झारखंड में लोकसभा चुनाव के पांचवें, छठे व सातवें चरण में होने वाले मतदान की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

**असमर्थ वोटरों के लिए आने-जाने की सुविधा देने का निर्देश :** सीईओ ने जिलावार तैयारियों की समीक्षा की। कहा- दिव्यांग मतदाताओं को बूथ पर लाने की पूरी योजना तैयार करें। मतदान के दिन और उसके पूर्व जिंगल्स और गानों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का काम करें। रवि कुमार ने कहा कि माइकिंग के माध्यम से भी जागरूकता सुनिश्चित करें। ताकि, मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी हो। उन्होंने कहा कि वन-टू-वन वोटर कनेक्ट के माध्यम से मतदाता तक पहुंचने से वोटिंग प्रतिशत में इजाफा होगा। उन्होंने माइक्रो लेबल पर काम करने पर बल दिया। बूथ पर आने में असमर्थ मतदाताओं के लिए परिवहन की पूरी सुविधा देने का निर्देश दिया।

## एआई, हेल्थकेयर, ग्रीन एनर्जी में नए शोध व रैंकिंग सुधार पर करेंगे फोकस- निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा

**धनबाद, एजेंसी।** आईआईटी (आईएसएम), धनबाद के नए निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा ने बुधवार को पदभार संभाल लिया। कार्यवाहक निदेशक प्रो. जेके पटनायक ने उन्हें पदभार सौंपा। नए निदेशक ने प्रशासनिक भवन में सभी डीन के साथ बैठक की। संस्थान की गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं का विवरण लिया। रजिस्ट्रार प्रबोध पांडेय सहित संस्थान के अधिकारियों के साथ भी बैठक की। प्रो. मिश्रा ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), हेल्थकेयर और ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र शोध की काफी संभावनाएं हैं। उन्हें आगे बढ़ाया जाएगा।


साथ ही संस्थान की बेहतरी के लिए 100 दिनों का लक्ष्य तय कर उसके अनुसार काम किए जाएंगे। क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग, एनआईआरएफ आदि की रैंकिंग में सुधार की कोशिश होगी। शिक्षकों, कर्मियों और विद्यार्थियों के साथ मिलकर ब्रांड आईआईटी आईएसएम को वैश्विक स्तर स्थापित करने के लिए हर प्रयास करेंगे।

सिलोव सॉल्यूशंस के हैं संस्थापक, कई अवार्ड मिल चुके हैं

प्रो मिश्रा सिलोव सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक हैं। वे साइंटिस्ट अवार्ड, आईएनएसए मेडल, नेशनल मिशन इनोवेशन अवार्ड, आईएनएई उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार, इनोवेशन लीडरशिप अवार्ड (2023) आदि से नवाजे जा चुके हैं।

प्रो सुकुमार मिश्रा ने कहा कि संस्थान में माइनिंग समेत सभी 17 विभागों को बेहतर बनाया जाएगा। विदेशों से मंगाए जानेवाले उपकरणों की जगह देसी बनाने पर जोर होगा।

# शादी से पहले प्रेमिका की भरी मांग, अगले दिन फंदे पर लटकी मिली प्रेमी की लाश



**रांची, एजेंसी।** झारखंड से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। जुलाई में एक कपल की शादी होनी थी। लेकिन मंगलवार की रात प्रेमी से जबरन प्रेमिका की मांग में सिंदूर डलवा दिया गया। अगले ही दिन प्रेमी की लाश फंदे पर लटकी हुई मिली। युवक की लाश देख इलाके में सनसनी मच गई है। यह रांची के टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के राढूजरा की घटना है।

**घर से 100 मीटर दूर लटकी थी लाश :** दरअसल, युवक की शादी ग्रामीण और पंचायत प्रतिनिधियों की मौजूदगी में मंगलवार की रात उसकी ही प्रेमिका से कराई गई थी, उसकी लाश बुधवार की सुबह उसके घर से 100 मीटर की दूरी पर फंदे पर लटकी थी। युवक की पहचान परमेश्वर महतो उर्फ दिवेश कुमार के रूप में हुई है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि प्रेमिका के घरवालों ने युवक की हत्या कर शव को वहां लाकर लटका दिया।

**शादी से पहले प्रेमिका की मांग में भरा सिंदूर :** इस मामले में मृतक के भाई ने लड़की के पिता, भाई और उसके जीजा पर हत्या का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताया जा रहा है कि मंगलवार की रात प्रेमिका के घर कोयनारटोली में ही दिवेश और उसके परिजनों को बुलाया गया था। वहीं पर उसकी प्रेमिका की मांग में उससे जबरन सिंदूर डलवा दिया गया। इससे नाराज परिजन दिवेश को वहीं छोड़ लौट गए थे। पर सुबह उसकी लाश मिली। टाटीसिलवे पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

**झलड़की के पिता, भाई व जीजा पर हत्या का केस :** शव मिलने के बाद लड़के वाले भड़क गए। परिवार की महिलाओं के साथ कोयनारटोली पहुंचीं और लड़की वालों के घर में मारपीट शुरू कर दी। लड़के के भाई ने लड़की के पिता, भाई एवं जीजा पर हत्या का केस दर्ज कराया है। टाटीसिल्वे थानेदार मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**13 जुलाई को होनी थी शादी :** पुलिस के अनुसार सुबह जब दिवेश की मां और अन्य ग्रामीण मवेशी लेकर जंगल की ओर जाने लगे, तो उन्हें दिवेश फंदे से लटका मिला। इसके बाद ग्रामीणों ने मिलकर आनन-फानन में शव को फंदे से उतारा, तबतक दिवेश की मौत हो चुकी थी। परिजनों के चीख-पुकार से पूरे क्षेत्र में मातम पसर गया। परिजनों के अनुसार मंगलवार को लाली कोयनारटोली में परमेश्वर महतो उर्फ दिवेश की शादी उसी की प्रेमिका से ग्रामीणों और परिजनों ने जबरदस्ती करा दी थी। परिजनों ने आरोप लगाया है कि प्रेमिका के घरवालों ने दिवेश की हत्या कर आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को वहां लाकर लटका दिया।बताया जा रहा है कि कुछ दिनों से दोनों दिवेश व प्रेमिका के परिवार के बीच शादी को लेकर विवाद चल रहा था। दोनों का छेका भी हो चुका था और 13 जुलाई को शादी के लिए कार्ड भी छप चुके थे। दिवेश के परिजनों का कहना था कि लड़की किसी दूसरे युवक से भी बातचीत करती थी, इसलिए वे लोग शादी से सहमत नहीं थे।

# यशवंत की ट्रेन पर कांग्रेस सवार, जाएगी दिल्ली या बन जाएगी लोकल



**हजारीबाग, एजेंसी।** 15 फरवरी 2015 का दिन। मौका हजारीबाग रेलवे स्टेशन उद्घाटन का। एक की मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा। प्रधानमंत्री कहते हैं यह ट्रेन मेरे मित्र यशवंत सिन्हा की देन है। यह उनका सपना था। कहते हैं हजारीबाग में रेल शुरू होने की जो खुशी उन्हें मिली वह सब पर भारी है।

प्रधानमंत्री के यह शब्द यह बताने लिए काफी थे कि सिन्हा का कद तब भी भाजपा में कितना बड़ा था। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व में शामिल यशवंत सिन्हा के इर्द गिर्द ही हजारीबाग की राजनीति घूमती थी। 1998, 1999 और 2009 में हजारीबाग से सांसद रहे, तो राजनीति से दूर-दूर तक वास्ता नही रखने वाले अपने बेटे जयंत सिन्हा को 2014 में हजारीबाग से उतारा।

जयंत यहां 2014 व 2019 में भाजपा के टिकट पर भारी मतों से जीते। लेकिन, अब यशवंत सिन्हा के इस ट्रेन में पर कांग्रेस सवार हो गई है। आइएनडीएआइ के नेता मानते हैं कि यशवंत की रणनीति और अनुभवों के बल पर पर दिल्ली तक सफर पूरा कर लेंगे। वही बेटे जयंत सिन्हा का टिकट कटने के बाद से वे रेस हैं। आइएनडीआइए के मुख्य रणनीतिकार बन गए हैं। कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल को टिकट हासिल करने तक में उनकी भूमिका रही है। टिकट मिलने के पहले और टिकट मिलने के बाद जेपी पटेल डेमाटांड स्थित ऋषव वाटिका आवास पर जाकर उनका आशीर्वाद हासिल किया था। यह वही ऋषव वाटिका है जहां लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, वैंकया नायडू जैसे नेता पहुंचा करते थे। अब इसी वाटिका का स्वरूप बदल चुका है।जहां से कमल खिलाने की बात होती थी वहां अब इसपर पंजा मारने की बात हो रही है। गठबंधन का मानना है कि उनके व्यक्तित्व से प्रभावित होकर अगड़े वोट बैंक को साध सकेंगे। साथ ही कांग्रेस कायस्थ समाज में जयंत सिन्हा की बेदाग छवि और टिकट कटने को मुद्दा बना रही है।कांग्रेस के नेता मुन्ना सिंह उनके समर्थन में कहते हैं कि उनके कद का नेता यहां कोई नही है। वे हमारे अभिभावक हैं। उनके साथ होने से हम मजबूत हुए हैं। वही गठबंधन के प्रत्याशी जेपी पटेल वे देश का नेतृत्व कर चुके हैं। उनका आशीर्वाद से दिल्ली तक का सफर को पूरा करुंगा। इस पूरे प्रकरण में वर्तमान सांसद जयंत सिन्हा बिल्कुल मौन धारण किए हैं। अब तक एक बार भी इस पर कोई टिप्पणी नही की है। टिकट कटने के बाद से भाजपा के मंच से गायब भी है। हमेशा इंटरनेट मीडिया पर सक्रिय रहने वाले जयंत यहां भी मौन हैं। इनके मौन पर भी चुप्पी है। वही 13 मई को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की बरही में आयोजित सभा में जयंत के पुत्र और यशवंत सिन्हा के पौत्र आशीर सिन्हा का पहुंचना भी एक नया समीकरण गढ़ता दिखा है। हालांकि, आशीर भी अभी तक राजनीति से दूर रहे हैं।

जयंत सिन्हा के मीडिया प्रभारी ने द्वारा उनके किसी पार्टी में शामिल होने का खंडन जारी किया। लेकिन, इसपर भी जयंत की चुप्पी किसी और कहानी का बुनती दिख रही है। लोगों के बीच यह चर्चा है कि दादा के बाद पौत्र भी उसी राह पर हैं। वही जयंत सिन्हा की मौन भाजपा भी अब तक मौन है। एक बार भी उनका सीधा हमला नही बोला गया है। भाजपा मानती है कि यशवंत सिन्हा यहां कोई फैक्टर नही हैं। यह भाजपा का गढ़ रहा है और चुनावी राजनीति में यशवंत सिन्हा का कद भाजपा में आकर बड़ा हुआ था।लेकिन लगातार मोदी विरोध ने उनके कद को छोटा किया है।

वहीं भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष और वरिष्ठ नेता केपी शर्मा बताते हैं 1984 में उन्होंने हजारीबाग से पहली बार जनता दल से लोकसभा चुनाव लड़ा था, जिसमें उन्हें 10126 वोट आए थे। जबकि, इस चुनाव में प्रयोग करते भाजपा ने मुस्लिम उम्मीदवार तारिक हुसैन को टिकट दिया था। तब तारिक को इनसे पांच गुना अधिक वोट मिले थे।केपी शर्मा बताते हैं कि 2004 में जब इनकी तूती बोलती थी तब यह चुनाव हार गए थे। इनका राजनीति में कोई सिद्धांत नही रहा है। कभी जिले में चुनाव नही होने दिया। खुद हटे तो बेटे को टिकट दिलवाया। राज्यपाल होने के नाते द्रोपदी मुर्मू का झारखंड से भावनात्मक लगाव रहा था।

लेकिन, इन्होंने राष्ट्रपति की उम्मीदवारी नही छोड़ी। इससे यहां के लोग समझ गए कि झारखंड और हजारीबाग के लोगों से इनका लगाव नही है। वही हाल ही में प्रेस वार्ता कर लोकसभा प्रभारी शशि भूषण भगत और जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने यशवंत सिन्हा पर जमकर हमला बोला था। बताया जिस पार्टी ने उनको सबकुछ दिया वह सिर्फ अपने हित के लिए भाजपा विरोधी हो गए। कहते हैं कि यशवंत सिन्हा के जिस ट्रेन पर कांग्रेस सवार हुई है वह लोकल है। हजारीबाग से कोई ट्रेन दिल्ली तक नही जाती है।